वर्ष- 12 अंक - 83
लखनऊ, रविवार 10 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अच्छी किताबें पढ़कर उनसे अर्जित करें ज्ञान : योगी आदित्यनाथ 03

झारखंड की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है : शाह 12

## महाकुम्भ में पहली बार श्रद्धालुओं की निगहबानी करेंगी 25 हाईटेक जेट स्की

### योगी सरकार के निर्देश पर पहली बार जल पुलिस में शामिल हो रहा बेड़ा, 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार, किसी भी आपात स्थिति से निपटने में सक्षम

▸ पूरे संगम में चप्पे-चप्पे पर रहेगी छोटे जहाज की नजर

विकास तिवारी



**प्रयागराज।** महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जल, थल और नभ, हर जगह सुरक्षा के प्रबंध किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में स्नान के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने के लिए पहली बार जल पुलिस को छोटा जहाज कहे जाने वाले जेट स्की से लैस किया जा रहा है। महाकुम्भ में जल पुलिस की भूमिका हर बार की तुलना में इस बार कहीं अधिक महत्वपूर्ण होने जा रही है। देश-दुनिया से यहां आने वाले तमाम स्नानार्थियों और साधु-संतों के साथ स्नान के दौरान कोई अनहोनी न होने पाए, इसके लिए पहली बार महाकुम्भ में छोटे जहाज उतारे जा रहे हैं। ये हाईटेक जेट स्की पलक झपकते ही कहीं भी पहुंचने में सक्षम होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के चुनिंदा अफसर महाकुम्भ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे

**जरूरतमंद तक तत्काल पहुंचेगी मदद**

किला थाना की जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि महाकुम्भ में पहली बार श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हाईटेक जेट स्की उतारे जा रहे हैं। 25 हाईटेक जेट स्की की डिमांड की गई है, जो दिसम्बर तक जल पुलिस के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। पहली बार जल पुलिस के बेड़े में शामिल हो रहे ये छोटे जहाज कितनी भी दूरी पर स्नानार्थियों की मदद के लिए मिनटों में पहुंचकर उन्हें बचाने में सक्षम होंगे। सबसे खास बात यह है कि इसकी रफ्तार 70 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। यह हाईटेक जेट स्की इशारा मिलते ही जरूरतमंद तक तत्काल पहुंचने में सक्षम होगा।

**इस तरह काम करेगी जेट स्की**

जेट स्की में एक शक्तिशाली इंजन लगाया जाता है। ये पानी को अंदर खींचता है और इसी के साथ पीछे के छोर से बाहर बाहर फेंकता है। महाकुम्भ में जरूरत के हिसाब से यह काफी कारगर साबित होगा। इसमें एक साथ तीन लोग सफर कर सकते हैं। आपात स्थिति में इसका एक ड्राइवर त्वरित गति से मौके पर पहुंचकर कम से कम दो लोगों को सुरक्षित करने में सक्षम साबित होगा। 70 किलोमीटर प्रति घंटे की इसकी रफ्तार ही जल पुलिस की सबसे बड़ी मददगार साबित होगी।

## सरिया लदे ट्राला में घुसी कार तीन लोगों की मौत, दो गंभीर



समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** सरिया लदे ट्राला में पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसी। जिसमें सवार पांच युवकों में से तीन की मौके पर मौत हो गयी और दो को गंभीर अवस्था में लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को फर्रुखाबाद के जैतपुर निवासी शशांक राठौर 24, सिविल लाइन नई बस्ती के शिवम यादव 24, फतेहगढ़ जेएनबी रोड निवासी अनुज राठौर, फतेहगढ़ सेंट्रल जेल निवासी अमन उर्फ आदित्य राजपूत 22 व आवास विकास कालोनी निवासी शांतनु के साथ कार संख्या यूपी 76एएन/9878 से लखनऊ शॉपिंग करने जा रहे थे। जैसे ही आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर 289 किलोमीटर रेवरी टोल प्लाजा के पास पहुंचे, तभी आगे चल रहे सरिया से लदा ट्राला संख्या यूपी78जीटी/5792 में पीछे से कार अनियंत्रित होकर जा घुसी। कार सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। यह घटना रात्रि लगभग 12:30 की बतायी जा रही है। पुलिस को रेस्क्यू करने में लगभग तीन घंटे का समय लगा, तब जाकर शव को निकाला जा सका। मरने वालों में फर्रुखाबाद जनपद के जैतपुर निवासी शशांक राठौर, सिविल लाइन नई बस्ती के शिवम यादव, फतेहगढ़ जेएनबी रोड निवासी अनुज राठौर के नाम शामिल है। वहीं घायलों में फतेहगढ़ सेंट्रल जेल निवासी अमन उर्फ आदित्य राजपूत व आवास विकास कालोनी निवासी शांतनु जिनका उपचार लखनऊ में चल रहा है।

काकोरी पुलिस के मुताबिक हादसे के वक्त कार की रफ्तार तेज थी। सामने चल रहे ट्राला के चालक ने अपनी रफ्तार धीमी की इसी बीच हादसा हो गया। कार ट्राला के अंदर जा घुसी और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निकालने का प्रयास शुरू किया, लेकिन दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार मृतक शशांक राठौर की शादी तय हो गयी थी। जिसकी वह खरीददारी करने के लिए लखनऊ जा रहा था। बताया जा रहा है वह इकलौता पुत्र था। इसी माह उसकी बारात जानी थी। खुशियां मातम में बदल गयी।

**ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां बेटे समेत चार लोगों की मौत**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मटेरा थाना क्षेत्र पुजारीपुरवा गांव निवासी मालती देवी (70) पत्नी रामा चौहान की बहन रिसिया थाना क्षेत्र के समसा तरहर गांव में रहती है। छठ पूजा पर लालती देवी, अपने बेटे गुलाब (40) और गुलाब चौहान के बेटे आशीष (8) और आदित्य (12) के साथ छठ पूजा के लिए आई थी। छठ पूजा के बाद शनिवार सुबह सभी एक बाइक पर सवार होकर वापस घर जा रहे थे। असम रोड पर शनिवार सुबह 10 बजे रिसिया थाना क्षेत्र के गोदनी बसाही गांव के पास सरिया मिल फैक्ट्री के सामने नानपारा की ओर से आलू लादकर बलरामपुर जा रही ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई। सुबह हुए हादसे में 70 वर्षीय महिला और 12 वर्षीय किशोर आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा 40 वर्षीय युवक गुलाब और आठ वर्षीय आदित्य घायल हो गए।

विस्तृत खबर पेज-4 पर

## संक्षिप्त समाचार

**पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रेल के तीन डिब्बे पटरी से उतरे**

**कोलकाता।** एक बार फिर ट्रेन के डिरेल होने की खबर आई है। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में यह रेल हादसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक, हावड़ा के पास सिकंदराबाद-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन कोलकाता से करीब 40 किलोमीटर दूर नालपुर में पटरी से उतर गई। पटरी से उतरे तीन डिब्बों में एक पार्सल वैन भी शामिल है। अभी तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है इसकी जानकारी दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने दी है। रेलवे के मुताबिक कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। यात्रियों के लिए आगे की यात्रा के लिए करीब 10 बसों का इंतजाम किया गया। कई यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। आगे की जांच की जा रही है।

**जम्मू-कश्मीर में ठंड की दस्तक अगले सप्ताह में होगी बर्फबारी**

**जम्मू।** बीते कुछ दिनों से जम्मू-कश्मीर में मौसम शुष्क चल रहा है। सुबह-शाम लोगों को शुष्क ठंड का एहसास हो रहा है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार 9 नवम्बर को जम्मू-कश्मीर में आमतौर पर शुष्क मौसम रहेगा। विभाग ने 10 और 11 नवम्बर को कश्मीर में आमतौर पर बादल छाए रहने और उत्तर व मध्य कश्मीर के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हल्की बारिश और हल्की बर्फबारी की संभावना जताई है। इसके बाद 12 से 14 नवम्बर तक जम्मू-कश्मीर में आमतौर पर शुष्क मौसम रहेगा और 15 व 16 नवम्बर को कश्मीर के छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है। विभाग ने किसानों को कटाई जारी रखने, कटी हुई फसलों का सुरक्षित भंडारण करने और अन्य कृषि कार्य करने की सलाह दी है।

**केंद्र ने कबाड़ के निपटान से 650 करोड़ से अधिक कमाए**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हाल ही में संपन्न हुए स्वच्छता अभियान के दौरान कबाड़ के निपटान से 650 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। यह जानकारी शनिवार को एक आधिकारिक बयान में दी गई। बताया गया है कि सरकार ने 2021-24 तक चलाए गए विशेष अभियानों ने कबाड़ के निपटान से 2,364 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि विशेष अभियान 4.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान था और इसने कई बेहतरीन प्रथाओं और मील के पत्थर देखे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देशों से प्रेरित होकर स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया गया और देश के दूरस्थ भागों में 5.97 लाख से अधिक कार्यालयों को कवर किया गया।

**कांग्रेस-जेएमएम फूट डालकर करना चाहती हैं शासन : शिवराज**

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को झारखंड की चार विधानसभा सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभाओं को संबोधित किया। चौहान ने बड़कागांव से भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी, बरकट्ठा विधानसभा से अमित कुमार यादव, कांके विधानसभा से डॉ. जीतुचरण राम और रांची विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार सीपी सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

### सीएम योगी ने खैर विधानसभा में बीजेपी प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

## हर बूथ पर खिलेगा विकास का कमल

▸ सीएम ने कांग्रेस, सपा बसपा पर बारी-बारी से जमकर बोला हमला

समृद्धि न्यूज



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा उप चुनाव में बीजेपी प्रत्याशियों को जिताने के लिए सीएम योगी इन दिनों प्रचार की कमान संभाल रखी है इसकी कड़ी में जनपद अलीगढ़ की खैर विधानसभा में बीजेपी प्रत्याशी सुरेंद्र दिलेर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस, सपा, बसपा पर बारी बारी से जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) के एमडी, एमएस की 50 प्रतिशत सीट मुसलमानों को आरक्षित होती है। एससी एसटी को अरक्षण नहीं मिलता है। ऐसा नहीं चलेगा। क्योंकि यह विश्वविद्यालय सरकार के पैसे से चलता है। योगी ने कहा कि मैं आप लोगों से यह अपील करता हूं कि आप बटें थे तो कटे थे, लेकिन जब एक रहोंगे तो नेक रहेगें। इस दौरान सीएम ने बीजेपी प्रत्याशी को जिताने की लोगों से अपील की। वहीं मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, गाजियाबाद में सीएम योगी ने कल चुनावी रैली को संबांधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत तक 60,200 पुलिस भर्ती के परिणाम आने वाले हैं। पहले शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, बागपत, बुलंदशहर आदि जनपदों के नौजवान उपेक्षित होते थे, अब वे बिना भेदभाव सरकारी नौकरियों में भर्ती होते हैं। जब युवा पास होंगे तो सपाइयों के चेहरे फीके पड़ जाएंगे। पहले भर्ती में सैफई की सूची होती थी, अब मेरिट के आधार पर सूची निकलती है।

नौकरियों में 20 फीसदी बेटियां होंगी, जब सपाई छेड़छाड़ करेंगे तो बेटियां घूसा, जूता-लात मारेंगी। यूपी सरकार एशियन, कॉमनवेल्थ, ओलंपिक व विश्व चपियनशिप में पदक जीतने वालों को पैसा व नौकरी देती है। मेजर ध्यानचंद के नाम पर खेल विश्वविद्यालय बन रहा है। यूपी के खिलाड़ियों को अब यूरोप नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि वहां की सुविधा मेरठ व मुजफ्फरनगर में ही मिलेगी। योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में"एक भारत-श्रेष्ठ भारत बन रहा है तो इंडी गठबंधन देश को विभाजन की तरफ ले जा रहा है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रस्ताव को देखा है कि फिर से 370 बहाल करेंगे। आखिर इस प्रस्ताव पर कांग्रेस व सपा का मुंह क्यों बंद है। फलीस्तीन और पाकिस्तान के नाम पर आंसू बहाने वाले लोग जम्मू-कश्मीर के नाम पर चुपक्यों बैठे हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमारे आदर्श चौधरी चरण सिंह, धन सिंह कोतवाल व मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुष व शहीद जवान हैं।

**सीएम योगी आज फूलपुर में जनसभा को करेंगे संबोधित**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फुलपुर विधानसभा में 20 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए यहां रविवार को एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री हनुमानगंज के कोटवा स्थित तिलक इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी दीपक पटेल के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस जनसभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य के अलावा कई मंत्री भी शामिल हो रहे हैं। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, दयाशंकर दयालु, स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद प्रवीण पटेल, पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी एवं केशरी देवी पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, विधायक हर्षवर्धन बाजपेई, गुरु प्रसाद मौर्य के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी शामिल होंगे।

**प्रदेश की पहली डबल डेकर बस को हरी झंडी**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आकांक्षा हाट कार्यक्रम से पहले प्रदेश की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ बस में सफर भी किया और बस की खूबियों के बारे में जाना। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश की पहली डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस की सेवा शुरू होने से यातायात की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी। यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इलेक्ट्रिक होने के कारण यह बस प्रदूषण कम करने में सहायक होगी। वहीं आने वाले समय में प्रदेश के दूसरे प्रमुख शहरों में भी इसी तरह की डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि यहां पर हिंदूजा ग्रुप इलेक्ट्रिक व्हीकल का प्लांट भी स्थापित कर रहा है, जिसका प्रोडेक्शन जल्द ही शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्थानीय कला और सेल्फ हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए लगातार सरकार विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है। इसके जरिये यहां के कारीगरों को नया मंच और रोजगार के अवसर के भरपूर मौके दिए जा रहे हैं।

## एशिया के शीर्ष 100 शैक्षणिक संस्थानों में भारत के सात संस्थानों ने बनाई जगह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अकादमिक, शोध उत्कृष्टता, नवाचार, अंतरराष्ट्रीयकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के मामले में एशिया के 100 शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में सात भारतीय संस्थानों ने जगह बनायी है।

क्वाकरेल्ली सायमोंड्स (क्यूएस) की ओर से जारी की गयी क्यूएस एशिया रैंकिंग 2025 में एशिया के शीर्ष 50 शैक्षणिक संस्थानों में दो, जबकि शीर्ष 100 संस्थानों में सात भारतीय संस्थानों ने जगह बनायी है। इस सूची में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी, दिल्ली) 44वें स्थान पर है। वहीं, आईआईटी बॉम्बे 48वें स्थान पर है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार पेट्रोलियम एवं ऊर्जा अध्ययन विश्वविद्यालय (यूपीईएस), देहरादून ने भारतीय संस्थानों में सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुये 70 पायदान चढ़कर 148वें स्थान पर पहुंच गया। इस विश्वविद्यालय की रैंकिंग में सुधार 11 रैंकिंग मेट्रिक्स में से नौ (विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, प्रति पेपर उद्धरण और प्रति संकाय पेपर) में उल्लेखनीय प्रगति के कारण हुआ है। उल्लेखनीय है कि क्यूएस की रैंकिंग पूर्वी, दक्षिणी, दक्षिण-पूर्वी और मध्य एशिया के 25 देशों को कवर करने वाले 984 संस्थानों का मूल्यांकन करती है।

**क्यूएस की सूची के अनुसार आईआईटी दिल्ली (44वां), आईआईटी बॉम्बे (48वां), आईआईटी मद्रास (56), आईआईटी खड़गपुर (60), भारतीय विज्ञान संस्थान (62), आईआईटी कानपुर (67), और दिल्ली विश्वविद्यालय (81) शामिल हैं। इसके अलावा इस सूची में आईआईटी गुवाहाटी (104), आईआईटी रुड़की (108), जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (110), चंडीगढ़ विश्वविद्यालय (120), यूपीईएस (148) और वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (150) जैसे संस्थान शामिल हैं। इससे इन संस्थानों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गहराई को उजागर होती है।**

**बारामुला के सोपोर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर**

**बारामुला।** बारामुला जिले के सोपोर इलाके में शनिवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच जारी मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है। यह मुठभेड़ क्षेत्र में चलाए गए तलाशी अभियान अभियान के दौरान शुरू हुई। एक अधिकारी ने बताया कि बारामुला के रामपोरा सोपोर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष इनपुट के बाद पुलिस, सेना की 22 आरआर और सीआरपीएफ की 179 बटालियन ने एक संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया। तलाशी अभियान के दौरान क्षेत्र में छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों को पास आते देखते ही गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

## झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए कानून बनाएगी सरकार : राजनाथ सिंह

▸ रक्षा मंत्री ने खूंटी में नीलकंठ सिंह मुंडा के पक्ष में की जनसभा

एजेंसी



**खूंटी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आदिवासियों के हित की बात करने वाली कांग्रेस को इस बात का जवाब देना चाहिए कि 1951 की जनगणना के अनुसार झारखंड में अनुसूचित जनजातियों की संख्या 51 फीसदी थी। वर्तमान वह घटकर 28 प्रतिशत कैसे हो गई।


केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घुसपैठियों से जमीन वापस लेने के लिए सरकार जल्द ही नया कानून बनाएगी। राजनाथ शनिवार को खूंटी के कचहरी मैदान में खूंटी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलकंठ सिंह मुंडा के समर्थन में आयोजित जन आशीर्वाद सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी ओर भ्रष्टाचार है। झामुमो, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल की सरकार में हर ओर भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से यदि कोई लाभान्वित हो रहा है, तो वह है सरकारी अधिकारी और सत्ताधारी दल के नेता।

साथ ही कहा कि आज तक भाजपा के किसी मंत्री में भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और न नही कोई मुख्यमंत्री जेल गया। राजनाथ ने कहा कि खूंटी से भाजपा के उम्मीदवार नीलकंठ सिंह मुंडा को मैं 25 वर्षों से जानता हूं। उन्हें हर समय गरीबों के विकास की चिंता रहती है। इतनी लंबे राजनीतिक जीवन में भी अभी तक नीलकंठ सिंह मुंडा के दामन में कोई दाग नहीं लगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने सारे वादे पूरे किया।

## जम्मू-कश्मीर हमारा अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा : त्रिवेदी

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया है। भारत ने यूएन में साफ कहा है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।

यूएन में भारत की तरफ से ये बात राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी ने कही। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के झूठे प्रोपेगैंडा पर निशाना साधाते हुए कहा कि अपनी हरकतों से पड़ोसी मुल्क तथ्य नहीं बदल सकता। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने हाल ही में अपने लोकतांत्रिक और निर्वाचन के अधिकार का इस्तेमाल किया है और नई सरकार चुनी है। पाकिस्तान को अपनी झूठी बातों से बचना चाहिए क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदल जाएंगे। दरअसल, यूएन महासभा में पीसकीपिंग मिशन्स को लेकर जारी चर्चा के बीच पाकिस्तान ने एक बार फिर जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया। पाकिस्तान की तरफ से की गई टिप्पणियों के जवाब में भारत ने आरओआर (राइट ऑफ रिप्लाई) के विकल्प का इस्तेमाल किया करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने एजेंडे को अनावश्यक रूप से भटकाने की कोशिश की है।

**प्रचार**

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के अकोला में चुनावी जनसभा में कहा

## कांग्रेस अगर मजबूत हुई तो देश हो जाएगा मजबूर


एजेंसी



**मुंबई।** भाजपा के शीर्ष नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के अकोला जिले में शनिवार को चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस मजबूत हुई तो देश मजबूर हो जाएगा। इसके कई उदाहरण देश देख चुका है। इसलिए देश को मजबूत बनाए रखने के लिए भाजपा-नीत एनडीए को मजबूत बनाना जरूरी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह भलीभांति जानती है कि देश जितना कमजोर होगा, वह उतना ही मजबूत होगा लेकिन जब कांग्रेस मजबूत होगी तो देश असहाय हो जाएगा। इसी वजह से कांग्रेस ने विभिन्न जातियों में विभाजन पैदा किया है। हमारी जातियों को एक करो, अगर हमारी जातियां एक नहीं होंगी और आपस में लड़ती रहेंगी तो कांग्रेस हमारा हक छीन लेगी। मोदी ने कहा कि यह उनकी (कांग्रेस) साजिश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर का अपमान किया है। उन्हें चुनाव में पराजित किया था। डॉ. आंबेडकर को भारत रत्न तब दिया गया, जब देश में गठबंधन की सरकार थी। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में डॉ. आंबेडकर का संविधान लागू नहीं किया था। हमने जम्मू-कश्मीर में डॉ. आंबेडकर का संविधान लागू कर अनुच्छेद 370 हटाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 सालों में महाराष्ट्र ने भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। इसके पीछे महाराष्ट्र के लोगों की देशभक्ति ही मुख्य कारण है।

**पीएम मोदी आपके नहीं हैं, अंबानी के हैं : राहुल**



**धनबाद।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राहुल गांधी दो दिवसीय झारखंड दौरे पर हैं। इसी बीच शनिवार को राहुल गांधी ने धनबाद के बाघमारा में एक चुनावी रैली की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वो आपके नहीं हैं, वो उनके (अंबानी) हैं। बाघमारा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि एक बार मैने देखा कि नरेन्द्र मोदी तार के पीछे खड़े कुछ गरीब बच्चों से झिझक कर मिल रहे थे। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री किसानों, गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के पास नहीं जाते हैं। वो कभी किसी ग्रीन के यहां शादी में नहीं गए लेकिन अंबानी की शादी में चले गए। इससे साफ पता चलता है कि वो आपके नहीं है, वो उनके (अंबानी) हैं। राहुल गांधी ने कहा कि आज देश मे करीब 50 प्रतिशत ओबीसी, 14 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत दलित और 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं लेकिन देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में आपको आदिवासी या दलित वर्ग का कोई भी व्यक्ति नहीं मिलेगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज की सच्चाई यह है कि हिंदुस्तान में युवा और महिलाएं दुखी हैं। मोदी जी सिर्फ बड़े-बड़े भाषण करते हैं, करते कुछ नहीं।

# गोला में उचक्कों का बोलबाला, पुलिस के मॉर्निंग अभियान फेल

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

- कोतवाली से लगभग 50 मीटर दूरी पर उचक्कों ने छात्रा का मोबाइल छीना
- रात में खाली घर में हुई चोरी, सुबह छात्रा का मोबाइल छिना

लखीमपुर खीरी के गोला कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की सुस्त कार्य शैली के चलते उचक्कों का बोलबाला हो गया है। रात की रोशनी हो या दिन का उजाला गोला नगर वासियों को भय के साए में रहना पड़ता है। बीती रात नगर में चोरों ने बड़ी चोरी कर बड़ा हाथ साफ किया तो वही सुबह तड़के नगर के बीचो-बीच कोतवाली परिसर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर दर्जनों कैमरों की नजर में छात्रा का उचक्के मोबाइल छीन कर फरार हो गए।

बता दे 8-9 नवंबर की रात नगर के मोहल्ला कुमार टोला स्थित अशोक गुप्ता उर्फ टिल्लू के खाली मकान से चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। मोहल्ले वासियों के द्वारा जब सुबह घर का गेट खुला देखा गया तो पुलिस को सूचना दी गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक गुप्ता अपने परिवार के साथ उज्जैन दर्शन के लिए गए थे और उनके घर पर कोई नहीं रहता था चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर से काफी सामान पार कर दिया। जानकारी पाकर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर का सामान बिखरा पाया और कपड़े गहने इत्यादि के डिब्बे खली और बिखरे पड़े पाए गए। पुलिस ने बताया कि चोरी की असली कीमत ग्रह स्वामियों के आने के बाद ही तय हो पाएगी।

वही नगर में दूसरी घटना सुबह तड़के कोतवाली परिसर से लगभग 50 मीटर की दूरी पर शिवम कांप्लेक्स के पास घट गई जिसमें द्वारिका गंज बेनी प्रसाद कालोनी निवासिनी एक छात्रा कोचिंग के लिए जा रही थी तभी उसका फोन बजा और छात्रा ने बैग से जैसे ही अपना फोन निकाला, पीछे से बाइक से आ रहे तीन उचक्के छात्रा का मोबाइल लेकर भाग गए। छात्रा ने उनके पीछे काफी दूर तक तेज साइकिल चलाकर पीछा करने की कोशिश भी की लेकिन तब तक उचक्के काफी दूर निकल चुके थे।

छात्रा के द्वारा मोबाइल चोरी करने की घटना रास्ते में लगे कई सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फिलहाल पीड़ित छात्रा ने मामले की लिखित जानकारी पुलिस को दे दी है। नगर में ताबड़तोड़ चोरी और घटनाओं से नगर वासी भय के माहौल में जीने को विवश है। मामले से संबंधित जांच के लिए इंस्पेक्टर गोला चंद्र शेखर सिंह को निर्देशित

# तीन दिन से लापता 10 वर्षीय बालक का गन्ने के खेत से शव बरामद, हत्या की आशंका

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के एक गांव से बीती छः नवंबर को अपने घर से लापता हुए 10 वर्षीय बालक का शव शनिवार को गांव निवासी एक व्यक्ति के गन्ने के खेत से बरामद हुआ है। सूचना पर पहुंची धौरहरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी कफारा क्षेत्र के टेकीकुण्डा निवासी मुन्नूलाल भार्गव का 10 वर्षीय पुत्र रोहित भार्गव बुधवार की शाम को अचानक लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी



खोजबीन की गई लेकिन कहीं पता नही चल सका। शुक्रवार को गांव बाहर गन्ने के खेत में लापता रोहित के चप्पल व खून के धब्बे मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। शनिवार को रोहित का गांव के ही बच्चा लाल वर्मा के गन्ने के खेत में शव बरामद हुआ है। शव मिलने की सूचना मिलते ही सीओ धौरहरा प्रीतम पाल सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा, ईसानगर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, खमरिया थाना प्रभारी सहित चौकी प्रभारी अजय कुमार सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। और साक्ष्य जुटाते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि परिजन गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का शक जाहिर करते हुए आरोप लगा रहे है,कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।फिलहाल अभी तहरीर प्राप्त नही हुई है। घटना के सभी बिंदुओं पर जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# 54 विद्यार्थियों का दल खीरी से भुवनेश्वर रवाना, डीएम-एसपी ने दी शुभकामनाएं



- भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित पंचम नेशनल कल्चरल लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में यूपी का करेंगे प्रतिनिधित्व

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को जनपद खीरी से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एसपी गणेश प्रसाद साहा ने एडीएम संजय कुमार सिंह, डीआईओएस डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह के संग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विजयी जनपद खीरी, बहराइच, सोनभद्र एकलव्य विद्यालयों के थारू जनजाति समाज के 54 छात्र-छात्राओं के दल (बस) को शुभकामनाएं देकर भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित पंचम नेशनल कल्चरल लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में प्रतिभाग करने हेतु रवाना किया। इस विद्यार्थियों के दल में खीरी से 41, बहराइच से 12, सोनभद्र का 01 विद्यार्थी शामिल है।

उत्तर प्रदेश की प्रतिभागी टीम को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना करने से लखीमपुर खीरी जिले की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बच्चों का परिचय प्राप्त कर उनकी हौसला अफज़ाई करते हुए उत्तर प्रदेश के नाम गौरवान्वित किए जाने हेतु छात्र-छात्राओं को प्रेरणा के साथ शुभकानाएं दी। डीएम-एसपी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को फल, चॉकलेट, लंच पैकेट सहित उपहार भी भेंट किए। इसके बाद दोनों अफसरों ने बस में सवार छात्र छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

परियोजना अधिकारी एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चंदन चौकी यूके सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार) एवं जनजाति विकास विभाग (उप्र अनुसूचित जनजाति शैक्षिक एवं आर्थिक विकास समिति) के तत्वावधान में पंचम नेशनल कल्चरल, लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 के द्वितीय चरण में राज्य स्तरीय पंचम कल्चरल, लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में विजयी छात्र-छात्राओं को ÷उडीसा के भुवनेश्वर में 12 से 15 नवंबर तक ÷शिक्षा %ओ% अनुसंधान÷ में आयोजित पंचम नेशनल कल्चरल लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में प्रतिभाग करेंगे। उप्र में संचालित एकलव्य विद्यालयों में अध्ययनरत जनजाति छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत समूह नृत्य, एकल नृत्य,समूह गान, एकलगान, एकांकी, लोकनृत्य, लोकगायन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करेंगे, जिसमें एकलव्य मॉडल पंचम नेशनल कल्चरल, लिट्रेरी फेस्ट एवं कला उत्सव 2024 में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सौनहा खीरी से 25 छात्राएं तथा 16 छात्र, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बोझिया बहराइच से 10 छात्राएं तथा 02 छात्र एवं एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, पिपरखण्ड सोनभद्र से 01 छात्रा का चयन किया गया है।

इस दल में बच्चों की देखरेख एवं सुपरविजन के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सोनहा खीरी से शिक्षक दिव्या, नरेश गुप्ता, शिवानी मिश्रा, अंशुमान सिंह, एकलव्य विद्यालय बहराइच से ज्योति पांडेय, राधेश्याम मिश्रा और एकलव्य विद्यालय सोनभद्र से कल्याणी देवी दल के साथ शामिल है। इस मौके पर मुख्य रूप से पीडी एसएन चौरसिया, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम, विद्यालय की प्रधानाचार्य एवं कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती संध्या शुक्ला मौजूद रही।

# हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, रेंजर ने कार्रवाई करने की कही बात

पसगवॉ खीरी, समृद्धि न्यूज।

पसगवॉ और उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आम सहित अन्य फलदार प्रजातियों के हरे-भरे पेड़ों पर अंधाधुंध आरा चलाया जा रहा है। कई बार ग्रामीणों द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी अवैध कटान पर कोई भी कार्यवाही नहीं होती है।

वन विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। इसके बाद भी विभाग वन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस पा रहा है। इसके अलावा प्रशासन भी इस तरफ अनदेखी कर रहा है।

हर वर्ष शासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है। इस पर शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही लापरवाही बरतते हैं। इस समय तहसील क्षेत्र में फलदार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। इसके अलावा किसान भी खेतों की मेढ़ पर लगे हरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। किसान बिना अनुमति के फलदार पेड़ों को काटकर ठेकेदारों को बेच देते हैं। इससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। कुछ दिन पहले पसगवॉ कोतवाली के अंतर्गत गांव नेवादा में हरे भरे आम के पेड़ों का पूरा बाग काट दिया गया। वहीं इसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एकखरा, अवनापुर, ताजपुर गौहनिया आलम कोटा मुगल सहित दर्जनों गांव में अंधाधुंध हरे भरे आम सहित अन्य प्रजातियों के फलदार वृक्षों की अवैध कटाई जोरों से चल रही है।



उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुद्वारा थाने की बिल्डिंग के पीछे फलदार जामुन के वृक्षों को काटा गया। हिंदुओं के धर्म स्थल मनो गंगा के पास दर्जनों आम के हरे भरे वृक्ष काटे गए।

> इस संबंध में रेंजर नरेश पाल सिंह से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अधिकतर कटान परमिट द्वारा होता है अगर कहीं पर बिना परमिट के अवैध कटान हो रहा है तो कार्रवाई की जाएगी।

पेड़ काटने वालों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण इस पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। वन माफियाओं पर रोकथाम नहीं होने के कारण जहां कभी घना जंगल हुआ करता था, वहां पर अब ठूंठ ही नजर आते हैं। इस समय सागौन के अलावा आम, इमली, बबूल, जामुन, बरगद, नीम प्रजाति के पेड़ों की कटाई धड़ल्ले से जारी है। इन पेड़ों की हो रही कटाई से वन क्षेत्रों को नुकसान हो रहा है।

# स्कूल की दीवारों व छतों से उछलते कूदते बच्चे, वीडियो वायरल



तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।

तिकुनियां क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनवीरपुर के संविलियन विद्यालय में बच्चो के स्कूल की दीवारों व छतों से उतरने चढ़ने का वीडियो वायरल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो के मुताबिक बच्चे स्कूल की दीवारों व छतों पर खेल रहे हैं।

बच्चों के छत पर चढ़ने और खेलने का वीडियो क्षेत्र के किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# बकाया कर के भुगतान में विलम्ब पर लगने वाले शास्ति-जुर्माना से मिलेंगी छूट

- एकमुश्त समाधान योजना लागू
- शास्ति-जुर्माना में छूट प्राप्त करने के लिए योजना का उठाएं अधिक से अधिक लाभ : एआरटीओ

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

उप्र शासन, परिवहन अनुभाग-चार की अधिसूचना के माध्यम से व्यवसायिक वाहनों के विरूद्ध बकायाकर के भुगतान में विलम्ब पर लगने वाले शास्ति/जुर्माना से छूट प्रदान करने के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। उक्त आशय की जानकारी एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने दी।

उन्होंने जनपद के सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करते हुए कहा कि व्यवसायिक वाहनों के विरूद्ध बकाया कर के भुगतान में विलम्ब पर लगने वाली शास्ति/ जुर्माना में छूट चाहते है, तो ऐसे वाहन स्वामी अधिसूचना जारी होने की तिथि से 03 माह के भीतर जनपद के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर निर्धारित शुल्क जमा कराकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के उपरान्त बकाया कर पर लगने वाली शास्ति / जुर्माना को अदेय करते हुए बकाया कर की धनराशि एकमुश्त जमा करायी जायेगी। पंजीकरण शुल्क की धनराशि व्यवसायिक हल्के मोटर वाहन (सकल यान भार 7500 कि0ग्रा0 तक) - रू0 200 /- तथा शेष प्रवर्ग के वाहनों के लिए रू0 500/- निर्धारित की गयी है। जनपद के सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि अपनी वाहन पर संदेय कर के विलम्ब पर लगने वाली शास्ति /जुर्माना में छूट प्राप्त करने हेतु इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

## गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा शिविर का आयोजन



ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज। गोपाष्टमी के शुभ अवसर पर पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम सभा लेखपेड़ा मे पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सरस्वती प्रताप तिवारी की उपस्थिति मे शिविर की शुरुआत हुई। शिविर के दौरान पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी ईसानगर डॉ प्रदीप कुमार द्वारा पशुपालकों के पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया ग्राम सभा के पशुओं को कृमि नाशक दवा पान निशुल्क कराया गया पशुपालकों को ठंड के मौसम में पशुओं के बचाव एवं रखरखाव की जानकारी एवं दुधारू पशुओं के देखभाल हरे चारे एवं दाने के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी शिविर के दौरान पशुपालन विभाग से पशु मैत्री धर्मेंद्र कुमार ,ओम प्रकाश मौर्य रंजीत वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण पश्चात मिलेगा रोजगार, दिव्यांगजनों के खिल उठे चेहरे

ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज।

संस्था जयति भारतम एवं इनेबल इण्डिया के तत्वधान में संचालित प्रोजेक्ट के अन्तर्गत दिव्यांगजनो की उपस्थिति में शनिवार को नगर पंचायत ओयल के सभागार में ÷मार्गदर्शी÷ कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में 45 दिव्यांगजन उनके अभिभावक व स्टेकहोल्डर मे बैंक मैनेजर ग्राम प्रधान आशा कार्यकर्ता तथा समाजिक कार्यकर्ता पंकज अग्निहोत्री उपस्थित रहे।

इस मार्गदर्शी कार्यशाला का उद्देश्य 18 वर्ष से 45 वर्ष के दिव्यांगजन जिन्हे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए रोजगार की आवश्यकता है उनका चयन करना और आर0 सीटी में दस दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान कर जीविका उपार्जन हेतु आत्मनिर्भर बनाना था, इस



अवसर पर संस्था की चीफ फंक्सनरी डॉ रेनू अग्निहोत्री ने सभी दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता अनुरूप सहयोग दिलाये जाने की बात कही एवं विचार साझा किये तथा संस्था जयति भारतम संस्थान के जी एस ओ मुकेश कुमार वर्मा ने इस कार्यशाला के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा की तथा दिव्यांग जन को रोजगार में रुचि, उनकी क्षमताओं और चुनौतियों पर कुछ जानकारी साझा की और बताया कि जिले में इस प्रकार के कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर सभी दियांगजन उत्साहित थे।इस अवसर पर ओयल चेयरमैन प्रतिभा गौतम, समाजसेवी सुशांत सिंह, रंजना सिंह चौहान, राकेश सिंह सोमवंशी, अधिशासी अधिकारी ऋषिकेश वर्मा इत्यादि सम्भ्रान्त व्यक्ति उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को जागरूक कर सामान्य स्वास्थ्य की हुई जांच

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर खीरी के प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर विकास खंड क्षेत्र बेहजम खीरी लखीमपुर में स्कूल को स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को जागरूक कर उसमें प्रत्येक बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य की जांच के साथ हाइजीन किट वितरण किया गया। जैनस इनीशिएटिव्स के संस्थापक व वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ चरक हार्ट इंस्टिट्यूट लखनऊ से डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने आज प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर लखीमपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर 130 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें हाइजीन किट वितरण किया गया। प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अपने संबोधन में कहा की डॉ पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा यह एक पुनीत कार्य है इसके साथ-साथ यह भी कहा कि स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मस्तिष्क का वास होता है। इसलिए



बच्चों को स्वस्थ व स्वच्छ रखने के लिए उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता की महत्ता के बारे में सिखाना जरूरी है। जैनस इनीशिएटिव्स की तरफ से डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छता हमें स्वस्थ जीवन जीने में मदद करती है। स्वच्छता हमें अस्वच्छ जीवनशैली के कारण फैलने वाली बीमारियों, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों से दूर रखती है। जब हम स्वच्छ जीवन जीते हैं, तो हमारे लिए सक्रिय जीवनशैली बनाए रखना और फिट रहना आसान हो जाता है। नित्य स्नान करना, साफ़ कपड़े पहनना, शौच जाने के बाद हाथों को साबुन से धोना नाखून काटना आदि से काफी बीमारियां दूर रहती हैं। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका मीनू राठौर के द्वारा किया गया। शिक्षामित्र गीता मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता की आदतें विकसित करने से समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखा जा सकता है और बीमारियों से बचा जा सकता है. स्कूल के प्राचार्य ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जैनस इनीशिएटिव्स संस्था के कोऑर्डिनेटर आशीष श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा एवं अभिषेक अवस्थी का अहम योगदान रहा।

## मजदूरी का रुपया मांगने पर दबंग ने युवक को बेरहमी से पीटा

पलिया कला खीरी, समृद्धि न्यूज। जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया नगर के रहने वाले रमाकांत कश्यप पुत्र सियाराम कश्यप निवासी मोहल्ला रंगरेजान प्रथम पलिया कला खीरी को अपनी मजदूरी का पैसा ठेकेदार से मांगना महंगा पड़ गया। बताते चले कि रमाकांत कश्यप ठेकेदार आकाश गुप्ता पुत्र अजय गुप्ता निवासी मोहल्ला रंगरेजान प्रथम पलिया कलां खीरी के साथ मिलकर पेंटिंग का कार्य करता था, रमाकांत कश्यप ने अपनी 10 दिन की मजदूरी का पैसा जब उक्त ठेकेदार आकाश गुप्ता से मांगा तो उक्त ठेकेदार आग बबूला हो गया और अभद्र गलियों का प्रयोग करने लगा जब प्रार्थी रमाकांत कश्यप ने गालियां देने से मना किया और विरोध किया तब गुस्साए उक्त ठेकेदार आकाश ने लोहे के पलटे से रमाकांत कश्यप के हाथ पर वार कर दिया जिससे रमाकांत के हाथ में काफी गंभीर चोट आई जब प्रार्थी जान बचाकर किसी तरह अपने घर के अंदर घुस गया तो उक्त विपक्षी आकाश ने प्रार्थी को घर में घुसकर भी बेरहमी से पीटा, प्रार्थी किसी तरीके से अपनी जान बचा सका। प्रार्थी ने उक्त घटना के संबंध में एक लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र पलिया कोतवाली में देकर न्याय की गुहार लगाई है। पलिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर विपक्षी आकाश गुप्ता के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और आगे की कार्यवाही जुट गई है।

# विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




- विधि को लेकर छात्रों को दी महत्वपूर्ण जानकारी


ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखीमपुर खीरी के ततत्वावधान में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर चंद्रप्रभा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज खमरिया लखीमपुर खीरी में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रुति वर्मा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद न्यायालय लखीमपुर, आदित्य जायसवाल अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जनपद न्यायालय लखीमपुर, आदित्य विशाल तहसीलदार धौरहरा,थाना प्रभारी खमरिया विवेक कुमार उपाध्याय, एवं निजम शुक्ला डिप्टी चीफ एल ए डीसी लखीमपुर खीरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्वान न्यायाधीश द्वारा छात्र छात्राओं को विधिक सेवा दिवस की विशेषता व उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र श्रीवास्तव ने सभी आए हुए अधिकारियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# छप्पर में आग लगाने के मामले में एक गिरफ्तार

- आग लगने से जिंदा जल गए थे पिता-पुत्री, बेटी की हुई मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जनपद के अगैया गांव निवासी एक ग्रामीण के फूस के मकान में पड़ोसी ने आग लगा दी थी। जिसमें जलकर पिता पुत्री घायल हो गए थे। पुत्री की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने आग लगाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार दूसरे की तलाश की जा रही है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत अगैया निवासी राम फेरन चौहान पुत्र छेदी चौहान के घर में सात नवंबर को पड़ोसी राकेश चौहान और नंदलाल चौहान ने आग लगा दी थी। आग लगने से राम फेरन चौहान और बेटी पूनम (18) झुलस गई थी। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पूनम की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ में रात को इलाज के दौरान पूनम की मौत हो गई थी। अंतिम संस्कार पुलिस टीम ने करवाया। पुलिस ने आग लगाने के मामले में नंदलाल और राकेश कुमार के विरुद्ध केस दर्ज किया था। शनिवार को नंदलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार राकेश कुमार की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

# गन्ना भरे ओवरलोड ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत एक घायल

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

- शरीर के उड़े पर परखच्चे टुकड़ों में कट कर सड़क पर चिपक गया गया शरीर



मृतक, बालक राम की फाइल फोटो

लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर जा रहे बाइक सवार को गन्ना भरे ओवरलोड ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार की ट्रक के अगले हिस्से से बुरी तरह कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई। शरीर के पर परखच्चे उड़ गए शरीर सड़क पर चिपक गया। टीम सहित मौके पर पहुंचे बिजुआ पुलिस चौकी प्रभारी बृजेश सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया है। कोतवाली भीरा की ग्राम पंचायत गोविंदा पुर के मजरा कुंदनपुर निवासी बालक राम अपने छोटे भाई रामनरेश के साथ खेतों में बोने के लिए शनिवार को गेहूं का बीज लेने बिजुआ गए थे। गेहूं का बीज लेने के बाद बाइक पर दो बोरी गेहूं बीच में रखकर बिजुआ से अपने गांव कुंदनपुर पुर जा रहे थे। लखीमपुर भीरा राजमार्ग पर बिजुआ बस्तौला के मध्य मोड़ के पास पीछे से गुलरिया चीनी मिल जा रहे ओवरलोड गन्ना लगे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर गेहूं की बोरी पकड़े पीछे बैठे बालक राम वहीं गिर गए जिनके ऊपर ट्रक का अगला हिस्सा चढ़ गया जिससे बालक राम(50) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर लगने से बालक राम के शरीर के परखच्चे उड़ गए शरीर के टुकड़े सड़क पर चिपक गए पुलिस ने बमुश्किल शरीर के टुकड़े एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया। वहीं बाइक चला रहे राम नरेश के गंभीर चोटे आई हैं जिन्हें बिजुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। ट्रक चालक मौका पाकर ट्रक छोड़कर फरार हो गया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट व शैक्षिक कागजों में नाम हिना अख्तर दर्ज है जबकि मेरे पति के पासपोर्ट पर मेरा नाम हिना जमील दर्ज है जो कि गलत है। हिना अख्तर व हिना जमील पत्नी मो. जमील एक ही महिला यानी कि मैं हूं। मेरा नाम हिना अख्तर ही माना जाए।

**शपथकर्ता**
**हिना अख्तर पत्नी मो. जमील**
**निवासी--166,टिकराउस्मा, पो0 टिकराउस्मा, जिला बाराबंकी**
**उ0प्र0-225121**

# पाली भाषा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग

▶ बौद्ध विहार शांति उपवन में पालि साहित्य सम्मेलन की हुई शुरुआत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ के बौद्ध विहार शांति उपवन में पालि साहित्य सम्मेलन की शनिवार को शुरुआत हुई। सम्मेलन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक शामिल हुए।

इस अवसर पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा भगवान बुद्ध की वाणी और शिक्षा पाली भाषा में विरासत के तौर पर पूरे विश्व को मिली है। संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश और अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से सम्मेलन का 11 नवंबर तक आयोजन किया जाएगा। इसमें देशभर के 800 आचार्य, बौद्ध भिक्षु, विद्वान और बौद्ध उपासक शामिल होंगे। सम्मेलन के उद्घाटन में पहुंचे केशव प्रसाद मौर्य ने कहा- पाली भाषा हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। इस अद्भुत विरासत को सम्मानित करने का काम किया है। हमारी सरकार ने सभी धर्मों का सम्मान किया है। सबका साथ, सबका विकास का नारा धार्मिक, सांस्कृतिक तौर पर सबको एक बनाता है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को शांति का संदेश दिया। पाली सम्मेलन में सम्मिलित होकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा भगवान बुद्ध ने पूरे विश्व को मानवता और शांति का संदेश दिया है। बौद्ध शोध संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविंद बौद्ध ने बताया 9 से 11 नवम्बर तक इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव की थीम 'विश्व शांति एवं सद्भाव बढ़ाने में पालि साहित्य का योगदान रखी गई है।

## रोजगार मेले में 147 उम्मीदवारों का हुआ चयन

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के लालबाग क्षेत्रीय सेवा योजना कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में तीन प्रमुख कंपनियों वी विन, एस.आई.एस और सुजलॉन ने भाग लिया। इन कंपनियों ने कई पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया और कुल 147 उम्मीदवारों का चयन किया गया। रोजगार मेले के दौरान सहायक निदेशक (सेवा) और प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने उपस्थित अभ्यर्थियों का स्वागत किया और उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार से जोड़ना और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को सफल बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण का कड़ा रुख, अवैध निर्माण ध्वस्त

▶ बुलडोजर को रोकने के लिए निर्माणकर्ता के प्रयास असफल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) का कड़ा रुख, अवैध निर्माण को ध्वस्त कर शहर को नया रूप देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रहा है।

प्रवर्तन जोन-6 में एक बड़े व्यावसायिक मार्केट को ध्वस्त कर एलडीए ने साफ संकेत दे दिया है कि वह अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगा। बिल्डर अरमान बशीर द्वारा बनाई गई यह मार्केट एलडीए के नियमों का




खुलेआम उल्लंघन कर रही थी। एलडीए के अधिकारियों ने सीलिंग के बाद ध्वस्तीकरण के आदेश के तहत कार्रवाई की। जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक और उनकी टीम ने बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण को गिरा दिया। इस दौरान बिल्डर ने विरोध किया लेकिन एलडीए अधिकारियों ने कोई रियायत नहीं दी। बिल्डर का दावा है कि इस मामले में कोर्ट में याचिका दायर की गई है, लेकिन एलडीए ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अधिकारियों का कहना है कि उन्हें उच्च अधिकारियों के आदेश के तहत कार्रवाई करनी थी। एलडीए के इस कड़े रुख से शहर में कानून का राज कायम होगा। बिल्डरों को अब यह समझना होगा कि अवैध निर्माण करने से कोई फायदा नहीं है। एलडीए की इस कार्रवाई से शहर के विकास में बाधा डालने वालों को एक कड़ा संदेश गया है। इस कार्रवाई से शहर में अवैध निर्माण करने वालों में खलबली मच गई है। एलडीए के इस कड़े रुख से शहर के नियोजित विकास को बल मिल सकता है।

### मुख्यमंत्री योगी ने गोमती रिवर फ्रंट पार्क में आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा

# अच्छी किताबें पढ़कर उनसे अर्जित करें ज्ञान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोमती रिवर फ्रंट पार्क में आयोजित गोमती पुस्तक महोत्सव का उद्घाटन किया। यह महोत्सव नेशनल बुक ट्रस्ट और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है, जो 9 से 17 नवंबर तक चलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर बच्चों से पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को पढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर्फ पाठ्यक्रम की किताबों तक सीमित न रहें, बल्कि अच्छी किताबें पढ़ें और उनसे अच्छी बातें सीखें। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से मेले में एक-एक पुस्तक खरीदने का अनुरोध किया, ताकि उनमें पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित हो सके। मुख्यमंत्री ने डिजिटल युग के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युवा अपने 24 घंटों में से लगभग 6 घंटे स्मार्टफोन या अन्य डिजिटल डिवाइस पर व्यतीत कर रहे हैं। अगर इस समय का उपयोग किसी



▶ हमें तकनीक का उपयोग करना चाहिए, न कि उसका गुलाम बनना चाहिए : मुख्यमंत्री योगी

सार्थक कार्य में किया जाए, तो यह समाज और युवा दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक का उपयोग करना चाहिए, न कि उसके गुलाम बनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि भारत की श्रुति परंपरा का महत्व बहुत गहरा है।

नैमिषारण्य जैसे पवित्र स्थानों पर ऋषियों ने ज्ञान को लिपिबद्ध किया, जिससे यह एक तीर्थस्थल बन गया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में सुनना, मनन करना और उसे आचरण में उतारना एक परंपरा रही है। आज हमें फिर से इस परंपरा को जीवंत करना होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सौभाग्यशाली है कि यहां महर्षि वाल्मीकि और तुलसीदास जैसे महान कवि हुए। उन्होंने महाकाव्य रामचरित मानस का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे घर-घर में गाया जाता है। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता का उदाहरण देते हुए कहा कि युद्धभूमि में भी ज्ञान की सर्वश्रेष्ठ कृति रची गई थी। हमें अपनी इस महान परंपरा पर गर्व करना चाहिए और इसे संजोए रखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने नेशनल बुक ट्रस्ट की इस पहल की सराहना की और सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश के सभी 18 मंडलों में ऐसे पुस्तक मेलों का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेलों से समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचेगा और लोगों में पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमें डिजिटल डिवाइस पर बिताए जाने वाले समय को कम करके पुस्तकों के अध्ययन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारी सोच को विस्तार देती हैं और हमें समाज के प्रति जागरूक बनाती हैं। हमें अपनी नई पीढ़ी को इस दिशा में प्रेरित करना होगा। गोमती पुस्तक महोत्सव के इस तृतीय संस्करण में विभिन्न लेखकगण, समाज के सुधिजन और पुस्तक प्रेमी उपस्थित रहे।

## आकांक्षा हाट से स्थानीय उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा : योगी

**लखनऊ,समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को आकांक्षा हाट 2024 की शुरुआत की। आकांक्षा हाट 2024 उत्तर प्रदेश की आकांक्षा समिति के प्रयासों से आयोजित किया जा रहा है जो प्रदेश के सभी 75 जिलों में सक्रिय है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आयोजन राज्य में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और स्वयं सहायता समूहों को अपनी रचनात्मकता तथा उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीएम योगी ने सभी महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों की सराहना की। उन्होंने कहा, ''महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आकांक्षा समिति का यह प्रयास सराहनीय है। यह आयोजन न केवल महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा बल्कि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होगा। आकांक्षा समिति, उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों की पत्नी संघ का एक विकासशील अंग है, जो राज्य की महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। राज्य के सभी 75 जिलों में कार्यरत इस समिति का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्व-रोजगार और स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक अवसर प्रदान करना है।

## सरकारी स्कूलों को बंद करने को लेकर आप ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन चौराहे से लेकर जिला कलेक्ट्रेट तक आप कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। सरकारी स्कूलों को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने कहा कि सरकारी स्कूलों के संबंध में जो खबर आ रही है, वह बेहद अफसोसजनक है। उत्तर प्रदेश सरकार 27,000 सरकारी स्कूलों को बंद करने की तैयारी कर रही है। वंशराज दुबे ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली से लेकर यूपी तक शिक्षा की लड़ाई लड़ रही है। उत्तर प्रदेश में वर्ष 2020 तक 26,000 स्कूलों को बंद किया चुका है। अगर बंटोगे तो आपके बच्चों के 50000 सरकारी स्कूल बंद होंगे, हम बंटेंगे नहीं, बीजेपी को हटाएंगे। योगी सरकार 27000 स्कूलों को बंद करने की तैयारी कर रही है, जिसके कारण लाखों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। स्कूलों को बंद करने का फैसला सरकार की नीयत पर सवाल खड़ा करता है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह सरकार पिछड़े वर्ग के बच्चों का भविष्य बर्बाद करना चाहती है।

# घर से गायब हुए चार बच्चे गोमती नगर स्टेशन के पास से बरामद

समृद्धि न्यूज

▶ अज्ञात व्यक्ति बच्चों को बाइक में बैठाकर ले गया था

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में शनिवार दोपहर 4 बच्चे घर से गायब हो गए। परिवार में अफरातफरी मच गई। परिजनों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने खोजबीन शुरू की और कुछ दी देर बाद चारों बच्चों को गोमती नगर रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया गया। घटना गोमती नगर के विभव खंड इलाके में मंत्री आवास के पास की है। परिजनों ने पुलिस चौकी पर पहुंचकर हंगामा भी किया।

बाद में बच्चों ने बताया कि उन्हें एक अंकल ने टॉफी का लालच देकर बाइक पर बैठाया था। माना जा रहा है कि यह किसी बच्चा चोरी गैंग की करतूत है। परिजनों से मिली शिकायत के बाद पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की। परिजनों ने बताया था कि गुल्लू पुत्र आशाराम 11 साल, विष्णु पुत्र कुबेर 10 साल, ब्रह्मा पुत्र कुबेर 9 साल और अब्दुल रहमान का बेटा शफीक घर से टहलने के लिए मंत्री आवास की तरफ गए थे। वहां से एक अज्ञात व्यक्ति उन्हें बाइक में बैठाकर ले गया। हालांकि पुलिस जैसे ही एक्शन में आई, बच्चों को रेलवे लाइन के पास छोड़ दिया। सभी बच्चे गोमती नगर में सकुशल बरामद कर लिए गए हैं। किडनैप हुए एक बच्चे का कहना है कि उन्हें एक अनजान व्यक्ति बाइक पर बैठाकर लेकर गया था और रेलवे पटरी के पास छोड़ दिया। अब्दुल के पिता शफीक ने कहा- बच्चे खेल रहे थे, तभी उन्हें कोई अपने साथ लेकर चला गया। दूसरे बच्चे ने बताया कि एक अंकल हमको रेलवे पटरी (गोमती नगर रेलवे स्टेशन) पर लेकर गए थे। टॉफी दी थी। हम उनको नहीं पहचानते है। कुछ देर बाद उन्होंने हमको छोड़ दिया। बोला- तुम लोग यहां से भागो। वहीं, बच्ची रोशनी बेगम ने बताया कि मेरे भाई लोग मंत्री आवास की ओर गए थे। यहां एक अंकल ने उनको कार में बिठा लिया। इसके उनको स्टेशन की ओर ले गए। बाद में उनको छोड़ दिया। हम लोग चौकी गए। वहां शिकायत की। थाना प्रभारी विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने कहा- बच्चे लिफ्ट मांग कर खेलने गए थे। उसके बाद घर वापस आ गए। उन्होंने बताया कि बच्चों को अगवा नहीं किया गया था।

## खबरें एक नजर में

### 10 सूत्री मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में विशेष शिक्षकों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। हजरतगंज स्थित कर्मचारी प्रेरणा स्थल पर 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए शिक्षकों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। ये शिक्षक दिव्यांग बच्चों को पढ़ाते हैं।उत्तर प्रदेश विशेष शिक्षक संगठन के अध्यक्ष अनुज कुमार शुक्ला ने कहा लंबे समय से हम लोग अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। मगर सुनवाई नहीं हो रही है। अनुज कुमार शुक्ला ने बताया पूरे उत्तर प्रदेश में 2500 विशेष शिक्षक है। वर्ष 2005 में सर्व शिक्षा अभियान के तहत भर्ती हुई थी। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देना कठिन काम है। शुक्ला ने कहा ऐसे में सरकार की विशेष शिक्षकों के प्रति जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। विगत 19 सालों से लगातार सरकार हमें नजरअंदाज कर रही है। आज पूरे प्रदेश के विशेष शिक्षक यहां एकत्रित हुए हैं। 10 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। अनुज शुक्ला ने कहा हमारी मांग है कि सभी शिक्षकों को पूर्ण रूप से विनियमित करके पूरा वेतन और शासकीय लाभ दिया जाए। विशेष शिक्षकों को अपने गृह जनपद या नजदीकी जनपद में तैनाती दी जाए। शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाकर 62 वर्ष की जाए।

### मां के सामने बच्ची को डंपर ने रौंदा, मौके पर मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में तेज रफ्तार डामर के डंपर की चपेट में आने से बच्ची की मौत हो गई। घटना शनिवार दोपहर बंथरा थाना क्षेत्र के रोहतापुर गांव की है। बच्ची की उम्र सात साल है। वह हीरालाल इंटर कॉलेज की छात्रा थी। मां के साथ स्कूटी से पैरेंट्स मीटिंग के लिए जा रही थी। गांव से कुछ दूर पहुंची तभी हादसे का शिकार हो गई। बंथरा थाना प्रभारी राम सिंह का कहना है कि डामर का डंपर पीडब्ल्यूडी विभाग का है। डंपर को कब्जे में लिया गया है। ड्राइवर मौके से फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्ची के मौत होने के बाद परिजन सड़क पर उतर आए। घटना स्थल पर गांव के लोगों की भीड़ लग गई। मृतक बच्ची की दादी और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी गांव के लोगों ने बहसबाजी की।

### दुबग्गा में झुग्गी पाठशाला की शुरुआत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दुबग्गा सब्जी मंडी के पीछे छंदोइया खेड़ा में बनी झुग्गी झोपड़ी बस्ती में बी हेल्प फाउंडेशन ने झुग्गी पाठशाला की शुरुआत की। इस अवसर पर फाउंडेशन की टीम ने बच्चों को नि:शुल्क स्कूल बैग और किताबें भी वितरित की है। बी हेल्प फाउंडेशन के सचिव नावेद अहमद ने बताया कि संस्थान पहले जरूरत मंदो को चिन्हित करती है फिर उनकी आवश्यकता के अनुसार सहयोग करती है। संस्था इस दिशा में हेल्थ कैंप, रक्त दान शिविर और डेंटल कैंप आदि का भी आयोजन करती रहती है। जिसके लिए संस्थान के लोगों को राज्यपाल ने सम्मानित भी किया है।

# महाकुंभ की दिव्यता को दुनिया में दिखाएगा दूरदर्शन व आकाशवाणी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** संगमनगरी पहुंचे प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, मेला अधिकारी विजय किरन आनंद और जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ संग बैठक कर महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए आकाशवाणी, दूरदर्शन और डीडी न्यूज़ की कवरेज एवं लाइव प्रसारण पर चर्चा की।

जिला सूचना कार्यालय की ओर से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक प्रसार भारती के अध्यक्ष ने बताया कि तीर्थराज प्रयाग में जनवरी से लगने वाले महाकुम्भ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए दूरदर्शन, आकाशवाणी और डीडी न्यूज़ की सहभागिता रहेगी। उन्होंने बताया दूरदर्शन आकाशवाणी के साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म यूट्यूब और ग्लोबल न्यूज एजेंसी के माध्यम से साहित्यिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और सनातन परम्पराओं से जुड़ी खबरों को लगभग 50 कैमरों में कैद करके पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। दिल्ली से आए दूरदर्शन के अधिकारियों ने महाकुम्भ के अधिकारियों के समक्ष कवरेज एवं



लाइव प्रसारण की अपनी बात रखी और डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई। मंडलायुक्त ने धर्मनगरी के बारे में अवगत कराया और बताया कि तीर्थराज धार्मिक नगरी है, यहां से डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाकर अपने चैनल के माध्यम से दिखा सकता है। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने आकाशवाणी, दूरदर्शन और डीडी न्यूज़ को आश्वस्त किया कि प्रसार भारती को जो भी संसाधन मेला प्राधिकरण से चाहिए उसकी कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। हर सुविधा प्रदान किया जाएगा। बैठक में प्रेम प्रकाश शुक्ला महाकुम्भ नोडल अधिकारी, अभिषेक अग्रवाल डीडीजी, अनिल श्रीवास्तव एडीजी प्रसार भारती, रमेश सिंह चौहान डिप्टी डायरेक्टर दूरदर्शन, प्रयागराज दूरदर्शन केंद्र हेड, अभिषेक तिवारी, हर्षित श्रीवास्तव सलाहकार दूरदर्शन/आकाशवाणी और उमाशंकर गुप्ता, डीडी न्यूज़ रिपोर्टर सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अखिलेश को विदेश घूमने से फुर्सत नहीं: भूपेंद्र चौधरी

**लखनऊ ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव पर एक बार फिर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जो प्रदेश की जनता के बीच ही नहीं जाते है, उन्हें भला कैसे उत्तम प्रदेश की उपलब्धि के बारे में पता चलेगा। जिन्हें विदेश घूमने से फुर्सत नहीं, उन्हें क्या पता होगा कि प्रदेश में क्या हो रहा है? बता दें कि उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा। मतदान की गणना 23 नवंबर को होगी। इस उपचुनाव में भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों राजनीतिक दल चुनाव की तैयारियों में जुटे हुए और जोरों शोरों से प्रचार कर रहे है। वहीं, एक दूसरे पर जमकर हमला बोल रहे है। इसी बीच राजधानी लखनऊ में भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोला। वहीं, उन्होंने कहा कि उपचुनाव की सभी सीटों पर भाजपा की ही जीत होगी और सपा की हार होगी। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि जनता ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव से पहले ही जीत का ताज पहना दिया है। सपा प्रमुख को अगर ये देखना है तो उन्हें जनता के बीच जाना पड़ेगा, लेकिन उनके पास परिवारवाद के अलावा किसी और के लिए समय नहीं है।

# व्यक्ति वस्त्रों से नहीं, वचन से होता है योगी : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री का बिना नाम लिए कहा कि व्यक्ति वस्त्रों से नहीं, वचन से योगी होता है।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को राजधानी लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में आयोजित एक जन्मदिन समारोह में शामिल हुए थे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह की भाषा इस्तेमाल हो रही है, उससे लग रहा है कि उनकी योग्यता के बारे में भी आपको और हमें जानना चाहिए। कोई व्यक्ति वस्त्र



से नहीं, वचन से योगी होता। उन्होंने कहा कि जो जितना बड़ा संत होता है, वो उतना ही कम बोलता है और बोलता भी है, तो जनकल्याण के लिए, इसलिए उसके वचन प्रवचन कहलाते हैं। अखिलेश ने कहा कि हमारे यहां मौनी और मुनि की परंपरा है, जो जितना ज्ञानी, वो उतना चुप होता है। जिनका काम सरकार चलाना है, वो बुलडोजर चला रहे हैं।

इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने भी इन पर जुर्माना लगाया है। उत्तर प्रदेश में शक्ति और सत्ता का अनुचित दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अधिकारियों के माध्यम से चुनाव लड़ना चाहती है, जनता भाजपा के साथ नहीं है, सरकार को झूठ नहीं बोलना चाहिए। सपा मुखिया अखिलेश ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसान लाइन में खड़ा है कि उसे कब खाद मिलेगी, कोई ऐसी जगह नहीं होगी, जहां किसान लाइन में न खड़ा हो, रात में किसान लाइन लगा रहे हैं खाद के लिए, उन्हें किसान से कोई प्रेम नहीं है। सपा नेता ने कहा, भाजपा के लोग खाद माफिया के साथ मिलकर काम कर रहें हैं। उन्होंने आगे कहा कि एनकाउंटर वालों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। उपचुनाव से इसकी शुरुआत होगी।

## भाजपा के लोग करते हैं झूठे वादे, काम नहीं करते : शिवपाल यादव

**लखनऊ ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक शिवपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफपूरे देश और प्रदेश में चर्चा है कि ये लोग झूठे वादे करते हैं और कोई काम नहीं करते।

सपा नेता शिवपाल ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चुनाव में अगर प्रशासन का दुरुपयोग होगा, तो जनता मुकाबला करेगी। यहां की जनता मन बना चुकी है और भाजपा के खिलाफ मतदान करेगी। हमारा आयोग से निवेदन



है कि चुनाव निष्पक्ष कराया जाय। जब अधिकारी नौकरी में आते हैं, तो निष्पक्ष काम करने की शपथ लेते हैं। अधिकारियों को निष्पक्ष काम करना होगा। मुख्यमंत्री योगी और बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा दिए गए नारों को लेकर शिवपाल यादव ने कहा कि मायावती को भी लोग देख चुके हैं और भारतीय जनता पार्टी को भी देख रहे हैं, जनता सब कुछ समझती है और वह केवल की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में सपा नौ में नौ सीटों को जीतने जा रही है। सपा नेता ने कहा कि हमारी पार्टी ने चुनाव में पांच महिलाओं को उतारा है, जबकि भाजपा एक भी सीट नहीं दे पाई। महिलाओं को लेकर भाजपा का वादा झूठा निकला, यह लोग महिला आरक्षण लाए थे, लेकिन शुरुआत भी नहीं कर पाए। यह सरकार केवल ढकोसले करती है, किसी काम से कोई मतलब नहीं है।

# राजधानी में रिलीज किया गया राम चरण की आगामी फिल्म गेम चेंजर का टीजर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राम चरण अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर को 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है ऐसे में लोगों की उत्सुकता और बढ़ाती जा रही है। आज 9 नवम्बर को फिल्म का टीज़र लांच किया गया।

आप को बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी फिल्म का टीज़र नफासत के शहर लखनऊ में लॉन्च किया गया है जो ग्लोबल स्टार की प्रसिद्धि को और बढ़ाएगा। हमने अब तक कई पैन इंडिया फिल्म के टीज़र या ट्रेलर अक्सर मुंबई या दिल्ली में किया गया है गेम चेंजर ने हकीकत में गेम



चेंज कर दिया है।

इस बहुप्रतीक्षित टीज़र में, उन्हें राम चरण और कियारा आडवाणी सहित अन्य लोगों का सहयोग भी देखने को मिलेगा। रा मचा मचा, जरागंडी गानों ने लोगों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है और अब यह टीज़र निश्चितरूप से फिल्म के प्रति उनकी उत्सुकता को और बढ़ाएगा कि राम चरण इस बार शंकर शनमुगम निर्देशित फिल्म के में उनके लिए क्या लेकर आ रहे हैं। गेम चेंजर में राम चरण एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे जो निष्पक्ष चुनाव की वकालत करके भ्रष्ट राजनेताओं से मुकाबला करता है। यह एक्शन-थ्रिलर 10 जनवरी, 2025 को बड़े पर्दे पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**श्रद्धांजलि** | इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की

# पहली पुण्यतिथि पर सीएम सहित नेताओं ने गोपाल टंडन को किया याद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को आशुतोष टंडन गोपाल जी को उनकी पहली पुण्यतिथि पर याद किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उनकी स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उनसे जुड़ी स्मृतियों को भी सुनाया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गोपाल टंडन बहुत कम आयु में चले गए। उनकी पहली पुण्यतिथि पर हम लोग आज यहां एकत्र हुए हैं। मेरे रिश्ते उनके पिता लालजी टंडन से तो थे, उनके साथ बातचीत हंसी मजाक सब



होता था। गोपाल जी जब कभी आते थे तो उनका मुस्कराता हुआ चेहरा रहता था। मुस्कराता हुआ चेहरा किसी के देखने के बाद उसमें एक अनुकूल संवेदना पैदा होती है। मुझे भी अच्छा लगता था उनके मुस्कराते हुए आने पर। मैं भी थपकी लगाते हुए उन्हें बैठने को इशारा करता था। लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि गोपाल टंडन बहुत ही संकोची स्वभाव के थे। मैं आपको एक संस्मरण सुनना चाहता हूँ। वह लोगों को अपना बना लेते थे। उनकी इस कला का मैं प्रशंसक रहा हूं। मेदांता हॉस्पिटल में वह भर्ती थे। मैं जाने की कोशिश की लेकिन डॉक्टर ने इसकी इजाजत नहीं दी। डॉक्टर ने कहा कि उनकी स्थिति ठीक नहीं है। डॉक्टर से मैं चर्चा किया कि अगर कुछ और हो सकता है तो किया जाए। तब उन्होंने कहा कि इस समय ऐसी स्थिति में अन्यत्र ले जाना उचित नहीं होगा। लेकिन आप जानते हैं कि इस सृष्टि में सारी चीज पूर्व निर्धारित हैं। बहुत सारे लोग इस बात को नहीं मानते हैं। वह कहते हैं कि मनुष्य अपने प्रयास से जो चाहे वह जिंदगी में हासिल कर सकता है। मेरे जैसा कोई व्यक्ति कह सकता है कि मैं प्रतिगामी सोच रखता हूं लेकिन मैं यह मानता हूं कि इस पूरी सृष्टि में सभी चीज पूर्व निर्धारित हैं। हमको प्रयत्न करना है, यह भी पूर्व निर्धारित है। जो होना था वह हो गया। बहुत कम आयु में वह चले गए लेकिन मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं जिन लोगों का भी रिश्ता उनके साथ रहा है, उनकी मुस्कराहट उनकी सदासहिता उनका अपनापन का व्यवहार मिलने वाले की स्मृति पटल पर सदैव अंकित रहेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब मैं 2017 में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बना तो उस सरकार में आशुतोष टंडन गोपाल जी चिकित्सा शिक्षा और प्राविधिक शिक्षा मंत्री थे। उन्होंने बेहतरीन कार्य किया। प्रधानमंत्री मोदी के विजन को प्रदेश में लागू करने का कार्य किया। रक्षा मंत्री के विजन को धरातल पर उतरने का कार्य उन्होंने लखनऊ में किया। लखनऊ में एसजीपीजीआई, केजीएमयू राम मनोहर लोहिया जैसे संस्थानों के विकास को लेकर उन्हें चिंता थी। इसके साथ ही उन्हें अपनी संस्कृति का भी ध्यान था। इसके बाद उन्होंने नगर विकास मंत्री के रूप में भी अच्छा कार्य किया।

## खाद की कालाबाजारी पर डीएम ने किया प्रहार

# छापेमारी में बड़ा खुलासा, एफआईआर दर्ज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में किसानों के हक की खाद को कालाबाजारी की भेंट चढ़ने से बचाने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। उन्होंने खाद कालाबाजारी की सूचना मिलने पर कड़ा कदम उठाया। डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, और सहायक निबंधक सहकारिता अशोक कुमार मौर्य की एक संयुक्त टीम ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ छापेमारी की।

इस छापेमारी में कालाबाजारी की गहरी साजिश का खुलासा हुआ, मौके पर पाया गया कि जिस गोदाम के लिए खाद भेजी गई थी उसे दूसरे गोदाम पर उतारा गया पाया गया।

- डीएम के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट, जिला कृषि अधिकारी और सहायक निबंधक सहकारिता ने की छापेमारी




### खाद की जमाखोरी व कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी : जिलाधिकारी

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया कि खाद की जमाखोरी और कालाबाजारी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस मामले में सख्त कार्रवाई का आदेश देते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कठोरतम दंड दिया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को लगातार निरीक्षण, जांच और छापेमारी करने के निर्देश दिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खाद सही तरीके से किसानों तक पहुंचे और कालाबाजारी पर लगाम लगाई जा सके। डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि किसी भी स्थिति में किसानों के लिए खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी। कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।

जिसके बाद नगर कोतवाली में आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

पीसीएफ गोण्डा बफर गोदाम से साधन सहकारी समिति लिमिटेड, लखनीपुर के लिए 14 एमटी (230 बोरी) इफको डीएपी चालान संख्या 99/4940 द्वारा वाहन संख्या यूपी 32 आरएन 4233 में लोड किया गया था। यह खाद निर्धारित समिति के गोदाम पर पहुंचाई जानी थी, लेकिन ड्राइवर ने इसे गोड़वाघाट बाजार स्थित आईआईएफडीसी कृषक सेवा केंद्र पर उतारने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने इस संदिग्ध गतिविधि पर ध्यान देते हुए पूछताछ की, जिससे पता चला कि 11 बोरी डीएपी पहले ही उतारी जा चुकी थी, जबकि वाहन चालक मोनू बाकी बची डीएपी के साथ मौके से फरार हो गया।

डीएम का निर्देश मिलते ही सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, और सहायक निबंधक सहकारिता अशोक कुमार मौर्य तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने आईआईएफडीसी केंद्र संचालक अमरेन्द्र कुमार तिवारी से गोदाम की चाबी मंगवाई और गोदाम की जांच की, जिसमें 11 बोरी इफको डीएपी बरामद हुई। बरामद खाद को पुलिस की अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

इस प्रकरण में ड्राइवर मोनू, केंद्र संचालक अमरेन्द्र कुमार तिवारी और पीसीएफ के परिवहन ठेकेदार की मिलीभगत से खाद की कालाबाजारी की साजिश का संदेह जताया गया। इसके चलते नगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई। सहायक आयुक्त सहकारिता अशोक कुमार मौर्य ने बताया कि इस मामले की एक विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय को भी प्रेषित की गई है।

## वनटांगिया समुदाय के कौशल विकास के लिए स्थापित किये जायेंगे प्रशिक्षण केन्द

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

डीएम नेहा शर्मा ने तहसील मनकापुर अंतर्गत वनटांगिया ग्राम अशरफाबाद में सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभागवार सभी अधिकारियों से वन टांगिया गांव में सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं का सभी परिवारों को लाभ देने की निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने वनटांगिया परिवारों को भूमि आवंटन, रास्ता, बिजली, आवास, सोलर लाइट, कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण, ब्यूटीशियन सहित अन्य सभी योजनाओं का लाभ देने निर्देश दिए हैं।
जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा की पहल पर शनिवार को वनटांगिया ग्राम प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने के निर्देश दिये है। अशरफाबाद वनटांगिया गांव के युवक, युवती प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की पहल पर अशरफाबाद वनटांगिया गांव को मुख्य



मार्ग से जोड़ने के लिए सड़क का निर्माण, गांव में बिजली पहुंचाने का काम किया जायेगा। समुदाय के लोगों के लिए रोजगार की व्यवस्था करने हेतु अब उत्तर प्रदेश कौशल विकास योजनान्तर्गत वनटांगिया ग्रामों में प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया जायेगा। अशरफाबाद व बुटहनी वनटांगिया गांव में सिलाई बुलाई में ब्यूटीशियन व नर्सिंग का कोर्स संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही, वन क्षेत्रों में बसे इन वन ग्रामों में पक्के घर, सड़क, राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड और अन्य मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित किया जायेगा।

## देश की दशा-दिशा को बदलता है शिक्षक : प्रो वीरेंद्र

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्र के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है शिक्षक ही देश की दशा और दिशा को बदलता है इसलिए सरकार को शिक्षक हित के लिए तत्पर रहना चाहिए उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के ललिता सभागार में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या शिक्षक संघ (आक्टा) द्वारा आयोजित अधिवेशन/सेवानिवृत शिक्षक सम्मान/आक्टा नई कार्यकारी निर्वाचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए लुआक्टा के प्रदेश अध्यक्ष प्रो वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही मंत्रोचारण के साथ सभी अतिथियों, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों को तिलक लगाकर महाविद्यालय की छात्राओं ने सम्मानित किया। इस अवसर पर



प्रोफेसर प्रदीप सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षक संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे AIFUCTO के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर विवेक द्विवेदी ने राष्ट्र के विकास में शिक्षकों की भूमिका एवं शिक्षक संघ के महत्व पर बल दिया। मंच संचालन डॉ रेखा शर्मा ने किया वहीं धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्रा ने किया इस अवसर पर आकटा महामंत्री प्रोफेसर जितेंद्र सिंह एवं आ कटा अध्यक्ष प्रोफेसर विजय प्रताप सिंह ने विश्वविद्यालय से संबद्ध 20 महाविद्यालयों (गोंडा, बहराइच, अयोध्या, अंबेडकर नगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी) के सेवानिवृत 52 शिक्षकों का माल्यार्पण, पटका एवं ट्राली बैग भेंटकर सम्मानित किया।

## डीसीएम की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना कटरा बाजार क्षेत्र के बैरमपुर निवासी सूरज गुप्ता (25) पुत्र विजय कुमार व रोहित (24) पुत्र मनीराम निवासी टिकवार कोतवाली



कर्नलगंज दोनों युवक शुक्रवार की रात बाइक पर सवार होकर कर्नलगंज बाजार से खरीदारी कर अपने घर वापस लौट रहे थे। तभी बरखंडी नाथ मोड़ के आगे टिकौली गांव के पास हुजूरपुर की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आकर बाइक सवार सूरज की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाइक पर पीछे बैठा रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। कर्नलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने घायल रोहित को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचाया जहां मौजूद डॉक्टर इमरान मोईद ने घायल को प्राथमिक उपचार के पश्चात जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शनिवार को रोहित ने भी दम तोड़ दिया।

## सरकारी भांग की दुकान की आड़ में धड़ल्ले से बिक रहा गांजा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में धड़ल्ले से भांग की आड़ में सरकारी भांग की अनुबंधित दुकानों से गांजा बेचा जा रहा है। इससे बड़ी तेजी से युवा पीढ़ी और स्कूली छात्र नशे के आदी हो रहे हैं। तमाम भांग के दुकानदार निजी आर्थिक लाभ के लिए नई पीढ़ी की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। कस्बों व ग्रामीण इलाकों में बाजारों में खुले भांग के ठेके में भांग के अलावा खुलेआम गांजा बिक्री किया जा रहा है। इन दुकानों पर बाकायदा दिन भर महफिल सजाकर चिलम व सिगरेट में गांजा डालकर धड़ल्ले से धुंआ उड़ाकर नशे का आदी बनाया जा रहा है। बेरोजगार नवयुवक नशे की लत पूरा करने के लिए अपने घरों के

- नशे की गुलाम बन रही युवा पीढ़ी, जिम्मेदार अधिकारियों की नहीं पड़ रही नजर

अलावा बाजारों में छोटी मोटी चोरी करने से भी नहीं हिचक रहे।

इन भांग दुकानों के अलावा भी पुलिस की जानकारी में कई जगह असरदार लोगों की छत्र छाया में गांजे की पुड़िया बेची जा रही है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो गांजा बिकवाने वाले पुलिसकर्मियों की मुट्ठी गर्म करते हैं। यही वजह है कि पुलिस इस पर शिकंजा नहीं कस रही है। समाज की युवा पीढ़ी गांजे की लती होने के कारण दिन प्रतिदिन अपराध की ओर बढ़ रही है। ताज़ा मामला गोंडा जिले



के कोतवाली नगर क्षेत्र के झंझरी ब्लॉक के पास चुंगी नाका तिराहे के निकट आबकारी विभाग कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर स्थित सरकारी भांग की दुकान से जुड़ा है,जहां पर खुलेआम नशे का अवैध काला कारोबार चिप्पड़ गांजा बिक रहा है। अब इसे जिम्मेदारों की मिलीभगत या मेहरबानी कहें अथवा जानबूझकर अनदेखी, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की इन पर नजर नहीं पड़ रही है। बताते चलें की खुलेआम बिक रहे गांजे की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है लेकिन उक्त जिम्मेदार दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई न होना दर्शाता है की कहीं न कहीं कुछ तो गड़बड़ है और किसी न किसी की मिलीभगत है,जिसके शह पर उक्त दुकानदार के हौंसले बुलंद है और वह निडर होकर खुलेआम अवैध चिप्पड़ गांजा की बिक्री कर रहा है। यही नहीं देर रात इनमें स्टेशनों पर आने जाने वालों को इन नशेड़ियों से खतरा बना रहता है और स्थानीय पुलिस सब कुछ जानकर भी मूकदर्शक बनी रहती है। जबकी अभी हाल ही में पुलिस ने कुन्टलों गांजा सहित तस्कर को पकड़ा जिससे जनपद में अवैध कार्य में सक्रिय लोगो में हड़कंप मचा है। वहीं दूसरी तरफ खुलेआम गाँजा की बिक्री और उस पर कार्यवाही न होना अधिकारियों की साख पर बट्टा लगा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### रंजिशन फायरिंग मामले में मुकदमा पंजीकृत

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद के कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत गांधी पार्क के पास एक रेस्टोरेंट के बाहर बीते रात्रि में कुछ लोग के द्वारा फायरिंग की गई? ।फायरिंग करने के बाद हड़कंप मच गया और सूचना पर नगर कोतवाल मनोज पाठक दलबदल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया वहीं आरोपी जिसने फायर किया था मौके से भाग चुके थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधी पार्क के सामने स्थित एक रेस्टोरेंट में कुछ मित्रगण जन्म दिन की पार्टी कर? रहे थे तभी पुरानी रंजिशन को लेकर अंकित नामक व्यक्ति ने फायर पर दिया,फिलहाल किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है ।मौके पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि हम लोग अपने दोस्त अंश गुप्ता के जन्मदिन पर रेस्टोरेंट में पार्टी कर रहे थे तभी पुरानी रंजिश को लेकर विशाल सिंह ने गाड़ी से हम लोगों को ताड़ने लगे हम लोगों ने इसकी जानकारी घर पर दिया तो घर वालों ने चुपचाप घर आने को कहा लेकिन विशाल सिंह ने अंकित नामक व्यक्ति से फायर करवा दिया, कोई घायल नहीं हुआ तुरंत 112 पर काल किया गया मौके पर पुलिस ने पहुंच कर मामले का संज्ञान लिया तथा जांच पड़ताल शुरू कर दिया। फायरिंग से जहां आसपास के लोगो में हड़कंप मच गया तो वही बड़ा सवाल यह है का पुलिस और कानूनका खौफ अब अपराधियों में नहीं रहा आये दिन कहीं न कहीं अपराधियों द्वारा कुछ न कुछ अपराध कर पुलिस को चुनौती दे ही देते हैं ।कुछ लोगों का मानना है कि नये नये अपराध होना कही न कही पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण है तो वही राजनीतिक दखल भी अपराध को जन्म देने का कारण माना जा रहा है ।फिर हाल एएसपी पूर्वी मनोज कुमार ने बताया की मामले त्वरित कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में पुलिस लग गई जांच कार्यवाही प्रचलित है।

### राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही स्व. मदनलाल अग्रवाल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता के चौथे दिन खेले गए फाइनल मुकाबलों में बहराइच की विदुषी जायसवाल व अरूणिमा यादव ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए छः छः पदक जीतकर इतिहास रच डाला। बालक वर्ग में हुसेन अंसारी, शिवम यादव, रजत तिवारी ने अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर जीत का परचम फहराया। इन्दिरा स्टेडियम में आयोजित भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि आइएएस अजयदीप सिंह, विशिष्ट अतिथि ओलंपिक एसोसिएशन प्रदेश सचिव आनंदेश्वर पांडे, एसपी सिटी रामानंद प्रसाद कुशवाहा, व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका, ओलंपिक संघ के वरिष्ठ संरक्षक अशोक मातनहेलिया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि करन वीर सिंह, ब्लाक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि परमार्थ सेन चौधरी, निशा शर्मा, नगर पालिका चेयरमैन सुधा देवी, कार्यक्रम संयोजक श्यामकरन टेकड़ीवाल, ओलम्पिक एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, महासचिव मनोज गुप्ता, बैडमिंटन संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह आदि ने विजयी व पराजित खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, मेडल व प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने अगले साल दोबारा इस प्रतियोगिता को आयोजित करने की उम्मीद जताई। आयोजक मंडल ने भी इसे हर साल आयोजित करने की बात कही।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे समेत चार की मौत

- एक बाइक पर सवार थे चार लोग, पिता-पुत्र की जिला अस्पताल में मौत
- हादसे के बाद चालक फरार, ट्रक पुलिस के कब्जे में

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

रिसिया थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह ट्रक और बाइक में जबरजस्त भिड़ंत हो गई। मौके पर महिला और उसके पोते की मौत हो गई। जबकि बड़े बेटे और एक अन्य पोते ने जिला अस्पताल में दम तोड दिया। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया है।मटेरा थाना क्षेत्र पुजारीपुरवा




गांव निवासी मालती देवी (70) पत्नी रामा चौहान की बहन रिसिया थाना क्षेत्र के समसा तरहर गांव में रहती है। छठ पूजा पर लालती देवी, अपने बेटे गुलाब (40) और गुलाब चौहान के बेटे आशीष (8) और आदित्य (12) के साथ छठ पूजा के लिए आई थी। छठ पूजा के बाद शनिवार सुबह सभी एक बाइक पर सवार होकर वापस घर जा रहे थे। असम रोड पर शनिवार सुबह 10 बजे रिसिया थाना क्षेत्र के गोदनी बसाही गांव के पास सरिया मिल फैक्ट्री के सामने नानपारा की ओर से आलू लादकर बलरामपुर जा रही ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई। सुबह हुए हादसे में 70 वर्षीय महिला और 12 वर्षीय किशोर आदित्य की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा 40 वर्षीय युवक गुलाब और आठ वर्षीय आदित्य घायल हो गए। दोनों को पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में गुलाब चौहान की भी मौत हो गई। जबकि आशीष की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। देर शाम को लखनऊ ले जाने की तैयारी बनाते समय आशीष की भी मौत हो गई। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि सभी मृतक मटेरा क्षेत्र के हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि केस दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया है। एक बाइक पर चार लोग सवार थे।

## भाजपा नेता पर दुष्कर्म का आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के हुजूरपुर थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने भाजपा के एक पदाधिकारी पर शादी का झांसा देकर पांच साल से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि अब भाजपा नेता शादी करने से इंकार कर रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।हुजूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को शिकायती पत्र देने पहुंची। युवती ने शिकायती पत्र देकर कहा कि थाना क्षेत्र निवासी एक भाजपा नेता उसके साथ शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। वह भाजपा नेता के साथ पांच साल से रिलेशन में है। युवती का कहना है कि शादी के चक्कर में वह भाजपा नेता के प्यार में आ गई।



लेकिन अब दो माह से भाजपा नेता न उससे बात कर रहा है और न ही फोन उठा रहा है। नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया है। छोटी जाति का बताकर शादी करने से इंकार कर रहा है। युवती के आरोप से जिले में हड़कंप मच गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच कर रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को देंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## संजीवनी कालेज में जागरुकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

**विधिक सेवा दिवस**

- तारा महिला इण्टर कालेज की छात्राओं ने निकाली जागरुकता रैली

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देशानुसार विधिक सेवा दिवस के अवसर पर संजीवनी लॉ कालेज कीर्तनपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज के




प्राचार्य डॉ. रोहित प्रकाश सिंह, असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल प्रशान्त कुमार शुक्ला एवं ऋषभ पंत सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन कालेज के आचार्य डॉ. सुधाकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। जागरूकता शिविर में सर्वप्रथम उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये तत्पश्चात असिस्टेन्ट, लीगल एड डिफेंस काउन्सिल द्वारा विस्तारपूर्वक विधिक जानकारी प्रदान की गई। शिविर को सम्बोधित करते हुए सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि न्यायपालिका किसी भी जनतंत्र के तीन प्रमुख अंगों में से एक है। न्यायपालिका संविधान और कानून की रक्षक है। भारत में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इसी के अंतर्गत प्रत्येक जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यरत है, जो समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करती है। आर्थिक रुप से कमजोर व्यक्ति, जो न्यायालय अथवा तहसील में अपने मुकदमे की पैरवी करने में असमर्थ है, वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता की सेवा प्राप्त कर सकते हैं। सचिव द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के टॉल् फ्री नम्बर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गयी। उल्लेखनीय है कि 09 नवम्बर विधिक दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि के निर्देशन में तारा महिला इण्टर कालेज, बहराइच की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी।

विराट शिरोमणि ने बताया कि विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिले के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैलियां निकाली गई तथा प्रत्येक तहसीलों में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं आशा बहुओं एवं पराविधिक स्वयं सेवकों द्वारा अपने-अपने पदेन स्थानीय कार्यक्षेत्र में विधिक अधिकारों एवं जन कल्याणकारी योजना के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।

## पीएम आवास के रुपए दूसरे के खाते में किया ट्रांसफर

### पंचायत सचिव समेत 25 के खिलाफ केस दर्ज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़** जिले के कैसरगंज विकास खंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना का रुपया दूसरे के खाते में भेज दिया गया। ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर तीन में गलत तरीके से 21 लोगों के खाते में पहुंच गया।जांच में खुलासा होने पर खंड विकास अधिकारी कैसरगंज ने बृहस्पतिवार को कैसरगंज कोतवाली में तत्कालीन पंचायत सचिव, कम्प्यूटर आपरेटर, लेखाकार समेत 25 लोगों पर शासकीय धन का दुरुपयोग, धोखाधड़ी, जालसाजी, लोकसेवक द्वारा न्यासभंग, बेईमानी की धारा में मुकदमा दर्ज कराया।जिले के कैसरगंज विकास खंड की खंड विकास अधिकारी अपर्णा ने कोतवाली में केस दर्ज कराया है। बीडीओ द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर में ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर तीन में वित्तीय वर्ष 2023/24 में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल 603 आवास स्वीकृत किए गए थे। जिसमें से 21 लाभार्थियों का पैसा गलत खाते में चला गया। तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव गुलाब सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, कम्प्यूटर आपरेटर नीरज कुमार, लेखाकार बृजेंद्र कुमार सरकारी धन का धोखाधड़ी कर गलत तरीके से दूसरों के खातों में रुपये भेजने के उत्तरदायी है। वहीं सभी 21 लोग जो लाभार्थी न होने पर भी उन्होंने धनराशि गलत खाते में आहरित कर ली है। कुल 25 लोगों पर कैसरगंज कोतवाली में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई।

## चोरी के मामले में उप निरीक्षक व सिपाही पर गिरी गाज, एसपी ने किया निलंबित

- ड्यूटी के दौरान चोरी होने पर एसपी ने की कार्रवाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के गजाधरपुर में बीते रविवार को सराफा की दुकान में 15 लाख से अधिक की चोरी के मामले में पुलिस अधीक्षक ने फखरपुर थाना थानाध्यक्ष के बाद उप निरीक्षक और सिपाही के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों को निलंबित कर दिया है।

फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर के टेड़वा उजार में प्रभाकर पांडेय की सराफा की दुकान है। दुकान में रविवार आधी रात को बोलेरो वाहन से चोर ने 70 ग्राम सोने के जेवरात, 30 किलो चांदी और 2.70 लाख रुपये नकदी समेत 15 लाख से अधिक की चोरी की थी। बड़ी चोरी की सूचना वारिष्ठ अधिकारियों को न देने पर सोमवार को थानाध्यक्ष अभिनव प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया था।

अब पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बीट के उप निरीक्षक श्रीकृष्ण यादव और सिपाही अबरार खान को निलम्बित कर दिया है। एसपी ने बताया कि ड्यूटी के बाद भी बड़ी चोरी होना सवाल खड़े करता है। जिस पर दोनों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## घर के सामने से बाइक चोरी




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर में इंडियन बैंक के पास एक बाइक चोरी की घटना से स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित शरीफ अली, निवासी हूसेपुर, ने बताया कि 7 नवंबर की शाम को उन्होंने अपनी टीवीएस मोटरसाइकिल (नंबर UP40AY 7303) बैंक के बाहर खड़ी की थी। जब वे कुछ देर बाद लौटे, तो बाइक वहां से गायब थी। बाइक चोरी की इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित ने तुरंत फखरपुर थाने में मामले की जानकारी दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला शिक्षकों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य पर लगाए गंभीर आरोप

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जिले में शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय में जहां नौनिहाल बच्चे जो भारत के भविष्य हैं अपनी प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत करते हैं,यहां पर अच्छे आचरण की शिक्षा दी जानी चाहिए। वहीं शिक्षा के मंदिर का पुजारी ही जब गलत हो तो भारत का भविष्य कैसा होगा। इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। इस पर सरकार को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

बता दें कि ऐसा ही एक हैरतअंगेज शर्मनाक मामला गोंडा जनपद के मनकापुर तहसील व विकास खंड क्षेत्र के एक सरकारी परिषदीय विद्यालय का सामने आया है। जहां महिला शिक्षकों ने स्कूल के



हेड मास्टर पर गंभीर आरोप लगाये हैं। मामला मनकापुर विकास खंड व शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय दलपतपुर से जुड़ा है। यहां कार्यरत महिला शिक्षिकाओं व शिक्षा मित्र का आरोप है कि स्कूल में इंचार्ज अध्यापक अरविंद कुमार उन लोगों को ऑफिस में बुलाकर गंदी हरकतें, बेड टच,अश्लील बातें करता है। इंचार्ज अध्यापक महिला शिक्षकों को विद्यालय ऑफिस में डरा धमकाकर कहता है कि किसी को कुछ बताया तो तुम मेरा कुछ भी नहीं कर पाओगी और विद्यालय आने लायक नहीं रहोगी, इसलिए बेहतर यही है कि किसी को कुछ बताना मत। सहायक अध्यापिकाओं का कहना है कि इंचार्ज अध्यापक द्वारा कई बार यह ऑफर दिया गया कि बच्चों को मत पढ़ाओ। क्योंकि यह प्राइवेट स्कूल नहीं है कि बच्चों को पढ़ाओगी तभी वेतन मिलेगा बल्कि यह तो सरकारी विद्यालय है यहां तो यदि नहीं पढ़ाओगी तब भी हर महीने वेतन मिलता ही रहेगा। हम तुम साथ में सरकारी अध्यापक हैं और सरकार हमको वेतन देती है यहां पर कौन चेक कर रहा है की स्कूल में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है या नहीं। इसलिए मेरे इशारे पर ऑफिस आयो करो, ऑफिस में बैठकर बात किया करेंगे तथा रात में मुझसे फोन पर बात किया करो,अगर तुम कभी विद्यालय नहीं आओगी तो चिंता वाली कोई बात नहीं है तुम मुझे खुश रखो मैं तुम्हें खुश रखूंगा और तुम्हारी उपस्थिति में अपनी तरफ से रजिस्टर में दर्ज कर दिया करूंगा।

उन्हें आए दिन विद्यालय में डराया और धमकाया जाता है। तीनों शिक्षिकाओं ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ ही प्रदेश स्तर के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत कराया है और पत्र में लिखा है कि यदि इंचार्ज अध्यापक अरविंद कुमार के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं की गई तो वह विद्यालय नहीं आयेंगी।

# अपराध के ग्राफ को बढ़ाएंगे सीओ लालगंज के बोल

**दौड़ाकर गोली मारता हूं- ऑडियो वायरल**

- ...कहते हैं सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर मैं नहीं हूं
- वायरल फोटो और ऑडियो से समाज में बन रहा भय का माहौल
- कप्तान की है विनम्र भाषाशैली, अधीनस्थों की अमर्यादित



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

सोशल मीडिया पर एक फोटो और एक ऑडियो वायरल हो रहा है जो उत्तर प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था की किरकिरी कराने का काम कर रहा है वायरल फोटो में युवक के हाथ में प्रतिबंधित असलहे को लेकर फोटो खिंचवा रहा है वहीं दूसरे वायरल फोटो में उसके हाथ में एक पिस्टल जैसी वस्तु हाथ में है। इसके साथ ही एक ऑडियो वायरल हो रहा है वायरल ऑडियो में युवक के द्वारा दूसरे युवक से कहा जा रहा है कि 'तुमने विनय विक्रम सिंह का नाम सुना है दूसरा युवा कहता है 'हां' तो पहले वाला युवक कहता है कि मैं विनय विक्रम सिंह ही बोल रहा हूं अभी सब्जी गांव में जो गोली कांड हुआ था उसमें मैं शामिल था और मैने ही उन लोगों को दौड़ाकर गोली मारी थी' यही नहीं उसके द्वारा धमकाते हुए और कई शब्द बोले गए, सवाल उठ रहा है और उठना लाजिमी है। आखिर सरेनी थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था किस ओर जा रही है प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार है जिनके द्वारा यह दावा किया जाता है कि उत्तर प्रदेश में रहने वाले सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मेरी पहली प्राथमिकता है मगर जिस हिसाब से सोशल मीडिया पर ऐसे फोटो, ऑडियो और वीडियो वायरल होते हैं वो स्थानीय पुलिस की कार्यशैली को दर्शाते हैं। वो किस तरह से अपना काम कर रहे हैं और अपने उच्च अधिकारियों को कैसे गुमराह कर रहे हैं।

### सीओ लालगंज का गैर जिम्मेदाराना बयान

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फोटो और ऑडियो को लेकर जब क्षेत्राधिकारी लालगंज से बात की गई और उन्हें पूरे प्रकरण से वाकिफ कराया गया तो उनका कहना है कि मैं सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर नहीं हूं, और हर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मैं अपनी नज़रें नहीं बनाए रख सकता। जबकि आज के दौड़ में फेसबुक, व्हाट्सएप और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म है जिस पर अमूमन सभी अधिकारी कर्मचारी और आम जनता आपको मिल जाएगी ऐसे में जब किसी जिम्मेदार पद पर आप आसीन हो और वह भी ऐसा पद जो सीधे तौर पर लोगों की सुरक्षा से जुड़ा हो आपकी जिम्मेदारी बनती है कि आपके क्षेत्र में कहीं कोई घटना तो नहीं घटित हुई है क्योंकि जवाबदेही भी आपकी ही बनती है ऐसे में सीओ लालगंज जिस तरह से गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंसूबों पर पानी फेरने का काम करेगा।

### वायरल फोटो और ऑडियो को लेकर पुलिस ने जारी किया बयान

वायरल फोटो को लेकर पुलिस मीडिया सेल की तरफ से एक बयान जारी किया गया है जिसमें बताया गया है कि वायरल फोटो में विनय विक्रम सिंह पुत्र राजेश बहादुर सिंह जो प्रेमचक सब्जी नेवाजीखेड़ा सरेनी के रहने वाले हैं उनके द्वारा फिल्म प्रणाम की शूटिंग के दौरान यह फोटो खिंचवाई गई थी जो तकरीबन 8 साल पहले की है जिसकी शूटिंग लखनऊ में की गई थी साथ ही जो राइफल और पिस्तौल वायरल हो रहे हैं वह वास्तविक नहीं है। मगर लोगों के द्वारा ये सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि अगर दर्शाए गए हथियार नकली है और 8 साल पुराने किसी फिल्म से लिए गए है तो उसकी डिटेल्स भी दी जाय। वही वायरल ऑडियो भी पुराना बताया जा रहा है और जिस पर मुकदमा पंजीकृत है यह भी पुलिस के द्वारा दर्शाया जा रहा है। मगर सवाल तब खड़े हो जाते हैं जब इस तरह के ऑडियो और वीडियो समाज में भय का माहौल बनाने का काम करते हैं।

### जिले के कप्तान सोशल मीडिया पर रहते हैं सक्रिय

डॉक्टर यशवीर सिंह ने जब से जिले का कार्यभार संभाला है उनकी पहली प्राथमिकता है कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखना उनके द्वारा कई बार अपने मातहतों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि अगर कानून व्यवस्था को लेकर आपकी लापरवाही उजागर हुई तो कार्रवाई तय है यही नहीं सोशल मीडिया पर भी वह सक्रिय रहते हैं किसी भी घटना से जुड़ा हुआ कोई भी इंसिडेंट आप भेजिए आपको तुरंत रिप्लाई मिलेगा।

# लापरवाही : 16 वर्षीय किशोरी जीवन मौत के बीच रही झूल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

लकड़ी ठेकेदार की लापरवाही की वजह से 16 वर्षीय किशोरी जीवन और मौत के बीच झूल रही है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज से मिली जानकारी के अनुसार वंदना पुत्री हरिश्चंद्र उम्र 16 वर्ष निवासी मदन खेड़ा मजरे पोखरनी थाना महराजगंज कैलाशपुर की तरफ से साइकिल से जा रही थी तभी वह सफेदा के पेड़ काट रहे ठेकेदार द्वारा लापरवाही पूर्वक पेड़ को गिराया जा रहा था वहीं पेड़ की चपेट में आने से वंदना गंभीर रूप से घायल हो गई।

आनन फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और जिला अस्पताल में भी सुधार न होने पर उसे एम्स के लिए रेफर कर दिया गया जहां वह जीवन और मौत के



बीच संघर्ष कर रही है। घटना सुबह 8:30 बजे की बताई जा रही है की किशोरी कैलाशपुर की तरफ से साइकिल से जा रही थी तभी वह पेड़ की चपेट में आ गई अब देखने वाली बात यह है की मनबढ़ लकड़ी ठेकेदार के ऊपर कोई कार्रवाई होती है या इसी तरह वह पेड़ काटता रहेगा एक तरफ पर्यावरण उजाड़ा जा रहा है तो दूसरी तरफ लोग भी सुरक्षित नहीं है और उनके ऊपर भी ठेकेदार आफत बनकर बरस रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### उल्टी दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से टकराई कार, चालक घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** उल्टी दिशा से ट्रैक्टर आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क पर कई बार पलट गई। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है। घटना दिनांक 8 नवंबर शुक्रवार रात्रि 9ः30 बजे की है। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर ग्राम खैरहनी के निकट उलटी दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से रायबरेली की ओर से लखनऊ जा रही कार टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी, कि कार सड़क पर दो बार पलट कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक कार चालक सुधांशु पांडे पुत्र राकेश्वर पांडे निवासी लखनऊ जो रानीगंज कैथोला में इंडियन बैंक के ब्रांच मैनेजर के पद पर तैनात है। ब्रांच से वापस घर जाते समय बछरावां थाना क्षेत्र की ग्राम खैरहनी के निकट कार हादसे का शिकार हो गई। गनीमत यह रही कार के एयरबैग खुल जाने की वजह से बड़ी दुर्घटना नहीं हुई। परंतु मैनेजर सुधांशु गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सहायता से कार चालक को बाहर निकाला गया। और निजी अस्पताल में इलाज करवाया गया। ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर मय ट्रैक्टर फरार हो गया।

### घायल अवस्था में मिला अधेड़

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर सड़क के किनारे खेतों में घायल अवस्था में पड़ा अधेड़, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना शनिवार सुबह 8ः00 बजे की है, जब महाराजगंज बछरावां मार्ग पर सड़क के किनारे खेतों में घायल अवस्था में एक अधेड़ के पड़े होने की जानकारी प्राप्त हुई है। जिसे घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचाने वाला युवक आशीष मिश्रा पुत्र अंजनी निवासी तखत खेड़ा थाना सरेनी के द्वारा पूरी घटना की जानकारी दी गई है। जानकारी के मुताबिक संजय सिंह पुत्र राज किशोर ग्राम तखत खेड़ा थाना सरेनी का निवासी अधेड़ है। जो अपने किसी कार्य से महाराजगंज की ओर गया हुआ था। वापस आते समय अधेड़ शराब पीने का आदी है जो नशे की हालत में था। जिसे कुछ अज्ञात टेंपो चालकों के द्वारा किसी बात को लेकर मारपीट कर सड़क के किनारे फेंक दिया गया। घायल अवस्था में अधेड़ रात भर पड़ा हुआ था। सुबह होश आने पर उसने फोन पर गांव निवासी आशीष मिश्रा को जानकारी दी। जानकारी होते ही आशीष मिश्रा महाराजगंज रोड पर खोजबीन करते हुए रसूलपुर गांव के पास पहुंचे जहां घायल अवस्था में अधेड़ पड़ा हुआ था। जिसे उठाकर ग्रामीणों की मदद से ई-रिक्शा की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां अधेड़ का प्राथमिक उपचार किया गया। परंतु अधेड़ को गंभीर अवस्था में घायल होने के चलते डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

### बाइक सवार ने आगे चल रही बाइक में मारी टक्कर, चार घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बाइक सवार युवक की तेज रफ्तार होने के चलते आगे चल रही बाइक में टक्कर मार दी गई, जिसमें बाइक पर सवार चारों लोग घायल हो गए। घटना 8 नवंबर शुक्रवार रात 8ः00 बजे की घटना है। जब बछरावां महाराजगंज मार्ग पर ग्राम सरैया के निकट बाइक सवार रामकृष्ण पुत्र राम सजीवन उम्र 35 वर्ष अपनी पुत्री निशा 7 वर्ष के साथ बछरावां बाजार से गांव सरैया जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे दो बाइक सवार युवक कमलेश कुमार पुत्र खुशीराम उम्र 22 वर्ष एवं गोपी पुत्र जोधालाल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम थुलेडी अपनी बाइक में पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहे थे। बाइक की तेज रफ्तार होने के चलते गांव की तरफ घूम रहे बाइक सवार ने आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों बाइक पर सवार सभी लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों की सहायता से एंबुलेंस के द्वारा बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चारों घायलों का इलाज किया गया है।

### प्रभावी शिक्षण व्यवस्था मेरी प्राथमिकता : सुनील सिंह

- बीएमपीएस में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी संपन्न

**लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** नगर के बहु प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी संपन्न हुई।उल्लेखनीय है कि बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास करता आ रहा है। बच्चों की शैक्षिक दक्षता को देखने के लिए नियमित शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।प्ले ग्रुप से कक्षा-12 के छात्रों के अभिभावक आज अपने पाल्यों कीअर्धवार्षिक परीक्षा में शैक्षिक दक्षता का अवलोकन करने व प्रोग्रेस रिपोर्ट जानने के लिए विद्यालय में उपस्थित हुए।अभिभावकों ने संबंधित कक्षाअध्यापक व विषयअध्यापक से अपने पाल्यों की शिक्षा संबंधी अच्छाइयों या कमियों को आपस में साझा किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध-निदेशक सुनील सिंह ने अभिभावकों से विचार विमर्श करते हुए यह भरोसा दिलाया कि आपने अपने पाल्य का प्रवेश इस विद्यालय में जिस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कराया है विद्यालय उसमें निरंतर खरा उतरा है और भविष्य भी उसमें निरंतरता बनी रहेगी। भविष्य और प्रभावी शिक्षण व्यवस्था मेरी प्राथमिकता है।प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने अभिभावकों की शिक्षा संबंधी समस्याओं का संबंधित अध्यापकों से त्वरित निराकरण करने का आदेश दिया। प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने अभिभावकों से उनके पाल्यों की कमियो और अच्छाइयों को जानने का प्रयास किया। इस अवसर पर प्ले ग्रुप से कक्षा-12 तक अधिक अभिभावक उपस्थित रहे।



### शिक्षक प्रधान संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शिक्षक ग्राम प्रधान संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बछरावां रोड महराजगंज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर महाराजगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू रहे प्रभात साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा विद्यालय को मॉडल विद्यालय बनाए जा रहे है जिससे कि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में आसानी हो ।वही इस मौके पर सरकार की योजनाओं को और विद्यालय को अच्छा बनाने के लिए 5 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालय के प्रधानों को सम्मानित किया गया। जिसमें सिकंदरपुर मुरैनी राघवपुर हसनपुर तथा सुल्तानपुर ग्राम पंचायत के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी राममिलन यादव एडीओ पंचायत सीताराम विनोद अवस्थी रणविजय सिंह संतलाल लोधी डब्बू सिंह प्रीति यादव केशव चौधरी सहित शिक्षक मौजूद रहे।

# एलआर थंडर ने जीत के साथ बनाई सेमी फाइनल में जगह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

स्टेडियम रायबरेली में स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण के तीसरे दिन मुख्य अतिथि जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आज पहला मैच नगर पालिका सुपरस्टार्स व वी सी सी के बीच खेला गया इसमें टॉस जीतकर वी सी सी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

नगर पालिका सुपरस्टार्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सुधांशु सोनकर के 39 रनों की बदौलत 167 रनों का लक्ष्य रखा, जबकि गेंदबाजी में वी सी सी की ओर से अंकुल ने 2 विकेट हासिल किया।




जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वी सी सी ने बल्लेबाजी में आर्यन राठौर के 66 रनों की बदौलत महज 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। नगर पालिका सुपरस्टार की ओर से गेंदबाजी में आकाश वर्मा ने 6 विकेट हासिल किया। इस मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले आकाश वर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया, जबकि दिन का दूसरा मैच एलआर थंडर व मुशीर दबंग के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलआर थंडर ने निर्धारित ओवरों में कार्तिकेय के 44 रनों की बदौलत 131 रन बनाए। जबकि मुशीर दबंग की ओर से गेंदबाजी में विकाश यादव ने 7 विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुशीर दबंग निर्धारित लक्ष्य नहीं हासिल कर सकी और 85 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। एलआर थंडर की ओर से गेंदबाजी में आशीष त्रिपाठी व प्रियांशु यादव ने 3- 3 विकेट हासिल किया। शानदार हरफनमौला के लिए प्रियांशु यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

यूथ क्रिकेट अकादमी के सचिव सिविल रावत ने बताया की रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण के चौथे दिन पहला मैच एल आर थंडर व वी सी सी के बीच जब की दूसरा मैच सिक्का स्पोर्ट्स क्लब व भारत फाइटर के बीच पंडित मोती लाल नेहरू स्टेडियम में खेला जाएगा। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी स्वर्ण सिंह, मोहम्मद मुशीर, मोहम्मद तफसीर, सरवर अहमद, आदित्य यादव, मोहम्मद अयाज, जितेंद्र यादव, महेंद्र पटेल, अविनीत कन्नौजिया, फारुख, नदीम सिद्दीकी, मनीष सोनकर,अंकुर शुक्ला आदि खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# भव्य व दिव्य होगा कार्तिक पूर्णिमा मेला व डलमऊ महोत्सव : शुभम गौड़

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ एक ऐतिहासिक एवं पौराणिक नगरी है यह रायबरेली जनपद का मुख्य पर्यटक स्थल है प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा पर यहां पर विशाल मेले का आयोजन होता है छोटी काशी के नाम से मशहूर डलमऊ मिल लगने वाला विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेला डलमऊ के महाकुंभ के नाम से भी जाना जाता है इस बार डलमऊ में लगने वाले विशाल प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व दिव्या एवं भव्य होगा कार्तिक पूर्णिमा मेला डलमऊ में लाखों की संख्या में स्नान करने के लिए श्रद्धा गंगा तट डलमऊ के विभिन्न स्नान घाटों पर पहुंचते हैं जनपद एवं प्रदेश के अन्य हिस्सों से पहुंचने वाले श्रद्धालुओ को हर संभव सुविधाये मुहैया कराई जाएंगी



श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा । इस बार कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर मेले को भव्य और दिव्य बनाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष पतिनिधि शुभम गौड़ पूरी तरह से प्रयासरत है कही भी कोई कमी नही छोड़ रहे है ।

कार्तिक पूर्णिमा की तैयारी को लेकर उन्होंने बताया कि 12 तारीख तक सभी तैयारी पूरी कर ली जाएगी तैयारी अंतिम चरण में चल रही है । तैयारियां एकदम भव्य तरीके से होंगी और मेला पिछली बार से अधिक आकर्षक व सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है हम लोग नये पोल लगवा रहे है जिसमे रंग बिरंगी झालरों से सजाया जायेगा और घाटों को सजाया जायेगा। गंगा पुल पर लाइटे लगवाई जा चुकी है नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिथि शुभम गौड़ ने बताया है की डलमऊ महोत्सव को आकर्षक एवं लोकप्रिय बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही हैं इस बार डलमऊ महोत्सव में स्थानीय प्रतिभाओं के साथ-साथ देश एवं प्रदेश कि संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी जो आकर्षण एवं मनमोहक होगी डलमऊ महोत्सव में गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगड़ सहित जनपद की पहचान को प्रदर्शित किया जाएगा डलमऊ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह से प्रयासरत है शुभम गौड़ ने बताया है की रंग बिरंगी झालरों से मुराई बाग चौराहे से डलमऊ रोड पूरी तरह से सजाया जायेगा। घाटो पर बैरीकेटिंग,नाव नाविक की व्यवस्था की जाएगी सांस्कतिक कार्यक्रम गुजरात मध्यप्रदेश, इलाहाबाद, भारत सरकार, संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ अन्य विभागों से कार्यक्रम कराए जायेंगे। जन्मो महोत्सव देखने के लिए जनपद के साथ-साथ पड़ोसी जिलों के लोग बड़ी संख्या में डलमऊ आते हैं महोत्सव में छत्तीसगढ, असम, गुजरात कश्मीर एवं अन्य प्रदेशों से आने वाले व्यापारी अपनी दुकानें लगाते हैं श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए प्रशासन की तरफ से कोई कसर नही छोड़ी जा रही है शासन व प्रशासन की तरफ से हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

# सवर्ण आर्मी के पदाधिकारियों ने संवेदना व्यक्त कर लगाई चौपाल



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष वृजेन्द्र सिंह फौजी ने पदाधिकारियों के साथ सलोन के मोहनगंज गांव में चौपाल लगाई।जहां बीते दिनों दबंगों ने पांच लोगों पर प्राणघातक हमला कर दिया था।जिसमें घायल लोगों व उनके परिजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा।तथा यथा संभव मदद का भरोसा दिया।साथ ही चौपाल में सवर्ण समाज के लोगों को सवर्ण आर्मी की सदस्यता दिलाई।इसी क्रम में सभी पदाधिकारियों ने संगठन के महासचिव योगेंद्र प्रताप सिंह के परिवार के उम्र दराज व्यक्ति के निधन पर उनके पैत्रक गांव पूरे बेलखरिया मजरे सूची में परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।इस मौके पर जिला संरक्षक अरविंद सिंह,जिला महासचिव-योगेन्द्र प्रताप सिंह,जिला उपाध्यक्ष रामगजेन्द्र सिंह,अजय दीक्षित,जिला सचिव

अभिषेक मिश्रा,सलोन तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर त्रिपाठी,जिला आई0टी0सेल प्रभारी आलोक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व वरिष्ठ सम्मानित जन मौजूद रहे।

# डीएम व निर्वाचन अधिकारी ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

- डोर टू डोर जाकर सर्वे कर एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए भरवाए फॉर्म -06

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके ऐसे युवा जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है उनका फॉर्म - 06 भरवाए जाने , मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नामो का अपमार्जन किए जाने तथा मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध नाम की प्रविष्टियों को शुद्ध करने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की विशेष तिथि पर डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा मतदान केंद्र कंपोजिट विद्यालय विशंभरपुर बूथ संख्या - 322 का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर बीएलओ से मतदाता सूची को दुरुस्त किए जाने हेतु कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने निर्देश दिया कि डोर टू डोर सर्वे कर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर ऐसे युवा मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है तथा उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है , उनका फार्म - 06 भरवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने बीएलओ को सभी फॉर्म अनिवार्य रूप से रखे जाने का निर्देश दिया। डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे पात्र व्यक्ति जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है और वह मतदाता नहीं बने है, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म - 06 , शिफ्टेड , डुप्लीकेट नाम का अपमार्जन किए जाने हेतु फार्म - 07, मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध प्रविष्टियों को शुद्ध करने एवं एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक स्थान से दूसरे स्थान पर नाम स्थानांतरण करने हेतु फार्म - 08 भरकर बूथ लेवल अधिकारियों के पास जमा कर सकते हैं। सभी फॉर्म बूथ लेवल अधिकारी से निशुल्क प्राप्त किया जा सकते हैं।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास कुमार तहसीलदार उतरौला सत्यपाल प्रजापति व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### बिना किसी विधिक अधिकार-क्षेत्राधिकार के अन्य की भूमि पर दावा जताने वाले व्यक्तियों पर करें विधिक कार्रवाई : डीएम

माह के दूसरे शनिवार पर डीएम पवन अग्रवाल एवं एसपी विकास कुमार द्वारा थाना उतरौला में आयोजित थाना समाधान दिवस में जनमानस की शिकायतों / समस्याओं को सुना गया तथा कतिपय शिकायतों का मौके पर भी निस्तारण किया गया। उन्होंने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। डीएम ने कहा की भूमि विवाद एवं अन्य लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर जांच कर नजरी नक्शा बनाते हुए हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा की शिकायतों के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने बिना किसी विधिक अधिकार /क्षेत्राधिकार के अन्य की भूमि पर दावा जताने वाले व्यक्तियों पर विधिक कारवाही किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान सीओ उतरौला राघवेन्द्र सिंह , तहसीलदार उतरौला व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### ग्राम विकास अधिकारी के स्थानांतरण की मांग

**प्रधानों ने लगाया कमीशनखोरी और कार्य में बाधा डालने का आरोप**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** उतरौला विकास खंड के ग्राम विकास अधिकारी अमित कुमार मौर्य की कार्यशैली को लेकर क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों में भारी असंतोष व्याप्त है। क्लस्टर एक मसीहबाद ग्रंट और क्लस्टर दो पेहर के अंतर्गत आने वाली करीब आठ ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने उनके स्थानांतरण की मांग करते हुए एक संयुक्त प्रार्थना पत्र मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को भेजा है।

ग्राम प्रधानों ने आरोप लगाया है कि विकास कार्यों के लिए चर्चा के दौरान अधिकारी द्वारा पहले कमीशन की राशि तय की जाती है और साठ-चालीस के अनुपात में काम देने की बात की जाती है। प्रधानों का कहना है कि यदि वे इस पर विरोध करते हैं, तो ग्राम विकास अधिकारी पंचायत के कार्यों में बाधा डालते हैं, जिससे कई विकास कार्य लंबित हो जाते हैं। इसके कारण स्थानीय जनता का आक्रोश प्रधानों पर पड़ता है, जिससे उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

प्रधानों ने सामूहिक रूप से आरोप लगाया है कि विकास कार्यों में इस प्रकार की रुकावट और कमीशनखोरी के कारण गांवों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस मामले में उचित कार्रवाई की जाए और अधिकारी का स्थानांतरण किया जाए ताकि क्षेत्र में विकास कार्य बिना बाधा के संपन्न हो सकें।

# सूचना एवं तकनीकी विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

समग्र शिक्षा (माध्यमिक शिक्षा) लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित केंद्र पुरोनिधानित रिवाइज्ड व्यावसायिक शिक्षा योजना के अंतर्गत विद्यालय में ट्रेड-आई. टी. में नामांकित कक्षा- 9 व कक्षा - 10 के 103 छात्रों को अतिथि विषय विशेषज्ञ आशुतोष कुमार पांडेय द्वारा व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आशीष कुमार मौर्य वोकेशनल ट्रेनर अरविंद कुमार मिश्रा,



शिक्षकों में सुरेंद्र चौधरी, शिव वंश वर्मा, शिवेंद्र त्रिपाठी, संजय यादव, बदरे आलम आदि उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने व्याख्यान की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में सूचना एवं तकनीकी के समसामयिक महत्व के विषय में जागरूकता बढ़ेगी, इससे बच्चों का भविष्य सुरक्षित और उज्जवल होगा ।इसलिए प्रदेश के लगभग सभी राजकीय इंटरमीडिएट विद्यालयों में व्यावसायिक वर्ग में आईटी विशेषज्ञों की सेवाएं ली जा रही हैं।

### कार की टक्कर से बाइक सवार डिलीवरी बॉय घायल

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार डिलीवरी बॉय को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला सलोंन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत गौवा चौराहा का हैं। जहां बाइक सवार सचिन मौर्या (25) पुत्र पंचलाल निवासी डेला थाना डीह को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया। जिससे सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद कार अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे गड्ढे में चली गई जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकला गया। काफी इंतजार के बाद एंबुलेंस न पहुंचने पर पुलिस ने निजी वाहन से जिला अस्पताल भेजा। घायल युवक डिलीवरी बॉय का काम करता था। सामान देने जा रहा था। वहीं पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया।

# शौच के लिए गया युवक नहर में डूबा, मौत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय क्षेत्र से एक दुखद खबर सामने आई है।जहाँ नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। यह दर्दनाक घटना सादुल्लानगर के अहरौला गांव में हुई है, जहाँ सुबास नाम का युवक नहर में डूब गया।बताया जा रहा है कि सुबास उम्र करीब 28 वर्ष,कल शाम को घर से शौच के लिए निकला था। पूरी रात गायब था।सुबह ग्रामीणों ने देखा। नहर का बहाव तेज था, और अनजाने में उसका पैर फिसल गया।



जिससे वह नहर में गिर गया।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। काफी प्रयासों के बाद युवक के शव को नहर से बाहर निकाला गया।

मृतक के पिता कुटुटर ने बताया कि सुबास के दो बच्चे हैं। एक लड़की(राधा)उम्र 5 साल और एक लड़का(विक्की)2 साल का है। सुबास को मिर्गी भी आती थी। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि हमने जैसे ही घटना की सूचना पाई, तुरंत टीम को मौके पर भेजा। स्थानीय लोगों की मदद से युवक के शव को नहर से बाहर निकाला गया है। मामले की जांच जारी है।

## हरियाणा की विफलता

अतीत में भी हरियाणा का लिंग अनुपात असंतुलन राज्य के लिये असहज करने वाली स्थिति ही रही है। कालांतर सरकार के प्रयासों व जन जागरूकता के चलते स्थिति में कुछ सुधार आया था। लेकिन एक बार फिर परेशान करने वाली हकीकत सामने आई है। दरअसल, वर्ष 2023 की तुलना में इस साल के दस महीनों की अवधि यानी जनवरी से अक्तूबर के बीच जन्म के समय लिंग अनुपात में ग्यारह अंकों की गिरावट दर्ज की गई है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि जिस राज्य को लगभग एक दशक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रमुख रूप से 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू करने के लिये चुना, वहां जन्म के समय लिंग अनुपात में फिर गिरावट दर्ज की गई है। लंबे समय से लिंग असंतुलन से जूझ रहे इस राज्य को एक बार फिर चिंताजनक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में जब इस साल के सिर्फदो महीने की बाकी हैं, स्थिति में अधिक बदलाव की उम्मीद करना बेमाने ही होगा। जैसे कि हालात हैं इतने कम समय में बड़ा बदलाव संभव नहीं है। तो इसे पिछले आठ वर्षों की सबसे बड़ी गिरावट के रूप में देखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में जन्म के समय का लिंगानुपात वर्ष 2015 में 876 से बढ़ने पर आशातीत परिवर्तन की शुरूआत हुई थी। इसी साल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत भी की गई थी। कालांतर सरकारी प्रयास और जन भागीदारी से इस दिशा में आशातीत परिणाम सामने आए। जिसके चलते वर्ष 2019 में लिंगानुपात 923 के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक जा पहुंचा था। लेकिन हाल के वर्षों में इसमें फिर गिरावट देखी जा रही है। जो तंत्र को आत्ममंथन को बाध्य करती है कि इस गिरावट के तात्कालिक कारण क्या हो सकते हैं। यह भी एक हकीकत है कि सकारात्मक बदलाव सिर्फसरकारी प्रयासों से ही संभव नहीं। इसके लिये समाज में व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना नितांत जरूरी हो गया है। यह भी एक हकीकत है कि हरियाणा में लिंग अनुपात में आई गिरावट कहीं न कहीं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता की ओर इशारा करती है। ऐसे कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये जरूरी है कि बालिकाओं के जन्म को लेकर समाज में प्रगति की सोच विकसित की जाए। जिसका मकसद हो कि समाज में बालिकाओं के जन्म और अधिकारों को लेकर व्यावहारिक परिवर्तन लाया जाए। लोग बेटियों को लेकर किसी तरह की असुरक्षा महसूस न करें। मौजूदा स्थितियों को देखकत तो ऐसा लगता है कि हमारा तंत्र कन्या भ्रूण हत्या संकट खत्म करने के लक्ष्यों से अभी भी काफी दूर है। वहीं दूसरी ओर लिंग निर्धारण परीक्षणों में शामिल लोगों के खिलाफदर्ज प्राथमिकियों की संख्या में इस साल आई चिंताजनक गिरावट कानून प्रवर्तन और स्वास्थ्य एजेंसियों की कार्यशैली पर एक सवालिया निशान भी है। निस्संदेह, भ्रूण हत्या जैसे कृत्य करने वाले लोगों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने से किसी भी स्तर पर चूक नहीं की जानी चाहिए। एक और बड़ी चुनौती समाज में गहरी जड़ें जमा चुकी पितृसत्तात्मक मानसिकता को बदलने की भी है। इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि लिंगानुपात में विषमता उस राज्य के लिये शर्मिंदगी की ही बात है, जिसकी तमाम महिला खिलाड़ी, विशेष रूप से महिला पहलवान, महिला निशानेबाज और महिला मुक्केबाज अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में धूम मचा रही हैं। ऐसे वक्त में जब हाल ही में डबल इंजन सरकार को राज्य के लोगों ने लगातार तीसरी बार सकारात्मक परिवर्तन के लिये चुना है, उसका भी दायित्व बनता है कि तंत्र की कारगुजारियां समाज में बदलाव की वाहक बनें।

# भारतीयता के लिए राजाओं के योगदान को स्वीकारें राहुल

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**



**हमने अपनी स्वतंत्रता किसी दूसरे देश के हाथों नहीं खोई; हमने इसे एक एकाधिकारवादी निगम के हाथों खो दिया जो एक दमनकारी तंत्र चलाता था।'' वास्तव में राहुल गांधी आज जहां जो लिख रहे हैं, उस पर गहराई से विचार किया जा सकता है, यह कितना सच है? क्या भारत के सभी शासन एक समान थे? परतंत्र होते हुए भी कई जगह इन शासकों ने लगातार अंग्रेजों से लोहा लिया है और यह क्रम सतत 1947 स्वाधीनता पूर्व तक यथावत मिलता है। इसके आज कई साक्ष्य भी मौजूद हैं, फिर भी क्या राहुल गांधी द्वारा किसी गंभीर विषय का सरलीकरण करके सभी को एक समान मानना सही है। स्वाधीनता पूर्व के राजा-महाराजा दब्बू थे या अपने समय, काल और परिस्थितियों में अति योग्य, यह राहुल गांधी आज किस आधार पर तय कर सकते हैं।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने हालिया छपे एक लेख को लेकर चर्चा में हैं, वे जब बोलते हैं, तो अक्सर कुछ ऐसा बोल देते हैं, कि लोग उनकी आलोचना किए बगैर नहीं रहते, जब वे लिखते हैं तो उसमें भी वह कुछ ऐसा जरूर लिख देते हैं कि लोगों के बीच नकारात्मक अर्थों में वे चर्चा का विषय जरूर बने। अब यह इस देश की मजबूरी हो सकती है कि सभी को उन्हें सुनना और पढ़ना पड़ता है, वह इसलिए कि वे केंद्रीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस वक्त नेता प्रतिपक्ष हैं।

देश के कई राज्यों में उनकी पार्टी मुख्य विपक्षी पार्टी है और कुछ में सत्ता में है। राहुल का जन्म ही सत्ता के बीच ऐसे परिवेश और परिवार में हुआ है, जिसे कई दफे ना चाहते हुए भी सुनना हर भारतीय की मजबूरी हो सकती है। इसलिए वे कई बार वह लिख और बोल जाते हैं जो उन जैसे अति महत्व के पद पर बैठे हुए व्यक्ति को शोभा नहीं देता है। क्योंकि जो नफरती नैरेटिव वह गढ़ रहे हैं, उसका यदि कभी कहीं कोई नुकसान हुआ तो वह देश को भुगतना पड़ेगा। इस वक्त राहुल गांधी की सर्वत्र चर्चा सुनने को मिल रही है और यह चर्चा कोई सकारात्मक संदर्भ में नहीं हो रही, अपने लिखे एक लेख के जरिए उन्होंने जिस तरह से देश के राजा-महाराजाओं को कटघरे में खड़ा किया है, उससे इतना तो साफ हो गया है कि उन्हें भारतीय इतिहास का बहुत ज्ञान नहीं है, अन्यथा जो उन्होंने अपने लेख में लिखा है वह वे कभी नहीं लिखते। राहुल गांधी ने सभी राजा-महाराजाओं को एक ही श्रेणी में खड़ा कर दिया है, जो पूरी तरह असत्य है। भारत की स्वाधीनता में कई राजाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, बल्कि स्वाधीनता के बाद जिन्ना जब भारत की तमाम रियासतों को अपने में मिलाने के लिए उन पर डोरे डाल रहे थे, तब ग्वालियर के सिंधिया परिवार समेत कई राज परिवार ऐसे थे, जिन्होंने जिन्ना को उनका स्थान दिखा दिया और कई अन्य राजपरिवारों को भारत में सम्मिलित होने के लिए तैयार किया था। लेकिन राहुल गांधी आज अपने लेख में क्या लिख रहे हैं, ''भारत के राजघरानों को ईस्ट इंडिया कंपनी ने चुप करा दिया था। यह अपनी व्यापारिक ताकत से नहीं, बल्कि अपनी पकड़ से चुप करा दिया था। कंपनी ने हमारे अधिक दब्बू महाराजाओं और नवाबों के साथ साझेदारी करके, उन्हें रिश्वत देकर और धमका कर भारत का गला घोंट दिया। इसने हमारे बैंकिंग, व्यापार और सूचना नेटवर्क को नियंत्रित किया। हमने अपनी स्वतंत्रता किसी दूसरे देश के हाथों नहीं खोई; हमने इसे एक एकाधिकारवादी निगम के हाथों खो दिया जो एक दमनकारी तंत्र चलाता था।'' वास्तव में राहुल गांधी आज जहां जो लिख रहे हैं, उस पर गहराई से विचार किया जा सकता है, यह कितना सच है? क्या भारत के सभी शासन एक समान थे? परतंत्र होते हुए भी कई जगह इन शासकों ने लगातार अंग्रेजों से लोहा लिया है और यह क्रम सतत 1947 स्वाधीनता पूर्व तक यथावत मिलता है। इसके आज कई साक्ष्य भी मौजूद हैं, फिर भी क्या राहुल गांधी द्वारा किसी गंभीर विषय का सरलीकरण करके सभी को एक समान मानना सही है। स्वाधीनता पूर्व के राजा-महाराजा दब्बू थे या अपने समय, काल और परिस्थितियों में अति योग्य, यह राहुल गांधी आज किस आधार पर तय कर सकते हैं, वह भी एक धारणा सभी के लिए? ऐसे में सोचने में यही आ रहा है कि कल तक ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे थे, आज उनका यह लेख पढ़ कर ज्योतिरादित्य सिंधिया को यह जरूर लगा होगा कि अच्छा हुआ वे कांग्रेस छोड़ आए और आज राहुल गांधी के साथ नहीं खड़े हैं। उनकी आई यह सख्त टिप्पणी भी इस ओर ही इशारा करती है, सिंधिया ने राहुल गांधी के लेख को पढ़कर बोला है, ''नफरत बेचने वालों को भारतीय गौरव और इतिहास पर व्याख्यान देने का कोई अधिकार नहीं है। राहुल गांधी की भारत की समृद्ध विरासत के बारे में अज्ञानता और उनकी औपनिवेशिक मानसिकता ने सभी हदें पार कर दी हैं। यदि आप राष्ट्र के उत्थान का दावा करते हैं तो भारत माता का अपमान करना बंद करें और महादजी सिंधिया, युवराज बीर टिकेंद्रजीत, कित्तूर चेन्नम्मा और रानी वेलु नचियार जैसे सच्चे भारतीय नायकों के बारे में जानें, जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता के लिए जमकर लड़ाई लड़ी। स्वयं के विशेषाधिकारों के बारे में आपकी चुनिंदा भूल उन लोगों के लिए अन्याय है, जो वास्तव में प्रतिकूल परिस्थितियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, आपकी असहमति केवल कांग्रेस के एजेंडे को और उजागर करती है, राहुल गांधी आत्मनिर्भर भारत के चैंपियन नहीं हैं, केवल एक पुराने अधिकार के उत्पाद हैं! भारत की विरासत गांधी शीर्षक से शुरू या समाप्त नहीं होती है। केवल पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ही हमारे असली योद्धाओं की कहानियों का जश्न मनाया जा रहा है! भारत के इतिहास का सम्मान करें या उसके लिए बोलने का दिखावा न करें!''

देखा जाए तो सिंधिया सही कह रहे हैं, इस संदर्भ में थोड़ा इतिहास भी देख लेना चाहिए, ''जिन्ना राज्यों के विलय के विरोधी थे और उन्होंने कुछ सीमावर्ती राज्यों को पाकिस्तान के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए लुभाने की पूरी कोशिश की। एक विशिष्ट मामला जोधपुर के महाराजा और जैसलमेर के महाराज कुमार का था, जिन्हें जिन्ना ने आमंत्रित किया था। बातचीत के दौरान, जिन्ना ने एक खाली कागज पर हस्ताक्षर किए और इसे जोधपुर के महाराजा को देते हुए कहा, आप अपनी सभी शर्तें भर सकते हैं।

महाराजा को प्रलोभन दिया गया और उन्होंने महाराज कुमार की ओर रुख किया, जिन्होंने जिन्ना से कहा- यदि मेरे राज्यों में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच कोई विवाद होता है तो मैं हिंदुओं के खिलाफ मुसलमानों का पक्ष नहीं लूंगा। जादू टूट गया, जिन्ना के पास कोई जवाब नहीं था। शासक अपने राज्यों में वापस लौटे और पाया कि उनके सामंत और रईस पाकिस्तान के साथ किसी भी समझौते का हिंसक विरोध कर रहे थे''(संदर्भ- कांग्रेस संदेश, 06 अक्टूबर 2022, लेख- सरदार पटेल और राज्यों का एकीकरण, कैप्टन प्रवीण डावर) यहां ये कुछ अन्य उदाहरण देखे जा सकते हैं- जीवाजी राव सिंधिया, उन पांच राजाओं में शुमार थे, जिन्होंने सबसे पहले अपनी रियासत का भारत में विलय किया था।

## विचार

# भोजन की गुणवत्ता व शैली, दोनों जरूरी

**हृदयनारायण दीक्षित**



आहार व्यक्तित्व का आधार है। आहार पर भी देशकाल का प्रभाव होता है। ठंडी जलवायु वाले देशों में शरीर के ताप को विशेष स्तर पर बनाए रखने की जरूरत होती है। ऐसे देशों में अधिक ऊष्मा देने वाले आहार का चलन होता है। प्राचीन भारत में आहार की दृष्टि से व्यापक चिंतन हुआ है। अन्न ही काया का निर्माता है, इसी से ऊर्जा है, इसी से प्राण और जीवन भी। वैदिक समाज ने भोजन का गहन विवेचन किया है, वैदिक काल में आर्यों के मुख्य भोज्य पदार्थ अन्न, कन्द, मूल, फल, दूध और घृत थे।

ब्रीहि, यव, तिल माश-उड़द, सरसों और गन्ने का उल्लेख मिलता है। तंदुल का उल्लेख भी है। यह चावल है। उबाले गए तण्डुलों को 'ओदन' कहते थे। उन्होंने ऋग्वेद में 'क्षीरपाकमोदनम्'-दूध में पकाए चावल का भी उल्लेख किया है। छान्दोग्य उपनिषद् में आहार को मुक्तिदाता कहा है। कहते हैं कि आहार शुद्धि से सत्व-सिद्धि होती है। सत्व सिद्धि से सुंदर स्मृति मिलती है। स्मृति से तत्व ज्ञान मिलता है और तत्वज्ञान से मुक्ति मिलती है। आहार शुद्धि के लाभ महत्वपूर्ण हैं। भोजन की गुणवत्ता जरूरी है और भोजन शैली की भी। शतपथ ब्राह्मण व तैत्तिरीय ब्राह्मण के अनुसार तब भोजन दो बार किया जाता था। बैठ कर भोजन की परंपरा थी। ऋग्वेद में भोजन की स्तुति भी है। ब्रह्म पुराण के अनुसार घोड़ा, गाड़ी, मंदिर, बिस्तर पर भोजन नहीं करना चाहिए। भोजन के शिष्टाचार भी प्राचीन साहित्य में हैं। जैसे पंक्ति में प्रथम स्थान पर आग्रह के बाद ही बैठना चाहिए। सबके साथ ही उठना चाहिए। भविष्य पुराण में निषिद्ध भोजन के उल्लेख हैं। गंदे हाथों से परोसा गया, कुत्तों आदि से छुआ गया भोजन दुष्ट कहा गया है। बासी, दुर्गंध युक्त भोजन या बच्चा देने के 10 दिन के भीतर का गोदूध 'कालदुष्ट' कहा गया है।

शरीर, मन, बुद्धि और प्रज्ञा के निर्माण में अन्न की भूमिका है। तैत्तिरीय उपनिषद् में वरूण द्वारा पुत्र भृगु को दिया गया उपदेश है। भृगु ने पिता वरूण से ब्रह्म की जिज्ञासा की। वरूण ने कहा, ÷अन्न, प्राण, नेत्र, कान, मन और वाणी ब्रह्म प्राप्ति के द्वार हैं। भृगु ने निश्चय किया ÷अन्न ब्रह्म है-अन्नं ब्रह्मेमति व्यजनत। प्राणी अन्न से बढ़ते हैं। मृत्यु के बाद अन्न क्षेत्र पृथ्वी में समा जाते हैं। अन्न महत्वपूर्ण है। भौतिकवादी उपनिषद् साहित्य को अंधविश्वासी, भाववादी बताते हैं। वे वैदिक साहित्य का दार्शनिक यथार्थवाद नहीं देखते। एक मंत्र में कहते हैं यह व्रत संकल्प है कि अन्न की निन्दा न करें-अन्नं न निन्द्यात। अन्न ही प्राण है। प्राण ही अन्न है। यह शरीर भी अन्न है। शरीर और प्राण का अंतर्सम्बंध है।

**अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है। जो यह जान लेता है, वह महान हो जाता है-महान् भवति, महानकीत्र्या। (7वां अनुवाक) फिर बताते हैं यह व्रत है कि अन्न का अपमान न करे-अन्नं न परिचक्षीत, तद् व्रतम्। जल अन्न है। जल में तेज है, तेज जल में प्रतिष्ठित है, अन्न में अन्न प्रतिष्ठित है। जो यह जानते हैं वे महान होते हैं, कीर्तिवान होते हैं। (8वां अनुवाक) फिर कहते हैं यह व्रत है कि खूब अन्न पैदा करे-अन्नं बहुकुर्वीत। पृथ्वी अन्न है, आकाश अन्नाद है। आकाश में पृथ्वी है, पृथ्वी में आकाश है। जो यह बात जानते है वे अन्नवान हैं, महान बनते हैं।**

अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है। जो यह जान लेता है, वह महान हो जाता है-महान् भवति, महानकीत्र्या। (7वां अनुवाक) फिर बताते हैं ÷यह व्रत है कि अन्न का अपमान न करे-अन्नं न परिचक्षीत, तद् व्रतम्। जल अन्न है। जल में तेज है, तेज जल में प्रतिष्ठित है, अन्न में अन्न प्रतिष्ठित है। जो यह जानते हैं वे महान होते हैं, कीर्तिवान होते हैं। (8वां अनुवाक) फिर कहते हैं यह व्रत है कि खूब अन्न पैदा करे-अन्नं बहुकुर्वीत। पृथ्वी अन्न है, आकाश अन्नाद है। आकाश में पृथ्वी है, पृथ्वी में आकाश है। जो यह बात जानते है वे अन्नवान हैं, महान बनते हैं। (9वां अनुवाक) उपनिषद् का अंतिम मंत्र बड़ा प्यारा है ÷व्रत है कि घर आए अतिथि की अवहेलना न करें। अन्न का प्रबंध करें। अतिथि से श्रद्धापूर्वक कहे-अन्न तैयार है। ऐसा करने वाले के घर अन्न रहता है, मध्यम और साधारण रीति से इस कार्य करने वाले के घर साधारण अन्न भंडार ही रहता है।

(10वां अनुवाक) यहां आहार का अर्थ अन्न है। उत्तरवैदिक काल की प्रश्नोपनिषद् (1.14) में अन्न को प्रजापति ब्रह्म बताया गया है-अन्नं वै प्रजापति। ऐतरेय उपनिषद् में कहते हैं, सृष्टि रचना के पूर्व 'वह' अकेला था, दूसरा कोई नहीं था। उसने सृजन की इच्छा की-स ईक्षत् लोकान्नु सृजा इति। उसने लोक रचे। उसने लोकपाल रचे। फिर इच्छा की कि अब लोक और लोकपालों के लिए अन्न सृजन करना चाहिए। उसने अन्न बनाये।

(खण्ड 2 से खण्ड 3 तक) योगसूत्र बहुत बाद में रचे गये। उपनिषदों में शरीर अन्नमय कोष है। योग सूत्रों में भी शरीर को अन्नमय कोष कहा गया। भारत में अतिप्राचीन काल से अन्न ही प्रमुख भोजन रहा है। चरक संहिता में आहार जीवों का प्राण कहा गया है- वह अन्न-प्राण मन को शक्ति देता है, शरीर की सम्पूर्ण धातुओं व बल वर्ण और इन्द्रियों को प्रसन्नता देता है।÷ आहार शुद्धि का ध्यान रखा जाना चाहिए। बताते हैं ÷भोजन से उदर पर दबाव न पड़े, हृदय की गति पर अवरोध न हो, उदर में क्रूरता न हो, इन्द्रियां (भी) तृप्त रहें। गीता में सत्व, रज और तम के अनुसार भोजन को तीन प्रकार का बताया गया, लेकिन चरक की स्थापना है सत्व, रज और तम के प्रभाव में मन तीन तरह का दिखाई पड़ता है परन्तु वह एक है। मन बड़ा कारक है। मनोनुकूल स्थान पर भोजन करने के अतिरिक्त लाभ हैं, मन-अनुकूल स्थान पर भोजन से मानसिक विकार नहीं होते।

## स्वदेशी व वैश्वीकरण के बीच सामंजस्य चाहते थे ठेंगड़ी

**प्रहलाद सबनानी**

दत्तोपंत जी ठेंगड़ी का जन्म 10 नवम्बर, 1920 को दीपावली के दिन, महाराष्ट्र के वर्धा जिले के आर्वी नामक ग्राम में हुआ था। उनके पित्ताजी श्री बापूराव दाजीबा ठेंगड़ी, सुप्रसिद्ध अधिवक्ता थे तथा माताजी श्रीमती जानकी देवी गंभीर आध्यात्मिक अभिरूचि सम्पन्न थीं। उन्होंने बचपन में ही अपनी नेतृत्व क्षमता का आभास करा दिया था क्योंकि मात्र 15 वर्ष की अल्पायु में ही, आप आर्वी तालुका की 'वानर सेना' के अध्यक्ष बने तथा अगले वर्ष, म्यूनिसिपल हाई स्कूल आर्वी के छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गये थे। आपने बाल्यकाल से ही अपने आप को संघ के साथ जोड़ लिया था और आपने अपने एक सहपाठी और मुख्य शिक्षक श्री मोरोपंत जी पिंगले के सानिध्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ शिक्षा वर्गों का तृतीय वर्ष तक का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया। आपके वर्ष 1936 से नागपुर में अध्यनरत रहने तथा मोरोपंत जी से मित्रता के कारण आपको डॉक्टर जी को प्रत्यक्ष देखने एवं सुनने का अनेक बार सौभाग्य प्राप्त हुआ और आगे चलकर आपको गुरूजी का भी अगाध स्नेह और सतत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। दिनांक 22 मार्च 1942 को संघ के प्रचारक का चुनौती भरा दायित्व स्वीकार कर आप सुदूर केरल प्रान्त में संघ का विस्तार करने के लिए कालीकट पहुंच गए थे। दत्तोपंत जी बचपन में ही संघ के साथ जुड़ गए थे अतः आपके व्यक्तित्व में राष्ट्रीयता की भावना स्पष्ट रूप से झलकती थी। आपके व्यक्तित्व का चित्रण करते हुए भानुप्रताप शुक्ल जी लिखते हैं कि ÷रहन-सहन की सरलता, अध्ययन की व्यापकता, चिन्तन की गहराई, ध्येय के प्रति समर्पण, लक्ष्य की स्पष्टता, साधना का सातत्य और कार्य की सफलता का विश्वास, दत्तोपंत ठेंगड़ी का व्यक्तित्व रूपायित करते हैं।

चूंकि दत्तोपंत जी मजदूर क्षेत्र से सम्बंधित रहे थे अतः आपको वर्ष 1969 में भारत के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधि मंडल के सदस्य के रूप में रूस एवं हंगरी जाने का मौका मिला। यह यात्रा आपके लिए साम्यवाद के वास्तविक स्वरूप का बारीकी से अध्ययन करने का एक अच्छा अवसर साबित हुई। इस यात्रा के बाद आपने अनुभव किया कि साम्यवादी विचारधारा में खोखलापन है एवं यह कई अन्तर्विरोधों से घिरी हुई है। हालांकि उस समय दुनिया के कई देशों में साम्यवाद अपनी बुलंदियों को छू रहा था, परंतु दत्तोपंत जी ने उसी समय पर बहुत आत्मविश्वास के साथ कहा था कि आगे आने वाले समय में साम्यवाद अपने अन्तर्विरोधों के कारण स्वतः ही समाप्त हो जाएगा इसके लिए किसी को किसी प्रकार के प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। आज परिणाम हम सभी के सामने है। इसी प्रकार आपकी आर्थिक दृष्टि भी बहुत स्पष्ट थी। आर्थिक क्षेत्र के संदर्भ में साम्यवाद एवं पूंजीवाद दोनों ही विचारधाराएं भौतिकवादी हैं और इन दोनों ही विचारधाराओं में आज तक श्रम एवं पूंजी के बीच सामंजस्य स्थापित नहीं हो पाया है। इस प्रकार, श्रम एवं पूंजी के बीच की इस लड़ाई ने विभिन्न देशों में श्रमिकों का तो नुकसान किया ही है साथ ही विभिन्न देशों में विकास की गति को भी बाधित किया है। आज पश्चिमी देशों में उपभोक्तावाद के धरातल पर टिकी पूंजीवादी अर्थव्यवस्थाओं पर भी स्पष्टतः खतरा मंडरा रहा है। 20वीं सदी में साम्यवाद के धराशायी होने के बाद एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि साम्यवाद का हल पूंजीवाद में खोज लिया गया है। परंतु, पूंजीवाद भी एक दिवास्वप्न ही साबित हुआ है और कुछ समय से तो पूंजीवाद में छिपी अर्थ सम्बंधी कमियां धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। पूंजीवाद के कट्टर पैरोकार भी आज मानने लगे हैं कि पूंजीवादी व्यवस्था के दिन अब कुछ ही वर्षों तक के लिए सीमित हो गए हैं और चूंकि साम्यवाद तो पहिले ही पूरे विश्व में समाप्त हो चुका है अतः अब अर्थव्यवस्था सम्बंधी एक नई प्रणाली की तलाश की जा रही है जो पूंजीवाद का स्थान ले सके। वैसे भी, तीसरी दुनियां के देशों में तो अभी तक पूंजीवाद सफल रूप में स्थापित भी नहीं हो पाया है। धरातल पर अर्थ के क्षेत्र में हम आज जो उक्त वास्तविकता देख रहे हैं, यह दत्तोपंत जी की दृष्टि ने अपने जीवनकाल में बहुत पहिले ही देख ली थी।



## राशिफल

**मेष :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**बृषभ :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्यरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**सिंह :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनु :-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकर :-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मीन :-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा।

# कायम रहेंगे अमेरिका-भारत के गर्मजोशी भरे रिश्ते

**मयंक छाया**



अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से चुने जाने के साथ हाल के वर्षों में नई दिल्ली के प्रति वाशिंगटन के सौहार्द्रपूर्ण संबंधों की गर्मजोशी कायम रहने की संभावना है। ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बहुचर्चित व्यक्तिगत श्दोस्तीश् से द्विपक्षीय कूटनीति में आसानी बढ़ने की उम्मीद है। बहरहाल, मार्च 2000 में पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के बाद से दोनों लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गहरा बदलाव आया है। यह पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के 1978 में भारत आने के लगभग चौथाई सदी के बाद की बात है।

क्लिंटन के उत्तराधिकारियों जॉर्ज डब्ल्यू बुश, बराक ओबामा, ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन के तहत ये संबंध उत्तरोत्तर मजबूत हुए हैं। एक मायने में वैश्विक परिस्थितियों में आए बदलाव ने भारत-अमेरिका संबंधों को पिछले तीन दशकों में चीन के नाटकीय उदय को समानांतर ढंग से संगठित कर दिया है। अपने वैश्विक प्रभाव में चीन अब व्यावहारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका को टक्कर दे रहा है। चीन के संदर्भ में यह अनुमान लगाया गया है कि यह उम्मीद करना उचित होगा कि व्हाइट हाउस में न तो हैरिस और न ही ट्रम्प वास्तविक रूप से अपनी नीति और दिशा बदलते।

उल्लेखनीय है कि बीजिंग को वाशिंगटन अपना वैश्विक अभिशाप मानता है और जिसके अगले दो दशकों या उससे अधिक समय तक बने रहने की संभावनाएं हैं इसलिए कोई भी अमेरिकी प्रशासन निकट भविष्य में भारत के साथ अपने संबंधों को कमजोर करने का जोखिम नहीं उठाएगा। भारत-चीन ने हाल में चार साल पुराने अपने सीमा विवाद को समाप्त कर दिया है लेकिन संबंधों में हालिया गर्माहट के बावजूद यह स्थिति नहीं बदलेगी। इस समझौते के कारण पैदा हुए नए हालात भारत को अमेरिका के साथ मजबूत रणनीतिक संबंधों, रूस के साथ ऐतिहासिक रूप से मजबूत मित्रता और अब चीन के साथ रिश्तों की अनूठी स्थिति में रखता है।

उम्मीद की जा रही है कि ट्रंप के नए प्रशासन में मोदी सरकार के प्रति निवर्तमान बाइडेन प्रशासन का सोचा समझा व्यावहारिक दृष्टिकोण जारी रहेगा। बाइडेन कई मोर्चों पर भारत-अमेरिका संबंधों को ऊंचा उठाते थे और व्यक्तिगत रूप से गहराई से जुड़े हुए थे। इसके विपरीत ट्रम्प के बारे में धारणा है कि टैक्स के मुद्दे पर अपनी असाधारण आसक्ति के अलावा एक क्षेत्र के रूप में दक्षिण एशिया के साथ और उसके केन्द्र के तौर पर उनके भारत के साथ ज्यादा जुड़ाव की कम उम्मीद है। ट्रम्प ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में भारत को च्एक प्रमुख श्उल्लंघनकर्ताश् कहा है और भारत सहित दुनिया में कहीं से भी सभी आयातों पर एक पूर्ण टैरिफ संरचना की धमकी दी है। हालांकि यह देखा जाना बाकी है कि क्या वे वास्तव में उस खतरे को अंजाम देंगे जिस हद तक वे सभी देशों पर 20 प्रतिशत और चीन पर 60 फीसदी के बीच दावा कर चुके हैं। इसके अलावा, उनके नई दिल्ली के प्रति मैत्रीपूर्ण होने की संभावना है।

व्हाइट हाउस में वापस आने पर अमेरिका को नया रूप देने की उनकी कट्टरपंथी योजनाओं को देखते हुए उनकी योजना में भारत के तुरंत शामिल होने की उम्मीद नहीं है। ब्लूमबर्ग इकानॉमिक्स के एक अनुमान के अनुसार, ट्रम्प टैरिफ के कारण भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2028 तक 0.1 प्रश कम होगा। यह छोटी संख्या है लेकिन द्विपक्षीय संबंधों पर इसका मनोवैज्ञानिक असर पड़ सकता है। भारत के संदर्भ में ट्रम्प का एक ऐसा पहलू है जिसे अक्सर नजरंदाज किया जाता है, वह है भारत में उनके व्यावसायिक हित। पुलित्जर पुरस्कार विजेता पत्रकार व लेखक डेविड के जॉनस्टन 1988 के बाद से ट्रम्प को सबसे लंबे समय तक कवर कर रहे हैं और उनका कहना है कि उनके कुछ सबसे लाभदायक निवेश भारत में हैं जहां इमारतों पर उनका नाम है। भारत के प्रति रुख का उनके कारोबारी हितों पर मामूली असर पड़ सकता है। ट्रम्प प्रशासन के दौरान द्विपक्षीय संबंधों का एक क्षेत्र-इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नालॉजी (आईसीईटी) है जिस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है।

तथ्य यह है कि आईसीईटी अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और उन्नत टेलीकम्युनिकेशन जैसी शक्तिशाली प्रौद्योगिकियों के स्पेक्ट्रम पर रणनीतिक सहयोग पर केंद्रित है और यह एक तरह से इसकी अपनी ढाल है। यह विशेष रूप से इसलिए है क्योंकि चीन इन क्षेत्रों में सफलता हासिल करने के लिए बहुत तेजी से भाग रहा है। इसलिए भारत तथा संयुक्त राज्य अमेरिका दोनों के लिए सहयोग करना महत्वपूर्ण है ताकि बीजिंग उनसे आगे निकल न जाए। समान रूप से अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र- आर्टिफिशियल इंटलिजेन्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी एवं क्लीन एनर्जी (क्लीन या कार्बन मुक्त एनर्जी का अर्थ इस प्रकार से विद्युत उत्पादन करने से है जिसमें इस दौरान कार्बन डाई आक्साईड जैसी ग्रीनहाऊस गैसों का सीधा उत्पादन न होता हो) हैं। ये सभी क्षेत्र अगले 100 वर्षों तक दुनिया के काम करने के तरीके को निर्धारित करेंगे।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# पालिका के अजीबो-गरीब कारनामे, पार्किंग ठेके में लाखों का खेल

- चिन्हित प्वाइंटों की जगह शहर भर में की जा रही वाहनों से अवैध वसूली
- वाहन चालकों का खुलेआम किया जा रहा आर्थिक शोषण, आंखे मूंद बैठे पालिका के जिम्मेदार
- नवीन गल्ला मंडी फसल बेचने आ रहे किसानों के वाहन से की जा रही अवैध वसूली

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

नगरपालिका परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 -25 में चार प्वाइंट बनाकर लगभग आठ लाख का पार्किंग वसूली का ठेका किया गया है लेकिन इन चार चिन्हित प्वॉइंटो की जगह ठेकेदार द्वारा पूरे शहर में अवैध तरीके से वसूली की जा रही है जिससे वाहन चालकों का पूरी तरह आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इतना ही नहीं चिन्हित प्वाइंटों के अलावा नगर पालिका एवम् ठेकेदार द्वारा वसूली लडको को भेजकर दबंगई के बल पर नवीन गल्ला मंडी मूंगफली की फसल बेचने आ रहे किसानों के साथ भी अवैध उगाई की जा रही है।



जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2019-20 में शहर में पार्किंग का ठेका लगभग 46 लाख का हुआ था तो वही अगर वित्तीय वर्ष 2023-2024 की बात की जाए तो एक प्वाइंट बनाकर पालिका ने चार लाख का ठेका ठेकेदार को दिया था। यदि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हुए टेंडर की बात की जाए तो ठेकेदार को चार प्वाइंट बनाकर लगभग आठ लाख ठेका दिया गया है। कोरोना काल की बात की जाए तो यही ठेका लगभग 45 लाख का स्वीकृत किया गया था। इस ठेके में ठेकेदार द्वारा चार प्वाइंट के साथ साथ पूरे शहर में अवैध तौर पर वसूली करके वाहन चालकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। शहर के समाजसेवियों द्वारा कई बार पार्किंग ठेके एवं अवैध वसूली को लेकर नगरपालिका के जिम्मेदार से मौखिक शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदार है कि आंख मूंदे गरीबों का आर्थिक शोषण होता देख रहे है और टेंडर मामले में चुप्पी साधे हुए है।शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है की जब कोरोना काल में यही पार्किंग ठेका 45 लाख का स्वीकृत किया गया था तो अब यही पार्किंग ठेका कैसे लगभग आठ लाख का स्वीकृत किया गया। चाय की दुकानों पर लोग चर्चा कर रहे है की अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने के लिए पालिका के जिम्मेदार द्वारा सरकार को राजस्व की चपत लगाई जा रही है। बता दें कि शहर में इस वसूली को लेकर कई बार ठेकेदार द्वारा वसूली में लगाए गए दबंगो द्वारा गरीब तबके के वाहन चालकों को पीटते हुए कई वीडियो भी सामने आए थे लेकिन इस पर भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही पालिका के जिम्मेदार द्वारा अमल में नहीं लाई गई।शहर के बुद्धजीवियों एवं वाहन चालकों द्वारा पूरे टेंडर प्रक्रिया को लेकर मामले में जिलाधिकारी का ध्यान आपेक्षित करा पार्किंग टेंडर की जांच करने की बात कही है।

# शिकायत निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के उपरान्त ही अंकित किया जाये : मण्डलायुक्त



- मण्डलायुक्त व डीआईजी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोबा के साथ थाना समाधान दिवस में सुनी लोगों की समस्याएं

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

मण्डलायुक्त, बालकृष्ण त्रिपाठी व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी महोबा, मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के साथ संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के थाना कोतवाली नगर में मौजूद रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई की गई।, जिसके क्रम में फरियादियों को आश्वस्त कर उनकी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किये जाने हेतु मौजूद राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

मण्डलायुक्त एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय द्वारा स्वयं शिकायतकर्ता से फोन कर फीडबैक लिया गया जिसके क्रम में निर्देशित किया गया कि शिकायत निस्तारण शिकायतकर्ता की संतुष्टि के उपरान्त ही अंकित किया जाये, शिकायत निस्तारण में जनपद महोबा पुलिस को प्रथम स्थान आने पर खुशी जाहिर कर शिकायत के निस्तारण में गुणवत्ता को बनाये रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अर्जुन सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर सहित सम्बन्धित राजस्व एवं पुलिस विभाग के अन्य अधि./कर्म. मौजूद रहे। जनपद महोबा के सम्पूर्ण थानों में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस के अवसर पर कुल 55 शिकातयें प्राप्त हुई जिनमें से 38 राजस्व विभाग व 17 शिकायतें पुलिस विभाग से सम्बन्धित थी, कुल प्राप्त शिकायतों में 03 राजस्व की एवं 04 पुलिस से सम्बन्धित (कुल 07) शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है तथा शेष शिकायतों निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित करते हुये मौके पर जाकर पीडित से वार्ता एवं फीडबैक के आधार पर शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाने पर थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण किया/कराया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### आज धूमधाम व गाजे-बाजे के साथ निकलेगी रामधुन यात्रा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी रविवार को जन जागरण राम धुन यात्रा एवं भक्त और भगवान की झांकी निकाली जा रही है। जो कि नगर के प्रमुख चौराहों का भ्रमण कर वापस बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर पर समापन की जाएगी। ततपश्चात महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। पति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वाधान में आज जन जागरण राम धुन यात्रा एवं भक्त और भगवान की झांकी निकाली जायेगी। विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा इसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जन जागरण राम धुन यात्रा एवं भक्त और भगवान की झांकी बजरंग चौक हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होकर डाक बंगला पुरानी प्राईवेट बस स्टेण्ड से तहसील, कोतवाली रोड से बाजार से ऊदल चौक होते हुये आल्हा चौक, रोडवेज से डीएम बंगला होते हुये पुनः श्री हनुमानजी मन्दिर में समाप्त होगी। जन जागरण राम धुन यात्रा एवं भक्त और भगवान की झांकी में सैकडों की संख्या में सनातनी शामिल होगे। जन जागरण राम धुन यात्रा एवं भक्त और भगवान की झांकी के दौरान मुख्य आकर्षण डमरू नाथ टीम उज्जैन से महोबा आ रही। वही महाराष्ट्र से नाशिक ढोल यात्रा में आकर्षण के मुख्य केन्द्र होगे। यात्रा सुबह 11 बजे हनुमान मंदिर बजरंग चौक से प्रारंभ होगी। जिसको लेकर सनातनियों में गजब का उत्साह दिखराई दे रहे है।

### खाद उपलब्ध कराने के लिये संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** दुकानदारों को उचित मूल्य एवं उचित मात्रा में उर्वरक डीएपी, यूरिया उपलब्ध कराने के लिए एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने थाना दिवस में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनुज राजपूत ने बताया कि वर्तमान में डीएपी 1580 रुपये,एपीकेएस 1400 यूरिया 320 रुपए थोक डीलरों द्वारा उपलब्ध जा रही है। जबकि बूवाई पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जा रही है। जबकि अभी बुबाई की जरूरत है। जबकि अधिक मूल्य पर जबरदस्ती टैग की जाती है। बताया कि उच्चाधिकारियों को कई बार अवगत कराया है। इसके बावजूद भी विक्रेताओं को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। दुकानदारों ने एसडीएम से उचित दाम पर खाद दिलाएं जाने की मांग की है। इस मौके पर दीपक गुप्ता संदीप गुप्ता जगमोहन अनुज राजपूत आदि मौजूद रहे।

### गाली गलौज कर की मारपीट

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के इकठौर गांव निवासी रामकृपाल नामदेव पुत्र धूराम नामदेव ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब सात बजे उसका पुत्र लखन गांव में दुकान पर सामान लेने गया था। पुराने विवाद को लेकर गांव का एक युवक ने गाली गलौज कर पुत्र के साथ मारपीट कर दी। बताया कि एक घंटे के बाद युवक अपने भाई के साथ रात करीब आठ बजे उसकी गैरमौजूदगी में घर पर आया और घर में मौजूद पत्नी व पुत्रए पुत्री के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर पत्नी लीला व पुत्रए पुत्री नीतू को मारा.पीटा। मारपीट से उसकी पत्नी को चोटें आईं हैं। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### समाधान दिवस में शिकायतों का हुआ निस्तारण

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना परिसर में समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे राजस्व से संबंधित पांच शिकायती पत्र दर्ज किए गए।जिसमे तीन शिकायती पत्र का निस्तारण किया गया। एसडीएम सदर व सी ओ सदर ने मौजूद रहकर समस्या सुनी। थाना परिसर में आयोजित थाना दिवस में पांच शिकायती पत्र दर्ज किए गए। जिसमे तीन शिकायती पत्र का निस्तारण मौके पर राजस्व विभाग के लेखपाल व पुलिस ने मौजूद रहकर कराया। तथा दो शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित लेखपाल को दिया गया। थाना दिवस में एस डी एम सदर पवन प्रकाश पाठक व सी ओ सदर राजेश कमल ने मौजूद रहकर लोगो की समस्या सुनी। थाना दिवस के समापन के बाद एसडीएम सदर व सी ओ सदर ने थाने का निरीक्षण किया। तथा बैरक, आरक्षी निवास, मेस, आदि का निरीक्षण किया। तथा साफ सफाई की व्यवस्था देखी। इसके ई माल खाना तथा अभिलेख का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी योगेश तिवारी, हेड मुहरिर शैलेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### जान से मारने की धमकी, पुलिस से शिकायत

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के चकोठी गांव निवासी ग्रामीण ने खेत में जानवर चराने से मना करने पर पिता पुत्र द्वारा लाठी डंडे से मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के चकोठी गांव निवासी राजाभैया पुत्र स्वर्गीय स्वामी दीन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती शाम साढ़े पांच बजे मेरे गांव निवासी ईस्वृरी प्रसाद पुत्र स्वर्गीय छोटे लाल मेरे खेत में अपने पशु व बकरी जबरन चरा रहा था। जब मैने उसे मना किया तो वह गाली गलौज करने लगा। तथा इसका पुत्र हीरालाल मौके पर आ गया। दोनो ने मिलकर मेरे साथ लाठी डंडे से मारपीट की शोर सुनकर मेरी पत्नी रामबाई मुझे बचाने आई तो उसे भी मारापीटा उसके भी चोट आई है। तथा जान से मारने की। धमकी देकर चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कार्रवाई न कर जांच का हवाला देकर संबंधितों को बचाने के प्रयास में जुटे शिक्षा विभाग के जिम्मेदार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के पसवारा गाँव स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में बीति 25 अक्टूबर को आयोजित की गई एकदिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। जिसे मीडिया में गंभीरता से दिखाया था। दरअसल एक वायरल वीडियो में कबरई विकास खण्ड अन्तर्गत स्कूलों के मासूम प्रतिभागी छात्र-छात्राएँ आवारा कुत्तों के विचरण के बीच जमीन में बैठकर खाना खा रहे थे। जागरूक ग्रामीणों ने जमीन में बैठकर खाना खा रहे बच्चों के वीडियो बनाकर मीडिया को दिये थे। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद बीएसए ने सख्त तेवर दिखाए थे। लेकिन तकरीबन 13 बीत जाने के बाद मामला ठंडा होने पर बीएसए भी बैकफुट में आ गए और इस गम्भीर मामले में अपने अधीनस्थों को बचाने में जुट गए थे। दोबारा जब मीडिया ने सम्बंधित मामले में बीएसए से जानकारी ली तो वह बगलें झांकते नजर आए। फिलहाल उन्होंने मीडिया के सामने जाँच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बात कही है।

दरअसल आपको बता दें कि कबरई विकासखण्ड क्षेत्र के पसवारा गाँव स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय परिसर में बीती 25- अक्टूबर को एकदिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के लिए भोजन आदि की व्यवस्था की गई थी। लेकिन मौके पर बच्चे स्वयं ही अपने खाने के बर्तन धो रहे थे। तो वहीं बच्चों के बीच आवारा कुत्ते भी भोजन को लेकर छीना झपटी करते नजर आ रहे थे। जबकि बच्चों के भोजन की व्यवस्था के लिए सरकारी स्कूलों में रसोइयों की व्यवस्था की गई है। मीडिया से रूबरू होने के दौरान बीएसए राहुल मिश्रा ने एक बार फिर गहनता से जाँच और कार्यवाही की बात कही है। लेकिन वह एक बार फिर कार्यवाही के नाम पर जाँच का बहाना बनाकर टालते नजर आ रहे हैं । उनका कहना है कि अभी बच्चों की एक और खेल प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसके बाद अधिकारियों से जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। अब ये बड़ा सवाल है तो आने वाले वक्त में भी क्या बीएसए कोई कार्यवाही करेंगे या फिर नोटिस का बहाना बनाकर मामले को ठन्डे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

### युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मौत

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।** थाना पनवाड़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शेरगढ़ के 30 वर्षीय युवक की मौत का मामला सामने आया ग्राम प्रधान के हवाले से पता चला है कि जयसिंह राजपूत पुत्र मुकुंदी उम्र 30 वर्ष निवासी शेरगढ़ थाना पनवाड़ी क्षेत्र का है। ग्राम प्रधान के द्वारा बताया गया है कि मुकुंदी के चार पुत्र थे, सबसे छोटे पुत्र जय सिंह शराब का आदि था। इस प्रकार कि जानकारी घर वालों के द्वारा प्राप्त हुई। घर वालों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पनवाड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने बताया कि परिवारजनों ने जानकारी दी कि जयसिंह शराब पीने का आदि थाऔर काफी समय से शराब पी रहा था। जिसकी वजह से आज अचानक तबियत बिगड़ी और जय सिंह के घर वालों ने थाने में सूचना दी, शव शराब के ठेके के नजदीक मृत अवस्था में पाया गया। और उन्होंने कहा पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा किस प्रकार मौत हुई।

# बसों में लगे अग्निशमन उपकरण बने शोपीस, कई टूटे तो कई हैं निष्क्रिय

- आग जैसी कोई अनहोनी होती है तो रोडवेज बसों में इसका कोई प्रबंध नहीं

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय रोडबेज बसों में अग्निशमन उपकरण केवल दिखावे में लगे है, ज्यादातर उपरकरण या तो निष्क्रिय है या टूटे हुये है, इस मामले की जांच अर्से से नही करायी गयी है। यदि आग जैसी कोई अनहोनी होती है तो रोडवेज बसों में इसका कोई प्रबंध नही है।

जानकारी के मुताबिक ज्यादातर रोडवेज बसों में चालक की सीट के पीछे अग्निशमन उपकरण लगे हुये है यदि कोई बस में आग जैसी घटना होती है तो इनका प्रयोग करना चाहिये। इसके लिये हरमाह निरीक्षण करने के आदेश भी है,विभाग में करीब साठ बसे संचालित है जिसमे कई बसों में तो उपकरण ही नही लगे है जो लगे उनमे यही नही देखा गया है कि उपकरण में गैस है या नही कई बसो में तो उपकरण टूट कर नीचे गिर गये है। मगर उनको ठीक नही कराया गया है। जब कि यह मामला बहुत ही संवेदनशील है मगर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है हालाकि इस मामले में एआरएम रोडबेज आरपी साहू का कहना है कि ज्यादातर बसों में उपकरण सही है फिर भी इनकी जांच करा ली जायेगी। जिन उपकरणों में गैस नही होगी उनको रिफिंल करा दिया जायेगा। उधर चालकों का कहना है कि विभाग में इसकी जिम्मेदारी अलग से लोगो को दी जाती है हर माह जांच होनी चाहिये मगर जांच कोई नही करता है। कभी कभी आग की घटनाएं हो जाती है तभी इनका प्रयोग किया जाता है।

### चालिस हजार रुपये लेकर फरार, पुलिस से शिकायत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** सीमेंट सरिया की दुकान से एक युवक ने 40 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी करके फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। क्षेत्र के स्वासा गांव निवासी केशव पुत्र राजा भाइया ने पुलिस को बताया कि वह स्टैंड पर चाय समोसा की दुकान किए हैं। उसकी दुकान पर मौदहा क्षेत्र के पढोरी निवासी एक व्यक्ति आया और चाय समोसा खाने लगा। तभी उसने अपने जाल में फंसाया और सरिया खरीदने की बात करने लगा। बताया कि वह राठ के अंबे पैलेस के पास सरिया सीमेंट की दुकान पर ले गया। जहां उसने 40 कुंतल सरिया की तोल कराई। कहा कि उसने उससे ठेकेदार के नाम पर 40 हजार रुपए ले लिए। थोड़ी देर बाद वह चकमा देकर रुपए लेकर फरार हो गया। बताया कि जो नंबर वन लिखा गया था वह बंद जा रहा है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मना गोपाष्टमी महोत्सव

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में गोपाष्टमी महोत्सव व गौपूजन पर्व बडी ही धूमधाम व हर्षोउल्लाश के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न गौशालाओं में गौवंशों को नहला धुलाकर आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा उनकी आरती उतार पूजा अर्चना कर गुण व चना खिला कर गौमाता से आशीर्वाद लिया गया। अन्त में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

गौपाष्टमी महोत्सव व गौपूजन पावन पर्व पर मुख्यालय की रामकुण्ड स्थित गौशाला में संथापक भारत सिंह के साथ गौसेवकों ने समस्त गौवंशों को नहला धुलाकर उन्हे आकर्षक ढंग से सजाया गया। गौपाष्टमी के पावन पर्व पर गौशाला में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी तथा प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा ने समस्त गायों की पूजा अर्चना कर आरती उतारी और गौवंशों को गुण एवं



तथा खिलाकर सभी की सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा गौशाला में वृक्षारोपण भी किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि गौमाता की सेवा करने से भगवान भी प्रसन्न होते है। गाय की सेवा करने से लोगों के परिवार में सुख समृद्धि आती है तथा नकारात्मक ऊर्जा दूर भागती है। उन्होने कहा कि शास्त्रों के अनुसार गौमाता में समस्त देवी देवताओं का वास होता है। इसलिये प्रत्येक शुभ दिन पर हमारी माताये बहिने गाय के गोबर से अपने अपने दरवाजे को लीपती है। गाय के गोबर से लीपने से घर में लक्ष्मी का आगमन होता है। गौपाष्टमी के पावन पर्व पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों तथा गौपालकों को प्रसाद वितरित किया गया।

इस दौरान रवीन्द्र पुरवार, सन्तराम, भीम चौरसिया, केदारनाथ गुप्ता, परमानन्द सिंह, राजा सिंह चौहान, साहब सिंह, गोरेलाल कुशवाहा, धनंजय दीक्षित, अर्जुन कुशवाहा, नीलू यादव, शिवशंकर तिवारी, शिव प्रसाद चौबे, शंकर गुप्ता, तारा पाटकार, सुनील जैन, विक्रम यादव, अवधेश पटेल सहित दर्जनों की संख्या में गौसेवक मौजूद रहे।

# किसान महंगी खाद खरीदने को विवश

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के साधन सहकारी समतियो में डीएपी खाद न होने के कारण किसानो को खुले बाजार से महंगी दर पर डीएपी खाद लेकर फसल बुवाई का कार्य करना पड़ रहा है।

कस्बा कुरारा में साधन सहकारी समितकुरारा देहात व साधन सहकारी समिति कुसमरा संचालित है। तथा ग्रामीण क्षेत्र में साधन सहकारी समिति बेरीए पतारा शेखुपुर मिश्रीपुर तथा पीसीएफ कृषकसेवा केंद्र के साथ सहकारी संघ लिमिटेड कुरारा व बेरी के माध्यम से क्षेत्र के किसानो को खाद का वितरण किया जाता है।

इस समय रबी फसल को बुवाई का कार्य चल रहा है। समतियो में खाद ने होने के कारण किसानो को खुले बाजार से महंगे दर पर डी ए पी खाद खरीद कर फसल की बुवाई कर रहे है। क्षेत्र के किसान राजू कुमार, मोहन लालए बद्री, राजेश, सुघर सिंह आदि ने बताया कि सरकारी समतियो में जो डीएपी खाद की बोरी 50 किलो 1350 रुपए की मिलती है। वही बोरी खुले बाजार में 1600 से लेकर 1700 रुपए प्रति बोरी मिलती है। तथा इसकी कोई रसीद भी खाद विक्रेता द्वारा नही दी जाती है। कृषि विभाग भी इस पर रोक नही लगा पा रही है।

क्षेत्र के किसानो ने सहकारी समतियो में डी ए पी खाद उपलब्क कराएं जाने की मांग की है।

# सरकार की नीतियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी हमीरपुर के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कोसौपा गया है। जिसमें जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 27हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बनाई गई है। यह प्रदेश सरकार द्वारा 2020 तक बंद किए गए 26,000 स्कूलों के बाद अब एक नया कदम है। सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश न केवल सरकार की नीतियों को संदिग्ध बनाता है बल्कि यह सीधे तौर पर गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।





प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा जानबूझकर सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों को मान्यता देने और उन्हें खोलने की नीति अपनाई जा रही है ताकि सरकारी विद्यालयों में छात्र की संख्या कम हो सके और उन्हें बंद करने का रास्ता तैयार हो। यह एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है जिसके अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों की अनुमति दी जा रही है जबकि नियमानुसार एक किलोमीटर की परिधि में ऐसे विद्यालयों को मान्यता नहीं दी जा सकती।

ज्ञापन में माध्यम से आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि हर जनपद के हर ब्लॉक में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए, जो सरकारी विद्यालयों के पास स्थित हैं और अवैध रूप से खोले गए हैं। यह एक गंभीर मामला है, क्योंकि इन निजी विद्यालयों की अनुमति देने से सरकारी विद्यालयों में छात्रों की संख्या घटती है और उनका अस्तित्व संकट में आ जाता है।

27 हजार सरकारी विद्यालयों को बंद करने का आदेश गलत है इससे न केवल छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगाए बल्कि इससे कई योग्य शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे आज के प्रदर्शन में मुख्यरूप से गुलाम मोहम्मद नगर अध्यक्ष मोहम्मद साबिर जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, शहाबुद्दीन निजामी जिलाध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठए अनिल विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ, आदित्य प्रजापति प्रदेश सचिव छात्र विंगए इमामुद्दीन, शाहरुख खान आदि एक दर्जन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य आरोपी को बचाने का लगाया आरोप

- एसपी को प्रार्थना देकर जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराये जाने की लगाई गुहार

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

सछह वर्षीय बालिका के साथ हुए दुष्कर्म मामले में जेल गए आरोपी के पिता ने पुलिस पर मुख्य आरोपी को बचाने का आरोप लगाया है। एसपी को शिकायती पत्र दिया है।

6 वर्षीय मासूम के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार का जेल भेज दिया था। जिसके बाद जेल गए आरोपी युवक के पिता ने पुलिस पर पुत्र को बिना किसी तथ्य के फर्जी तरीके से जेल भेजने एवं घटना में शामिल वास्तविक आरोपी को बचाने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि 4 अक्टूबर 24 को कस्बे की एक महिला ने अपनी 6 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किए जाने का मुकदमा अज्ञात व्यक्ति पर दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद कोतवाली पुलिस ने उसके पुत्र ऋतिक उर्फ गजेंद्र को पूंछतांछ के लिए कोतवाली बुलवाया था। पूंछतांछ करने के बाद उसे छोड़ भी दिया था। आरोप लगाते हुए कहा कि उसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल वास्तविक आरोपी से सांठगांठ कर गुरुवार को उसके निर्दोश पुत्र को गिरफ्तार करते हुए एवं उसे आरोपी बनाकर जेल भेज दिया है। जबकि दर्ज हुए मुकदमे में दर्शाई गई घटना के दौरान उसका पुत्र महोबा में था। बताया कि उसने एसपी को प्रार्थना देकर जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराये जाने की गुहार लगाई है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि घटना के ही मुख्य आरोपी को जेल भेजा है।

# गृह कलह के चलते महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मराठीपुरा मोहल्ला में घरेलू कलह से परेशान होकर युवक ने फांसी के फंदा डाल आत्महत्या कर ली सुबह परिजनों ने फांसी पर झूलते हुए देखा तो कोहराम मच गया।

महोबा जनपद के पुरा गांव निवासी हाल मुकाम मराठीपुरा मोहल्ला बालाजी मंदिर के पास निवास कर रहे बृज गोपाल सिंह के छोटे पुत्र राजन सिंह 42 वर्ष ने बीती रात घर के अंदर कमरे में लगें पंखे के हुक में साड़ी का फंदा से फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब पर परिजनों ने कमरे पर लटकता हुआ शव देखा तो कोहराम मच गया। जानकारी करने पर भाई संजय ने बताया कि उसका किसी से कोई विवाद नही थाए बताया जा रहा है कि गृह कलह के चलते उक्त युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतक शादीशुदा था जो पत्नी सहित एक लड़का और एक लड़की को और वृद्ध माता पिता को रोता विलखता छोड़ गया है।मृतक की परिजनों ने मृतक का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया है।

### बाइक व मोबाइल फोन चोरी का मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरका निवासी विमल कुमार पुत्र महेंद्र ने पुलिस को बताया कि बीते बीस सितंबर को रात में उसका भाई अनिल बाईक से आ रहा था तभी उसे चक्कर आ गया और वह गांव के परशुराम के मकान के बास पड़ी डस्ट में अपनी बाईक खड़ी कर वही पर बेहोश हो गया और जब तीन बजे रात में उसे होश आया तो उसकी बाईक और मोबाइल फोन गायब थे तब से हमने काफी खोजबीन की लेकिन बाईक नहीं मिलीए पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PRG-MCK-65-24-1 (Misc Static Services Digital Mobile Charging Kiosks) (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.11.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | MSS-LKO-PRG-MCK-65-24-1(Misc Static Services Digital Mobile Charging Kiosks) (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 25.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 14.11.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 14.11.2024 समय 10:40 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3485/24

# पोखरा चीनी मिल में डीएम ने किया पेराई सत्र का शुभारंभ

## जिला प्रशासन ने किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान करने का आश्वासन देकर दिया मदद का भरोसा

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पोखरा चीनी मिल के पेराई-सत्र 2024-25 का शुभारम्भ जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत उप गन्ना आयुक्त अयोध्या परि. संजय गुप्ता, जिला गन्ना अधिकारी दुष्यंत कुमार, यूनिट हेड बी के यादव एवं अन्य अतिथियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूंजा अर्चना के पश्चात डोंगा में गन्ना डालकर किया गया। इस अवसर डीएम द्वारा गन्ने से भरी पहली बैलगाड़ी लेकर आए किसान को अंग वस्त्र व मिठाई भेंट कर व बैलों को फल खिलाकर गन्ना पेराई की शुरुआत की गई। इस



अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा गन्ना किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बुवाई करने तथा मिल द्वारा दी जा रही कृषि यंत्र व रसायन आदि पर दी जाने वाली छूट का अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। उन्होंने किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान करने का आश्वासन दिया और किसी समस्या आने पर जिला प्रशासन द्वारा मदद करने का भरोसा दिलाया। चीनी मिल के यूनिट हेड ने उपस्थित कृषकों का अभिवादन करते हुये चीनी मिल को पूर्ण सहयोग देने के साथ-साथ अपना सर्म्पूण गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करने की अपील की।

इसी क्रम में उप महाप्रबन्धक (गन्ना) धर्मेष मेहरोत्रा ने केन कैरियर पर उपस्थित समस्त कृषकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया। डोंगा पूजन अयोध्या धाम से टीम के साथ आये पंडित अखिलेश वेदान्ती द्वारा पूरे विधि-विधान से मंत्र उच्चारण के बीच सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी, प्रगतिशील किसान गंगा बख्श सिंह, बृजेश त्रिपाठी, राणी सती दादी संस्था के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल,ग्राम्यांचल सेवा समिति के महासचिव आशुतोष अवस्थी, कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ अवस्थी, गन्ना सहकारी समिति के अध्यक्ष राजकुमार सिंह, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार सिंह पलौली, प्रधान महेंद्र शाह सिंह, राहुल चौहान,मुख्य प्रबन्धक (मानव संसाधन)उपदेश शर्मा,भानू प्रताप सिंह, क्षेत्रीय प्रगतिषील कृषक विजय प्रताप सिंह आदि के साथ चीनी मिल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आत्मा योजना के तहत आयोजित हुई कृषि गोष्ठी

**गोष्ठी में आए 85 किसानों को सरसों की मिनी किट की गई वितरित**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



आत्मा योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ में विकासखंड स्तरीय रवि कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा बताए गए कृषि विधियों का पालन करें। उन्होंने आगे कहा कि किसानों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे विभागों से प्राप्त लाभ के बारे में जागरूक रहें और समय पर अपने आवेदन को नियमों के अनुरूप प्रस्तुत करें ताकि उन्हें योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला भूमि संरक्षण अधिकारी विनोद कुमार यादव ने गोष्ठी में आए किसानों से कहा कि अपनी फसल का अवशेष ना जलाएं इससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है और खेत की उर्वरा शक्ति भी कमजोर हो जाती है। गोष्ठी में आए 85 किसानों को सरसों की मिनी किट का वितरण किया गया। गोष्ठी में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर अश्वनी सिंह डॉक्टर समीर पांडे विनोद सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# गोष्ठी कर किसानों को दी रवी बुवाई की टिप्स

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचना तंत्र एवं कृषक जागरुकता कार्यक्रम एवं आत्मा योजनांतर्गत विकास स्तरीय रबी गोष्ठी का आयोजन ब्लाक परिसर में किया गया। जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान शामिल हुए। गोष्ठी के उपरांत करीब 600 किसानों को 2 किलो सरसों के बीज का किट निशुल्क वितरित किया गया।




शनिवार को ब्लाक सिरौलीगौसपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार द्वारा रबी में कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं सामयिक कृषि तकनीक के सम्बन्ध में किसानों को अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान समय में फसल उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार हेतु सर्वाधिक उपयोगिता आईपीएम एवं विषमुक्त खेती की है। उप कृषि निदेशक द्वारा आईपीएम की विभिन्न विधियों के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके साथ ही पराली प्रबन्धन के बारे में कृषकों को जागरूक करते हुये अपील की गई कि किसान भाई अपने फसल अवशेष कदापि न जलायें।

इससे पर्यावरण में प्रदूषण होने के साथ ही खेत की उर्वरा शक्ति भी क्षीण होती है। वर्तमान में केन्द्र सरकार के स्तर से पराली जलाने हेतु अर्थदण्ड की धनराशि भी दोगुनी कर दी गई है। किसान भाइयों की भी जिम्मेदारी है कि वह सम्बन्धित विभागों से प्राप्त लाभ के बारे में जागरूक रहकर समय से अपने आवेदन को नियमों के अनुरूप प्रेषित करें ताकि उन्हें समय से लाभ प्राप्त हो सके। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभुनाथ पाठक,एडीओ एजी दलबीर सिंह, रंजीत वर्मा, रामप्रकाश सिंह, नीरज कुमार आदि कृषि विभाग से संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही ग्राम विकास से संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसपी ने मासिक सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी की आयोजित

## महोबा को प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त होने पर पुलिसकर्मियों के कार्यों की प्रशंसा कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाईन महोबा अवस्थित सभाकक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी/समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सैनिक सम्मेलन में पुलिस कर्मियों की समस्याओं से अवगत होकर प्राप्त हुयी समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया कि पुलिस कर्मियों की शिकायतों का निस्तारण विशेष वरीयता के आधार पर किया जाये

**उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रशंसा/प्रशस्ति पत्रः** आईजीआरएस जनसुनवाई पोर्टल के अंतर्गत प्राप्त होने वाले जनता के शिकायती संदर्भों के निस्तारण में विगत माह अक्टूबर में शतप्रतिशत (100 प्रतिशत) निस्तारण कर जनपद महोबा को प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त होने पर सम्बन्धित



पुलिसकर्मियों के कार्यों की प्रशंसा की व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। थाना कुलपहाड़ क्षेत्रअन्तर्गत स्टेशन रोड के समीप डकैती की योजना बना रहे 05 नफर अभियुक्तो को घटना कारित करने से पूर्व गिरफ्तार करने वाली कुलपहाड़ पुलिस टीम को, थाना खन्ना क्षेत्र में एक युवक जो फांसी में लटकने जा रहा था उसको बचाने वाली पीआरवी डायल-112 टीम को, पुलिस कार्यालय में संभावित आग को लगने से पहले रोकने वाले पुलिसकर्मियों को एवं पुलिस अधीक्षक कैम्प एवं पुलिस कार्यालय में जहरीले सर्प को सूझबूझ से पकडने वाले ग्राम प्रधान महेवा, कबरई को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

मुख्य आरक्षी ना.पु. सीताराम पाण्डेय को गृह मंत्रालय भारत सरकार का अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य आरक्षी को पदक अलंकरण किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

**मासिक अपराधों की समीक्षा :** अपराध गोष्ठी/समीक्षा बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित पंजीकृत अभियोगों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई जिसके क्रम में विवेचनाओं को अभियान चलाकार शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। हत्या, दुष्कर्म, लूट आदि जघन्य एवं अन्य अपराधों के अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, शेष अपहृताओं की सकुशल बरामदगी करने, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट के अन्तर्गत जिलाबदर व गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। शातिर अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को कठोरतम सजा दिलाए जाने के निर्देश दिये गये। चोरी, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण, ब्रिकी व परिवहन के विरुद्ध अभियान चलाकर इनकी रोकथाम एवं ऐसे कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने, जमीनी विवादों में राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर विवादों को निस्तारित कराये जाने व इस दौरान विशेष सतर्कता बनाये रखने व इसकी रिपोर्ट राजस्व अधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया टीम को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने के सख्त निर्दश दिए गए है, कहा गया कि रिस्पांस टाइम में सुधार लायें, किसी भी घटना के प्रकाश में आने पर त्वरित रिस्पांस दिया जाये।

## खबरें एक नजर में

### विधिक जागरूकता शिविर से बताई गई कानूनी जानकारी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर शनिवार को विकासखंड हैदरगढ़ के सभागार में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि गरीबो,महिलाओं एवं दिव्यागों तक नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसके माध्यम से आम जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके, उसके लिए कानूनी जागरूकता उत्पन्न करने का प्रयास किया जाता है। इस अवसर पर तहसीलदार श्रीमती सीमा भारती ने भी लोक अदालतों के माध्यम से तीव्र समाधान के बारे में मौजूद लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत कौशल कुमार ग्राम पंचायत सचिव पवन कुमार, उदय प्रकाश शुक्ला, अखिलेश दुबे, चंद्रभान पांडे, अजय यादव, विन्द्रराज यादव, चंद्रेश, ग्राम प्रधान निलेश कुमार पाल, मोहम्मद आसिफ़ खान,प्रधान प्रतिनिधिअखिलेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विकास कर्मी प्रधान मौजूद रहे।

### आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त समस्त राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को अर्हता तिथि 01-01-2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के संबंध में आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल बाँदा बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की उपस्तिथि में मान्यता प्राप्त समस्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक विरमा भवन में आयोजित की गई, जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी नें विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के समस्त कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी के चार विशेष अभियान तिथि है जो कि 9,10, 23,24 नवंबर 2024 है, जिसमें सभी बीएलओ अपने बूथ पर बैठेंगे, जो भी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना चाहे तो वह विशेष अभियान तिथि पर अपने मतदेय स्थल पर जाकर अपने बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते है। इस बैठक में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 230 महोबा व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 231 चरखारी तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### मिशन शक्ति अभियानः एण्टी रोमियों टीमों ने क्षेत्र में किया भ्रमण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया। मिशन शक्ति अभियान फेज - 5.0 व ''शक्ति दीदी'' अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रन्तर्गत विभिन्न ग्राम, महत्वपूर्ण स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में दस टीमों ने लिया भाग

**जैदपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

बीती रात को एक दिवसीय आरके नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत जैदपुर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी अबु उमैर अंसारी द्वारा फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में किंतुर ने बाजी मारी।

बताते चलें कि कस्बे के मोहल्ला शाह कटरा स्थित नूर मोहम्मद सेठ मैदान में एक दिवसीय आर के नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। इस अवसर पर आयोजक अनस अंसारी और उनके कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के तमाम लोगों मुख्य अतिथि उमेर अंसारी का स्वागत आतिशबाजी और माला पहनाकर किया। वही अबु उमेर अंसारी ने खिलाड़ियो से हाथ मिलाकर हौसला अफजाई करते हुये कहा कि यह गर्व की बात है कि जैदपुर के नूर मोहम्मद सेठ का मैदान इस क्षेत्र में खेल के प्रति प्रेम और सद्भावना को दर्शाता है। जैदपुर ही नहीं,बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। इस टूर्नामेंट के आयोजक अनस अंसारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता स्थानीय खिलाड़ियो को अपनी



प्रतिभा दिखाने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती है। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला किंतुर और जैदपुर, रईस कटरा के बीच हुआ,जिसमें किंतुर ने 25 अंक बनाकर जैदपुर रईस कटरा को 8 अंक के अंतर से हराकर जीत हासिल की। इस मौके पर इसराइल कैप्टन,मुमताज निम्बर,हाजी इस्लामुद्दीन,आफताब कुरैशी, अख्तर मैनेजर,लुकमान, अजहरुद्दीन, शाहबाज पूर्व सभासद उमेर अंसारी इसराइल, कुरैशी, झगडु मुस्ताक,हारून सिद्दीकी सहित अन्य प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे टूर्नामेंट के दौरान भारी संख्या में दर्शको ने वॉलीबॉल मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियो का उत्साह बढ़ाया।

# एसपी ने जनपदीय पुलिस कण्ट्रोल रुम का किया निरीक्षण

**साफ-सफाई के सम्बन्ध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदीय पुलिस कण्ट्रोल रुम, डायल-112 कार्यालय एवं रेडियो शाखा महोबा का औचक निरीक्षण किया गया है।

इस औचक निरीक्षण के दौरान पुलिस कण्ट्रोल रुम में रेडियो मेल, वर्कशॉप, स्टोर रुम, जनशक्ति एवं ड्यूटी रजिस्टर आदि का निरीक्षण एवं भ्रमण करते हुए कार्यालय के समस्त अभिलेखों का गहनता से अवलोकन किया गया तथा डायल 112 कार्यालय के निरीक्षण के दौरान वीडियो कान्फेन्सिंग कक्ष, आरओआईपी कक्ष, डायल 112 पीआरवी वाहनों की स्थिति, ड्यूटी चार्ट, एचआरएमएस इत्यादि का अवलोकन किया गया जिसके क्रम में पीआरवी वाहनों के रिस्पांस टाइम में सुधार लाने व पीआरवी वाहनों के रुट चार्ट एवं अन्य सम्बन्धित अभिलेखों का परिशीलन कर उनके रखरखाव एवं सम्पूर्ण परिसर में बेहतर साफ-सफाई के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर, प्रभारी यूपी 112 महोबा आशीष भदौरिया, कण्ट्रोल रुम प्रभारी रघुराज सिंह सहित अन्य अधि./कम. मौजूद रहे।

# आयुक्त ने बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ को किया निर्देशित

**महोबा,समृद्धि न्यूज।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के दौरान जनपद महोबा में 230 महोबा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीपुरा, कबरई ब्लॉक एवं प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर बजरिया बूथों का आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बाल कृष्ण त्रिपाठी नें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के साथ निरीक्षण किया तथा बूथ पर बैठे बीएलओ को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि पंजीकरण संख्या को बढ़ाया जाए तथा घर-घर जाकर लोगों को सूचित किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद में कम होता है महिला कबड्डी का आयोजनः राधेश्याम यादव





**गाजीपुर, समृद्धि न्यूज।** शिव क्लब राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन साथीपुर, मानपुर में आज टूर्नामेंट का पहला दिन था, राधेश्याम यादव गाजीपुर जनपद के युवा समाजसेवी जो हमेशा बच्चों के लिए तैयार रहते हैं और उन्होंने मीडिया से बातचीत में बताया कि महिला कबड्डी का आयोजन जनपद में कम होता है यह मेरी मुहिम है कि मैं निरंतर बच्चों के लिए खड़ा रहूंगा,गाजीपुर जनपद के लोगो को इस आयोजन का इंतजार था इस टूर्नामेंट में खेलो इंडिया, नेशनल, प्रो कबड्डी के खिलाड़ियों ने शिरकत की। इलाहाबाद, आजमगढ़, वाराणसी, बिहार, पटना, गाजीपुर की महिला टीम अपना दम दिखा रही है शिव क्लब ने इस मैच को करवाया जिसमे संजय यादव, श्याम जी,शैलेश कुमार, सोनू सिंह, रमेश सिंह एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद थे!रेफरी अतुल राय,अनिल कुमार,राजेश यादव कंट्री मुजबुल रहमान ने निभाई।

# थाना समाधान दिवस में आई सात शिकायतें, एक का निस्तारण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव की अध्यक्षता में थाना परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र से आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी गई और निस्तारित करने का आश्वाशन दिया गया। शनिवार को थाना प्रभारी संजीव कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित 7 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया बाकी शिकायत के निस्तारण हेतु टीम गठित




कर दी गई है। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक उमेश चंद शाहू , उपनिरीक्षक संतोष सिंह, प्रभु नाथ यादव ,शोभित शुक्ला लेखपाल प्रणव कुमार शुक्ला , हेमंत कुमार , शनिकांत सहित अन्य राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम YASH SINGH BHADORIYA दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम YASH SINGH BHADORIA है। SANDEEP SINGH BHADORIA, ARMY NO-3001743X, रैंक-हवलदार-आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-समीर नगर, वार्ड नंबर-25, लहार रोड, (कुलदीप पेट्रोल पम्प के पीछे), जिला-भिन्ड, मध्य प्रदेश, पिन कोड नंबर-477001

# डीपीएस में बच्चों ने लिया फायर सेफ्टी का विशेष प्रशिक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली पब्लिक स्कूल मैं आज फायर सेफ्टी विषय के तहत सुरक्षा एवम संरक्षा विषय के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बच्चों को फायर सेफ्टी की विशेष जानकारी प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई।



प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को अग्नि शमन से जुड़े विभिन्न उपकरणों के बारे में विस्तार से बताया। उक्त प्रशिक्षण इटावा पुलिस के अग्निशमन विभाग एवम आपात सेवा केंद्र इटावा द्वारा प्रभारी अग्निशमन अधिकारी सनद कुमार पटेल के दिशा निर्देशन मैं लीडिंग फायरमैन रामवीर सिंह एवम उनके सहयोगी सुभाष चंद्र द्वारा प्रदान किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण में सभी बच्चों को अग्नि सुरक्षा की जानकारी प्रदान करने के साथ अग्निकांड के आपात काल में क्या करें ? क्या न करें और किसी प्रकार की आग किस प्रकार के विशेष उपकरण या वस्तु से बुझेगी के विषय पर विशेष ध्यान देते हुए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण पूर्व विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रशिक्षण देने आए सभी फायर ऑफिसर का तिलक वंदन के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभी बच्चों के सवालों के दिए जवाब इस प्रशिक्षण में अधिकारियों द्वारा सुरक्षित रूप से कृत्रिम आग जलाकर उसे तत्काल फायर एक्सटिंग्विशन की मदद से फायर सर्विस यूनिट द्वारा आग को बुझाने का सुरक्षित डिमोनस्ट्रेशन दिखाकर समझाया गया। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी बच्चों ने फायर ऑफिसर से विभिन्न जिज्ञासा भरे प्रश्न भी पूछे जिनका जवाब प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा दिया गया। इस दौरान फायर विनलकूपभाग का अग्निशमन वाहन बच्चों के बीच आकर्षण का विशेष केंद्र बना रहा।इस अवसर पर प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि, यह विशेष अग्निशमन सुरक्षा प्रशिक्षण हमारे सभी बच्चों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ साथ जीवन मैं आने वाली हर एक विपरीत परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार भी करेगा।

प्रशिक्षण उपरांत उन्होंने प्रभारी फायर ऑफिसर को विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षण के इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1366/ई.ई.-3/एलजेएस/2024-25 दिनांक- 09.11.2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 16.11.2024 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 16.11.2024 को 01:00 बजे तक निविदा मूल्य नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 04:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत 04 स्थानों (रामलीला मैदान फैजुल्लागंज नलकूप फैजुल्लागंज-IInd वार्ड, नौगजी मजार नलकूप त्रिवेणीनगर, त्रिवेणीनगर वार्ड, एकतापुरम नलकूप त्रिवेणीनगर वार्ड, ब्रह्मनगर नलकूप त्रिवेणीनगर) पर 65Amp आटोमेटिक सीक्वंश फेज करेक्टर पैनल कि आपूर्ति व अधिष्ठापन का कार्य। | 300.00 | 5300.00 |

निविदा एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अधिकारी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्य दिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, लखनऊ**

# तीर्थ यात्रा बस को डीएम ने किया रवाना

- 40 वृद्धजनों को चित्रकूट धाम की तीर्थ यात्रा के लिए किया रवाना
- डीएम ने वृद्धजनों की सुखद व मंगलमय यात्रा कि कामना की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम व सीडीओ

जिलाधिकारी शुभांत कुमार शुक्ल व मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने संयुक्त रूप से पुलिस लाइन स्थित समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में निवासरत 40 वृद्धजनों को चित्रकूट धाम की तीर्थ यात्रा के लिए बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने सभी वृद्धजनों की सुखद व मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि तीर्थ यात्रा से मन शांति होने के साथ नई ऊर्जा मिलती है। तीर्थ यात्रा से स्वास्थ्य लाभ होने के साथ- साथ पौराणिक जगहों पर जाने से देवी देवताओं से जुड़ी कथाएं और परंपराएं मालूम होती हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों को तीर्थयात्रा में जाने की काफी उत्सुकता थी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए तीर्थयात्रा हेतु भेजा जा रहा है। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि यात्रा में वृद्धजनों को पानी, भोजन आदि सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा वृद्धजनों की तीर्थ यात्रा की अच्छी पहल चलाई गई है। इससे वृद्धजनों को मानसिक तनाव कम होने के साथ सुखद का एहसास होता है।

बताया कि 40 वृद्धजनों को चित्रकूटधाम की तीर्थ यात्रा पर भेजा जा रहा है। इससे पूर्व गत वर्ष में 40 वृद्धजनो को मथुरा, वृंदावन की तीर्थ यात्रा हेतु भेजा गया था।

## युवती से छेड़छाड़ करने वाले युवक को भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** युवती का हाथ पकड़कर छेड़छाड तथा उसको और उसके पिता को जान से मारने की धमकी देने बाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिय गया। थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम किस्तियापुर निवासी आदित्य कुमार पुत्र स्व. मुन्नालाल कन्नौजिया की पुत्री से अभियुक्त द्वारा हाथ पकड़कर छेड़छाड करना तथा वादी व वादी की पुत्री को जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना तालग्राम पर मुकदमा पंजीकृत किया था। सम्बन्धित अभियुक्त काव्य पटेल पुत्र स्व. सन्तोष कुमार निवासी ग्राम ताहपुर को रामबेटी महिला महाविद्यालय के पास से पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# गोपाष्टमी पर गौ पूजन कर गाय को लड्डू व केले खिलाए

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गोपाष्टमी के पावन अवसर पर पश्चिमी बाई पास स्थित बाबा महेश्वर नाथ मंदिर में अंतराष्ट्रीय हिंदू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय ने कई सनातनियों के साथ गाय का पूजन कर,गाय को लड्डू एवं केले खिलाए।

इसी दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय ने सभी सनातनियों को गोपाष्टमी का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने जीवन के छठे वर्ष में आज के दिन गौ पालन की शिक्षा ली थी और इसी दिन से उन्होंने गौसेवा करना प्रारंभ किया था यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाता है। तथा यह पर्व हमें गौ माता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को बढ़ावा देता है और गौ माता की सेवा करने से पुण्य एवं सुख की प्राप्ति होती है एवं सभी संतानियों से अपील कर कहा कि सभी हिन्दुओं को गौसेवा एवं गौरक्षा के लिए समर्पित रहना चाहिए। जिससे कि हिंदू धर्म की पूज्यनीय गौ माता को कहीं भी भूख प्यास से तड़पना न पड़े एवं गौकशी (जोकि एक गैर कानूनी अपराध है) इस पर भी पूर्णता रोक लग सके और आने वाले समय में गाय को जल्द से जल्द राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जा सके। इस दौरान रामकिशोर दुबे, डॉ. शैल कुमार पाराशर, एडवोकेट जितेंद्र शाक्य (जेज़्केज़्),एडवोकेट सचिन पांडे,राजीव अग्निहोत्री,उषा गुप्ता, कृष्णा पांडे,भूरा नागर,शिवा कश्यप, नीलू गिहार,नीरज कुमार,सोनू गिहार, राजू, कुलदीप,आदि लोग मौजूद रहे।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखाई प्रतिभा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम की प्रस्तुती देते छात्र।

शुक्रवार की बीती रात नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित आकाश एजूकेशन सेंटर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. आकाश अग्रवाल, प्रबंधक आरके कटियार, डायरेक्टर आकाश कटियार ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृति कार्यक्रमों की प्रस्तुती देकर समाज के ज्वलंत मुद्दों को उजागर कर लोगों को जागरूक किया। आकाश एजूकेशन सेंटर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सर्व प्रथम गणेश वन्दना, स्वागत गीत की प्रस्तुती दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाटक, कहानी, नृत्य, अभिनय, हास्य व्यंग आदि की सुंदर प्रस्तुती दी। नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक किया। आयोजकों ने अतिथियों को प्रतीक चिंह देकर स्वागत व सम्मान किया। डॉ. आकाश अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय बच्चों की संस्कार शाला होती है। यहीं से सीखकर बच्चे समाज में जाते है और परिवार व विद्यालय की पहचान प्रस्तुत करते है। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम वास्तव में हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति व संस्कार को उजागर करते है। जो निश्चित ही एक बड़ा प्रयास है। इस दौरान सागर अग्रवाल, अतुल गुप्ता, राजीव ठाकुर, संजीव चौहान, नितिन शर्मा, संजीव गुप्ता संजू आदि मौजूद रहे।

# यू- विन पोर्टल पर समय से की जाये फीडिंग: जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- डीएम बोले, किसी भी दशा में फर्जी वेरीफिकेशन नही होना चाहिए


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यूविन पोर्टल, आयुष्मान, राशन वितरण, मनरेगा आदि के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये कि 0 से 05 वर्ष के 222638 बच्चो के सापेक्ष 203634 बच्चो का यू- विन पोर्टल पर पंजीकरण हो गया है। जिसे साप्ताहिक टारगेट बनाकर शेष बच्चो का भी यूविन पोर्टल पर पंजीकरण शत प्रतिशत करायी जाये। कहा कि फील्ड वर्कस को ड्यू लिस्ट निकालकर दें। उसी रोस्टर के अनुसार वैक्सीनेशन का कार्य संपादित किया जाये। जिन बच्चो की यूविन पोर्टल में फीडिंग हो चुकी है। ड्यू लिस्ट समय- समय से अपडेट भी करते रहे। ड्यू लिस्ट आशा एवं एएनएम को समय से उपलब्ध करायी जाये। उन्होने कड़े निर्देश दिये कि वैक्सीनेशन बच्चो की हेल्थ से जुड़ा है। क्वालिटी पर विशेष ध्यान दें। किसी भी दशा में फर्जी वेरीफिकेशन नही होना चाहिये। उन्होनें आयुष्मान कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि 70 प्लस के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है इसके लिए समस्त ग्राम पंचायत व नगर निकाय के अधिकारी अपनी-अपनी ग्राम पंचातयों में निवास कर रहें 70 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों की सूची बनाये और स्वस्थ्य विभाग को उपलब्ध कराते हुए उनका आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मनरेगा के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत बनाये जा रहे 100 खेल के मैदानों को विकसित किये जाएं। प्रत्येक खेल मैदान में रनिंग ट्रैक का निर्माण अवश्य किया जाये, तथा खेलने हेतु बैट, बॉल, बैटमिटन आदि की सामग्री उपलब्ध कराई जाये। खेल मैदान का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। उन्होने मनरेगा के अन्तर्गत करायें जा रहे अन्य कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

उन्होनें राशन वितरण की समीक्षा करते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि घटतौली एंव कालाबाजारी पर शत- प्रतिशत रोक लगे। अनाज में किसी भी प्रकार की घटतौली क्षम्य नही होगी।

## खबरें एक नजर में

### थानाध्यक्ष से लगाई न्याय की गुहार

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के तालग्राम थाना अंतर्गत ग्राम सभा बलिया भोजपुरी निवासिनी महिला ने थाना अध्यक्ष से लगाई न्याय गुहार ग्राम सभा पलिया बूजपुर निवासिनी शशि पत्नी दीपक दुबे ने थाना अध्यक्ष से लिखित प्रार्थना पत्र में न्याय की गुहार लगाते हुए अपने देवर के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया जिसमें देवर के ऊपर बुरी नीयत रखने का आरोप लगाया गया है घटना का अभियोग दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की समाचार लिखे जाने तक अभियोग दर्ज नहीं हो सका।

### जिलाधिकारी कार्यालय पर होगा धरना प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन अवधेश के जिला अध्यक्ष अश्विनी मिश्रा एवं जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉक्टर आर के पाल एवं जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ अरविंद कुमार दुबे एवं प्रदेश सचिव गोपाल दुबे इत्यादि पदाधिकारियों के द्वारा जिला अध्यक्ष अरविंद दुबे के यहां चोरी करने वाले अपराधियों के द्वारा धमकी देना एवं अपराधियों के विरुद्ध थाना स्तर से कोई कार्रवाई न किए जाने के संबंध में जिला अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन दिया गया है यदि अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई तो शीघ्र ही जिला अधिकारी कार्यालय कन्नौज पर विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा बार-बार अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु अनुरोध करने के बावजूद भी 20-20 25-25 मुकदमो के अपराधी खुले घूम रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

### दो कठोर कारावास व तीन हजार के अर्थदण्ड से किया दण्डित

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर बरामद होने जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ महोदय के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय कन्नौज एफटीसी प्रथम द्वारा अभियुक्त राजीव कुमार पाण्डेय उर्फ पप्पू पुत्र श्रीकान्त पाण्डेय नि0 सिकन्दरपुर थाना छिबरामऊ कन्नौज को 02 वर्ष का कठोर कारावास व 3,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### दो लाख के पाइप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बोरिंग मशीन पर रखे लगभग दो लाख रुपये के लोहे के पाइप चोरी हो गए। घटना की जानकारी होने पर व्यापारी ने खोजवीन की। पता न लगने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी अजीत त्रिपाठी पुत्र रामेंद्र त्रिपाठी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि नंगापुरवा रोड पर सरकारी नलकूप के पास वह बोरिंग का काम करवा रहा था। बीते 06 अक्टूबर की शाम बोरिंग का काम पूरा हो गया और बोरिंग की मशीन व जीजे के 26 पाइप वही छोड़कर वह घर चला आया। लेकिन जब 07 अक्टूबर को वह वहां गया। तो जीजे के 26 पाइप जिनकी कीमत लगभग 02 लाख रुपये होगी। वो वहां नहीं थे। काफी खोजबीन के बाद भी पाइपों का पता नहीं लग सका। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर किया जागरूक



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में क्षेत्र के अलीनगर स्थित अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विधिक सेवा दिवस से संबंधित जन जागरूकता रैली का आयोजन करते हुए विद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा शिविर विधिक सेवा दिवस एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनारायण ने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा सन 1995 से राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस का शुभारंभ किया। जो कि प्रत्येक वर्ष 9 नवंबर को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग को मुफ्त कानूनी सलाह एवं समर्थन प्रदान करना तथा उसके बारे में उनको जागरूक करना होता हैं।

# समाधान दिवस में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

- समाधान दिवस में आयी सात शिकायत, एक का निस्तारण

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


समाधान दिवस में समस्याएं सुनते एसडीएम व तहसीलदार।

शासन के निर्देश पर स्थानीय कोतवाली में उपजिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 07 फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। इसमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे सदर उपजिलाधिकारी रामकेश सिंह व तहसीलदार भरत मौर्य के समक्ष 04 राजस्व व 03 पुलिस सबंधित शिकायतें आई। जिसमें से पुलिस संबंधित 01 शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया।

उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले प्रत्येक फरियादियों की समस्याओं को समय रहते निस्तारित करने का कार्य करें। फर्जीवाड़ा पाए जाने पर संबंधित राजस्व कर्मी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे, कानूनगों कौशलेंद्र दुबे, नौरंगपुर चौकी प्रभारी मोहनलाल, इंदिरा नगर चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह, लेखपाल यज्ञदत्त यादव, राहुल यादव सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

# पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी कराएं अपना ई- केवाईसी

- जन सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत भवन अथवा विकास भवन कार्यालय में करा सकते है, ई- केवाईसी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

वृद्धावस्था पेंशन निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी अपना- अपना आधार ई- केवाईसी कराकर रुकी हुई पेंशन प्राप्त कर सकते है। जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के ऐसे समस्त वृद्धावस्था पेंशन निराश्रित महिला पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थी जिनको गत 6 माह से या उससे अधिक समय से पेंशन उनके बैंक खाता में नहीं प्राप्त हुई है। वह अपने नजदीक के जन सेवा केंद्र या ग्राम पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक से अथवा विकास भवन में स्थित कार्यालय में संपर्क स्थापित कर पेंशन की वेबसाइट पर अपना आधार की केवाईसी जल्दी से जल्दी करवा ले। जिससे कि उनकी रुकी हुई पेंशन उनके बैंक खाता में प्रेषित की जा सके। आधार ई केवाईसी करने के लिए लाभार्थी को अपना आधार एवं आधार से लिंक मोबाइल साथ में रखना जरूरी है। क्योंकि ओटीपी उनके मोबाइल पर आएगा जिसको अंकित करने के बाद ही ई केवाईसी पूर्ण हो पाएगी।

## 18 वर्ष उम्र पूर्ण होने पर जरूर बनवाये वोट : चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर युवक, युवतियों को अपना- अपना वोट बनवाने के लिये जागरूक करने के लिये चेयरमैन प्रतिनिधि ने टाउन कर्मचारियों को निर्देश दिये है। समधन नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन ने शनिवार से शुरू हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के चलते बूथों पर बैठे बीएलओ के माध्यम से नगर के ऐसे युवक व युवतियों को आगाह करते हुऐ कहा कि जो अपनी 18 वर्ष उम्र पूरी कर चुके हैं वहां वोट जरुर बनवाने के लिये आवेदन पत्र भरकर जमा करें जिससे उन्हें अपना वोट डालने का अधिकार मिल सके इसके लिये चेयरमैन प्रतिनिधि ने नगर के सभी कर्मचारियों को नगर मे घूमकर जन जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गये है।

# घरेलू विवाद में विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

- ठठिया थाना क्षेत्र के फंतुआपुर गांव का है मामला
- मायकेवालों ने गांव पहुंचकर किया हंगामा, हत्या का भी लगाया आरोप

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

ठठिया थाना क्षेत्र के फंतुआपुर गांव में घरेलू विवादों के चलते विवाहिता ने घर के कमरे में शुक्रवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस शव को मोर्चरी में रखने के लिए ले जा रही थी। उसी दौरान मायके वाले आ गए और हंगामा काटने लगे। इसपर मायके पक्ष के लोगों तथा ठठिया पुलिस के तीखी नोकझोंक हुई। बाद में मामला शांत होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फंतुआपुर गांव निवासी पूजा (25) पत्नी रमाकांत राजपूत का घर में कुछ विवाद हो गया। इसपर उसने नाराज होकर अपने कमरे में फांसी लगा ली। सूचना पर ठठिया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। इसी दौरान सूचना पाकर इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के लाख गांव से मृतका के मायके वाले भी आ गए। मौके पर पुलिस को मौजूद देख मायके वालों ने ससुरालीजनों पर पुत्री की हत्या कर देने का आरोप जड़ना शुरू कर दिया। इसी दौरान मायकेवालों की तथा मौजूद पुलिस की कुछ देर तक नोकझोंक हुई। बाद में पुलिस ने शनिवार की सुबह शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# तमंचा लगाकर पत्रकार को बाइक सवारों ने लूटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


घटना स्थली पर जांच पड़ताल करते कोतवाल आलोक कुमार दुबे।

बाइक सवार बदमाशों ने मीडियाकर्मी पर हमला कर दिया। उसके साथ मारपीट करते हुए लूटपाट की और फिर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित सहित अन्य लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। पत्रकार ने स्थानीय कोतवाली में तहरीर देकर बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम जलालाबाद निवासी सुनील तिवारी पुत्र संतोष तिवारी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि वह दैनिक समाचार पत्र में कार्यरत हैं। प्रतिदिन मोटरसाइकिल से वह अपने ऑफिस आता जाता हैं। शुक्रवार की रात जब वह ऑफिस का काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी देर रात लगभग 10 बजे जैसे ही वह जसोदा कस्बे में गुप्ता ढाबा के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रही काली पल्सर सवार तीन बदमाशों ने उस पर डंडो से हमला कर दिया। साथ ही तमंचा लगाकर बदमाशों ने उसकी पर्स, गले से सोने की चेन और दो मोबाइल लूट लिए। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए बदमाश वहां से भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देखा। जबकि स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की। बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा कर किया जाएगा।

# घर जा रहे शिक्षक से बाइक सवार तीन बदमाशों ने की लूटपाट

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**

- टिड़ियापुर गांव के निकट शुक्रवार की देर रात हुई घटना
- बदमाशों ने शिक्षक से 53400 की नगदी व मोबाइल लूटा

कोतवाली क्षेत्र के टिड़ियापुर गांव के निकट शुक्रवार की देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने तिर्वा से जा रहे एक शिक्षक की बाइक को रोककर उसके साथ लूटपाट की। बदमाश उसका मोबाइल व जेब में मौजूद 53 हजार की नगदी छीनकर भाग गए।

पीड़ित शिक्षक ने कोतवाली में तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कराया है। कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के नसरापुर टीचर्स कालोनी निवासी मोहित कुमार त्रिपाठी पुत्र रमेश चन्द्र त्रिपाठी शुक्रवार को किसी काम से अपनी बाइक से तिर्वा आए थे। शुक्रवार की देर रात वह वापस अपनी बाइक से घर जा रहे थे। रात्रि 09.30 के करीब जब उनकी बाइक टिड़ियापुर गांव के एसआर पेटोल पम्प के निकट पर पहुंची, तो उसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। उसकी जेब में पड़ी 53400 रूपए की नगदी तथा मोबाइल छीन लिया और धमकी देते हुए भाग गए। मामले में कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाले युवक को भेजा गया जेल



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** सोशल मीडिया पर युवक द्वारा तमंचा लहराते हुए वीडियो वायरल हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर थाना प्रभारी कोतवाली कपिल दुबे के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियुक्त रमाकान्त उर्फ कौशल पुत्र रामभजन वर्मा निवासी ग्राम बद्दापुर्वा उम्र करीब 27 वर्ष को एक अदद तमंचा 315 बोर के साथ ग्राम बद्दापुरवा के बाहर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0- 906/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम रमाकान्त उर्फ कौशल उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# जमीन पर कब्जा मुक्त कराने आई टीम बैरंग लौटी

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

- जमीन का निस्तारण कराने के लिये नायाब तहसीलदार के नेतृत्व में बनी टीम



विवादित जमीन पर अवैध रूप से कब्जा को एसडीएम के निर्देश पर कब्जा जमीन को खाली कराने आई नायाब तहसीलदार की टीम ने जांच करने के वाद दोनों पक्षों की बात सुनकर उच्च अफसरों को अवगत कराकर टीम के साथ बैरंग लौट गये मलिकपुर निवासी शकील अहमद पुत्र नौसे अल्लाह अहमद ने बीते दिनों पहले छिबरामऊ उपजिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी निजी भूमि पर गांव के ही निवासी तहसीम खां, कलीम, मुशीर खां , मुबीन पुत्रगण शमीम खान पर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने अवैध रूप से कब्जा करने के वाद दीवार बनी दी जिसको तत्काल कब्जा मुक्त किये जाने की मांग उठाई गई थी जिसपर उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी ने पीड़ित शकील शेख की निजी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमीन का निस्तारण कराने के लिये नायाब तहसीलदार भरत मौर्या के नेतृत्व में एक टीम बनाईं गई जिसमें राजस्व निरीक्षक प्रेम किशन मिश्रा, लेखपाल अजय कुमार, अभिषेक कटियार ,रोहित कुमार, सुखपाल सिंह, अतुल कुमार, कौशल किशोर आदि ने विवादित जमीन पर पहुंचकर जांच करने के वाद दोनों पक्षों की बातों को सुनकर उच्च अफसरों को अवगत कराने के वाद बैरंग लौट गये।

छिबरामऊ उपजिलाधिकारी उमाकांत तिवारी का कहना है विवादित जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमीन का निस्तारण करने के लिये भेजा गया था अब उच्च अफसरों के निर्देश पर आगे कार्यवाही की जायेगी उधर पीड़ित शकील अहमद ने जिलाधिकारी से अपनी निजी जमीन को जल्द कब्जा मुक्त करने की गुहार लगाई है।

# आगरा एक्सप्रेस-वे पर कार दुर्घटनाग्रस्त, तीन दोस्तों की मौत, दो गंभीर

- शशांक अपनी शादी की शॉपिंग करने दोस्तों के साथ जा रहा था

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मृतक अनुज राठौर, शिवम यादव, शशांक घायल

फर्रुखाबाद से लखनऊ जाते समय कार ट्राला में जा घुसी। जिससे कार में सवार पांचों लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिसमें से तीन की मौके पर ही मौत हो गयी। अन्य घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस को रेस्क्यू करने में तीन घंटे का समय लगा। इस दुखद घटना से जहां एक तरफ परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। जिस किसी ने सुना वह घटना का शिकार हुए युवकों के घर की ओर दौड़ पड़ा। सूत्रों की मुताबिक एक युवक की शादी तय हो चुकी है। 02 दिसंबर को बारात जानी थी। जानकारी के अनुसार लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेवरी टोल प्लाजा के पास आगरा एक्सप्रेस-वे पर फर्रुखाबाद से लखनऊ जा रही कार संख्या यूपी 76एएन/9878 सरिया से लदे ट्राला संख्या यूपी78जीटी/5792 में अनियंत्रित होकर जा घुसी।

हादसे में कार सवार पांच लोगों में तीन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे हुआ। पुलिस को रेस्क्यू करने में तीन घंटे का समय लग गया। फर्रुखाबाद के जैतपुर निवासी शशांक राठौर 24, सिविल लाइन नई बस्ती के शिवम यादव 24, फतेहगढ़ जेएनबी रोड निवासी अनुज राठौर 24 को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं फतेहगढ़ सेंट्रल जेल निवासी अमन उर्फ आदित्य राजपूत 22 और आवास विकास कालोनी निवासी शांतनु 24 गंभीर रुप से घायल हो गये। दोनों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। काकोरी पुलिस के मुताबिक हादसे के वक्त कार की रफ्तार तेज थी। सामने चल रहे ट्राला के चालक ने अपनी रफ्तार धीमी की। इसी बीच हादसा हो गया। कार ट्राला के अंदर जा घुसी और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को निकालने का प्रयास शुरू किया, लेकिन दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसके बाद अग्निशमन विभाग और यूपीडा की टीम की मदद से कार को काटकर सभी को बाहर निकाला गया। बचाव कार्य करने में करीब तीन घंटे का समय लग गया। वहीं दो घायलों के संदर्भ में भी पुलिस की ओर से अभी पुष्टि नहीं की गई है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया हादसा इतना भीषण था कि चलते ट्रक ट्राला में पीछे से कर जा घुसी और लगभग 100 मीटर घसीटते हुए काकोरी रेवरी टोल प्लाजा की ओर जा पहुंची।डीसीपी पश्चिमी ओमवीर सिंह के मुताबिक शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे काकोरी थानाक्षेत्र स्थित आगरा एक्सप्रेस-वे के पास फर्रुखाबाद से लखनऊ जा रही कार सामने चल रहे सरिया लदे ट्राला में जा घुसी। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।



मृतक के घर के बाहर सांत्वना देने पहुंचे लोग

### आर्मी स्कूल से थी सभी की दोस्ती

कार हादसे में मृतक शशांक राठौर के पिता उदय बहादुर सिंह जो ई-रिक्शा की एजेंसी चलाते हैं। पुलिस से सूचना मिलने के बाद वह लखनऊ पहुंचे। पोस्टमार्टम के दौरान रुंदे गले से मृतक के पिता उदय बहादुर ने कहा कि शशांक मेरा इकलौता पुत्र था। २ दिसंबर को उसकी बारात जानी थी। उसके दोस्तों ने प्लान बनाया था कि शशांक की शादी की खरीदारी लखनऊ से ही करेंगे। शुक्रवार को आदित्य की बहन अंजलि की कार लेकर सभी लोग लखनऊ के लिए रवाना हुए थे। कार में शशांक के साथ शिवम, आदित्य, शांतनु और अनुज राठौर भी था। शिवम करीब दो साल से लखनऊ के बुद्धेश्वर इलाके में किराए पर रह कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। फर्रुखाबाद से निकलते वक्त विचार बना था कि रात में शिवम के कमरे पर रुकेंगे। शनिवार को खरीदारी की जाएगी। इसके बाद वापस लौटेंगे। वहीं शिवम के पिता बदन सिंह ने बताया कि सभी बच्चे आर्मी स्कूल में साथ पढ़े थे। गहरी दोस्ती थी, लेकिन किसे पता था कि ऐसा हादसा हो जाएगा। हर किसी किसी की आंखे नम थी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने पिया कीटनाशक, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गॉव लुधैया निवासी श्यामबाबू उम्र 35 वर्षीय पुत्र कालीचरन राठौर ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर बड़े भाई भैयालाल व छोटा भाई नन्हें सहित मृतक की पत्नी शारदादेवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. अमरेश कुमार ने श्यामबाबू को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चर्चा के अनुसार मृतक खेत पर काम कर रहा था। पत्नी देखने गई, तो वह अचेत अवस्था में पड़ा था। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर लाए। डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी ने बताया की मेरे पति तीन भाईयों मे सबसे छोटे थे। मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते थे। हमारे दो छोटे बच्चे है। अब हम क्या करेंगे।

## पेयजल योजना के अंतर्गत मोहल्ले में खोदी गई गलियां दुर्घटनाओं का बन रहीं कारण

- शिकायतों के बाबजूद गलियों का निर्माण नहीं, मोहल्ले के लोगों का फूटा गुस्सा
- अधिशाषी अभियंता जल निगम को शिकायती पत्र भेजकर मरम्मत कराने की मांग



खुदी पड़ी गलियां

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमशाबाद नगर के मोहल्ला भगत सिंह नगर वार्ड नंबर-19 के सभासद खुशनमाज तथा बार्ड नंबर-18 पटेल नगर की सभासद खुशनुमा ने अधिशासी अभियंता जल निगम को शिकायती पत्र भेजकर कहा कोई 6 महीने पूर्व सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं सम्मिलित पेयजल योजना के अंतर्गत मोहल्ले की गलियों में पानी की पाइप लाइन डाले जाने के लिए ठेकेदार द्वारा गालियों तथा सड़कों की खुदाई की गई थी, लेकिन अभी तक पानी की पाइप लाइन नहीं डाली गयी। परिणामस्वरुप आज भी मोहल्ले की गलियां खुदी पड़ी हैं।

जिससे आये दिन कोई न कोई दुर्घटना हो रही है। सबसे बड़ी बात यह है जहां एक ओर घरों से बाहर अवागमन के दौरान मोहल्ले के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। वहीं दूसरी ओर दो पहिया, चौपइया वाहनों से आवागमन करने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सभासदों के अनुसार समस्याओं के निस्तारण हेतु नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद को भी शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन अनदेखी के चलते उप जिलाधिकारी कायमगंज एवं जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया।

अफसोस इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे छोटे-छोटे बच्चे अक्सर गिरकर घायल हो रहे। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए यहीं गालियां मुसीबतों का कारण बनी हुई हैं। आम जनमानस को आवागमन के लिए काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

सभासदों ने एक बार फिर अधिशाषी अभियंता जल निगम फतेहगढ़ को शिकायत पत्र देकर क्षतिग्रस्त गलियों को ठीक कराकर आवागमन बहाल कराए जाने की मांग की।

## गैर इरादतन हत्या में न्यायालय के आदेश पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अछरौडा निवासी अरविंद कुमार पुत्र रामकिशन ने न्यायालय के आदेश पर गांव के ही अनुज, योगेन्द्र पुत्रगण मान सिंह तथा मान सिंह व रामनिवास पुत्रगण सूबेदार के विरुद्ध मां की गैर इरादतन हत्या आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 10 अगस्त 2024 को सुबह 8 बजे बरसात का पानी धान के खेत में काट लेने को लेकर खेत पर वादी के पुत्र हरवेंद्र के साथ अनुज ने मारपीट कर दी। जब वादी के पिता ने इसकी शिकायत अनुज के घरवालों से की, तो उपरोक्त सभी आरोपितों ने एक राय होकर गाली-गलौज कर पिता के साथ मारपीट करने लगे। जब वादी की मां सुरजना देवी ने बचाने का प्रयास किया तो उपरोक्त अनुज ने उनका गला पकड़कर पटक दिया। सुरजना देवी पेट के बल जमीन पर गिर गई। जिससे उनके फेफड़े व हृदय में क्षति पंहुची। जिससे उनके मुँह से रक्त आया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की शिकायत पुलिस से की गई तो पुलिस ने सुरजना देवी के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया था, लेकिन घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की और ना ही पिता रामकिशन की चोटों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मां सुरजना देवी के फेफड़े व हृदय में क्षति पहुंचने से मौत होना पाया गया।

घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई तब भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। तब जाकर न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर उक्त चारों आरोपितों के विरुद्ध मेरापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच संकिसा चौकी प्रभारी अवदेश अवस्थी के सुपुर्द कर दी। विवेचक ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## चकबंदी कार्यों में प्रगति व कृषकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एडीएम ने की बैठक

- सीमा विवाद को लेकर टीम गठित कर जल्द पैमाइश करवाकर कारवाई करने के दिए निर्देश

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



कृषकों की समस्याओं को लेकर बैठक करते एडीएम व मौजूद किसान

चकबंदी कार्यों में प्रगति एवं कृषकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए चकबंदी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा जिला अधिकारी के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत गुडेरा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिला अधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, एसडीएम यदुवंश वर्मा, सीओ चकबंदी उमाशंकर ने पहुंचकर समस्याओं को सुना। जिसमें नेत्रहीन बलराम पुत्र फतेह सिंह ने बताया कि उनकी लेखपाल के द्वारा गलत पैमाइश कर खेत कम नापा गया। कुमारपाल पुत्र राजाराम ने बताया कि 16 डिसमिल से अधिक खेत उनका कम है। विधवा उषा देवी ने बताया कि अधिकारियों के द्वारा गलत पैमाइश कर खेत नदी में नाप दिया गया। उसको सहारा देने वाला कोई नहीं है।

वही मीटिंग के दौरान सीमा विवाद पर अधिक शिकायतें आईं। जिसमें अपर जिलाधिकारी ने तत्काल टीम गठित कर सीमा की पैमाइश करवाने के निर्देश दिए। कहा जल्द ही विवादों का निस्तारण कराया जाएगा। कहां कि जिन व्यक्तियों की विरासत नहीं बनीं है। वह तुरंत बनवा लें। लेखपाल को गांव में रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं अपर जिला अधिकारी ने मीटिंग के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना के तहत जिन बच्चों के माता-पिता की मृत्यु कोरोना काल में मृत्यु, सामान्य मृत्यु व एक्सीडेंट मे मौत हुई है। उनके बच्चों को पढ़ने के लिए अनुदान देती जो ग्रामीण इस योजना में लाभ में आ रहे हैं। वह तुरंत आवेदन करें लाभ दिलाया जाएगा।

## मोपेड सवार किसान को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुत्र की ससुराल से वापस जा रहे मोपेड सवार किसान को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उपचार के लिए सीएचसी मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम रैसेपुर निवासी शीशराम अपनी मोपेड से गंगापार के ग्राम कड़हर स्थित अपने पुत्र शिवपाल की ससुराल गए थे। देर रात घर वापस आते समय मोहम्मदाबाद क्षेत्र के तकीपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे शीशराम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी और सूचना पुलिस व एंबुलेंस को दी। पुलिस ने पहुंचकर घायल को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद में भर्ती कराया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। लोहिया पहुंचने पर डॉ0 वैभव यादव ने किसान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## अधेड़ पर जंगली जानवर ने किया हमला, ग्रामीणों में दहशत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घसिया चिलौली निवासी नमन शाक्य उम्र 50 वर्ष को जंगली जानवर ने हमला कर दिया। नमन ने शोर मचाया, तो लोग मौके पर दौड़ पड़े। लोगों को आता देख जानवर भाग निकला। जानवर के हमले मे वृद्ध घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना से लोगों में दहशत फैल गई है।

## गोदाम प्रभारी ने किसान को गेहूं बीज देने से किया इनकार

- पीड़ित ने मुख्यमंत्री को गोदाम प्रभारी के खिलाफ भेजा पत्र
- जिला कृषि अधिकारी तथा जिलाधिकारी से भी की शिकायत

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बीज गोदाम के बाहर मौजूद किसान

विकास खंड शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम बैरमपुर निवासी 75 वर्षीय किसान जुगल किशोर पुत्र ज्ञान प्रसाद मिश्रा ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर कहा कि वर्तमान में गेहूं की बुवाई का कार्य जोरों पर है।

बड़े पैमाने पर किसानों द्वारा गेहूं की बुबाई का कार्य जारी है। शिकायती पत्र में यह भी कहा गया है कि वर्तमान में उसके पास तीन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। जिस पर गेहूं की फसल की बुवाई करना चाहता है। इसके लिए 8 नवंबर को पीड़ित राजकीय कृषि रक्षा इकाई फैजबाग गया। काफी इंतजार के बाद जब गोदाम प्रभारी मौके पर पहुंचे, तो उनसे गेहूं बीज उपलब्ध कराये जाने की मांग की, लेकिन गोदाम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा गेहूं बीज देने से इनकार कर दिया गया। कारण पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। इससे आहत किसान ने जिला कृषि अधिकारी से भी शिकायत की। अफसोस इसके बाबजूद भी किसान को न्याय नहीं मिला। उन्होंने जिलाधिकारी से भी शिकायत की। अफसोस सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित किसान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजकर गोदाम प्रभारी के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सभी सरकारी गोदामों पर गेहूं बीज उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि किसान अपने खेतों में गेहूं की बुबाई कर सकें।

पीड़ित के अनुसार आखिरकार राजकीय कृषि रक्षा इकाई फैजबाग के प्रभारी को किसान को बीज देने में दिक्कत क्या है। उधर राजकीय कृषि रक्षा इकाई फैजबाग के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार से दूरभाष के जरिए संपर्क करने की कोशिश की, परंतु अपरिहार्य कारणों से संपर्क नहीं हो सका था।

## विवाहिता ने छत के कुंडे से फांसी लगाकर की आत्महत्या

- मौके पर पहुंचे सीओ, थानाध्यक्ष व फील्ड यूनिट की टीम जांच पड़ताल में जुटी

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



घटनास्थल पर जांच करते सीओ व थानाध्यक्ष आदि

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाते ही मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत किराचन में निकिता पुत्री सुरेंद्र निवासी भदार सिमरिया थाना हरपालपुर जिला हरदोई की शादी 2011 में सामूहिक विवाह में आदेश पुत्र लालाराम निवासी किराचन के साथ हुई थी। वही संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने काली साड़ी से छत के कुंडे से बांधकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाते ही मौके पर मायके पक्ष से परिजन व ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पिता सुरेंद्र की सूचना पर क्षेत्राधिकारी रविंद्रनाथ राय, थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी, उप निरीक्षक राघवेंद्र भदौरिया, उप निरीक्षक विमल कुमार, फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची तथा जांच पड़ताल कर साक्ष्यों को इकट्ठा किया। वहीं मृतका के एक पुत्री राधिका उम्र 8 वर्ष, पुत्र देवांश 5 वर्ष, पुत्र सूर्यांश 3 वर्ष हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवसः थानाध्यक्ष ने फरियादियों की सुनी समस्यायें



शिकायतें सुनते थानाध्यक्ष

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना दिवस में प्रभारी निरीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। जिसमें 9 शिकायती पत्र आये। जिसमें से 4 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर कायमगंज कोतवाली पहुंचकर थाना दिवस पर पर आये जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण का निर्देश सम्बन्धित को दिए। समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्रों के क्रम में प्रभारी निरीक्षक ने राजस्व व पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुयायना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। प्रभारी निरीक्षक ने थाना दिवस पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को अविलम्ब सम्बन्धित रजिस्टर पर अंकित कर कृत कार्यवाही हेतु सम्बन्धित हल्का इन्चार्ज को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस के कर्मचारीगण क्षेत्र से आने वाली जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें तथा उनसे अच्छा व्यवहार करते इसी प्रकार थाना दिवस के अवसर पर कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव हज़रतपुर निवासी धर्मपाल पुत्र रामचरन ने अपने गांव वालों को खेतों पर जाने के लिए रास्ता जमीन दान की थी, परन्तु गांव के ही पवन पुत्र उजागर सिंह ने रास्ते को खोदकर अपने खेत में मिला लिया है। जानकारी होने पर धर्मपाल ने जब उससे बात की तो वह गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित ने प्रभारी निरीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। कुल 9 शिकायती पत्र आये जिसमें 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। इस मौके पर कस्बा चौकी इन्चार्ज नागेन्द्र सिंह, एसआई सुरजीत सिंह, लेखपाल अनिल शर्मा, आकाश शुक्ला आदि राजस्व अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गुरु की बेटी निशा किन्नर का मीनाबाई ने किया स्वागत



निशा किन्नर व उनकी टीम का स्वागत करतीं मीनाबाई किन्नर आदि

- ढोल नगाड़ों की धुन पर किया जमकर नृत्य, हजारों रुपये लुटाये

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुरु की बेटी नंद के स्वागत में मीनाबाई किन्नर ने अपनी टीम के साथ फूलमालाओं तथा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। किन्नरों ने खुशी में दिल खोलकर लूटाये रुपये।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज निवासी मीनाबाई किन्नर के आवास पर उनके रिश्तेदार गुरु की पुत्री तथा रिश्ते में नंद निशा किन्नर निवासी जनपद कासगंज अपने साथियों के साथ जैसे ही कस्बे में पहुंची, तो उसका मीनाबाई किन्नर तथा उनकी टीम ने भव्य स्वागत किया। निशा किन्नर व उनके साथियों को फूल-मालाओं से लाद दिया तथा ढोल नगाड़ो की धुन पर जमकर नृत्य किया। खुशी से आहलादित मीनाबाई ने रुपयों गड्डियां खूब लुटाई तथा स्वागत में गीत गाये। किन्नरों को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये और किन्नरों के नृत्यु तथा नाच गाने का लुत्फ उठाया। मीनाबाई किन्नर ने अपने आवास पर ले जाकर सभी का आदर सत्कार किया। इस मौके पर नवाबगंज के मीना बाई किन्नर, शालू, बबली, बिपाशा तथा मुख्य अतिथि के रूप में निशा किन्नर निवासी कासगंज तथा उनके आधा दर्जन से अधिक साथी मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस में तीन समस्याएं निस्तारित



जनता की समस्यायें सुनते थानाध्यक्ष व मौजूद फरियादी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना समाधान दिवस पर एसडीम कायमगंज तथा थाना अध्यक्ष ने जनता की समस्याएं सुनीं। कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया।

कस्बा नवाबगंज स्थित थाना प्रांगण में थाना समाधान दिवस पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी तथा एसडीम कायमगंज गजराज सिंह यादव ने जनता की समस्याएं सुनीं। जिसमें 15 फरियादियों के लिखित प्रार्थना पत्र आए। जिस पर दूरदराज से आए फरियादियों की थाने में बैठे सभी अधिकारियों ने गहनता से समस्याएं सुनीं। इस मौके पर 15 प्रार्थना पत्र आये। जिसमें से तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी ने बताया कि तीन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने के बाद सभी प्रार्थना पत्र राजस्व कर्मियों को दे दिए हैं और उनको पुलिस बाल मुहैया कराकर जल्द ही समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। सरकार का शासनादेश उनके लिए मुख्य बिंदु है। इस पर वह दिन-रात काम करके जनता की समस्याओं का निराकरण कराएंगे।

इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, एसडीम कायमगंज गजराज सिंह यादव, लेखपाल अश्वनी राजपूत, नरेश चंद, सौरव यादव, तरुण दीक्षित तथा क्षेत्र के समस्त लेखपाल तथा महिला लेखपाल, थाना के दरोगा कस्बा इंचार्ज गिरीश चंद्र दरोगा, संतोष कुमार, दरोगा योगेश श्रीवास्तव, दरोगा हेमंत कुमार, केसी राम सिंह तथा समस्त पुलिस बल व राजस्व कर्मी मौके पर मौजूद रहे।

# 27 हजार सरकारी स्कूल बंद करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**हर जनपद के हर ब्लॉक में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए, जो सरकारी विद्यालयों के पास स्थित हैं**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार द्वारा 27 हजार सरकारी विद्यालयों के बंदी के विरोध में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. नीरज प्रताप शाक्य के नेतृत्व में राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में दर्शाया कि प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों को लेकर हाल ही में आई खबरों के अनुसार 27 हजार सरकारी स्कूलों को बंद करने की योजना बनाई गई है। यह प्रदेश सरकार द्वारा 2020 तक बंद किए गए 26 हजार स्कूलों के बाद अब एक नया कदम है। सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश न केवल सरकार की नीतियों को संदिग्ध बनाता है, बल्कि यह सीधे तौर पर गरीब, दलित और



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य

पिछड़े वर्ग के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। योगी सरकार द्वारा जानबूझकर सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों को मान्यता देने और उन्हें खोलने की नीति अपनाई जा रही है, ताकि सरकारी विद्यालयों में छात्र की संख्या कम हो सके और उन्हें बंद करने का रास्ता तैयार हो। यह एक सुनियोजित साजिश प्रतीत होती है, जिसके अंतर्गत सरकारी विद्यालयों के पास निजी विद्यालयों की अनुमति दी जा रही है, जबकि नियमानुसार 1 किलोमीटर की परिधि में ऐसे विद्यालयों को मान्यता नहीं दी जा सकती।

हर जनपद के हर ब्लॉक में ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर कार्यवाही की जाए, जो सरकारी विद्यालयों के पास स्थित हैं। 27 हजार सरकारी विद्यालयों को बंद करने का आदेश गलत है, इससे न केवल छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, बल्कि इससे कई योग्य शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे, जो पहले से राज्य सरकार की शिक्षक पात्रता परीक्षा पास कर चुके हैं और उन्हें रोजगार का अवसर मिल चुका है।

इस कदम से सरकारी शिक्षा का ढांचा कमजोर होने के साथ-साथ सामाजिक असमानता और आर्थिक विषमताओं को बढ़ावा मिलेगा। इस अवतार पर अवनी सिंह तोमर, केपी सिंह, जितेंद्र सिंह, अंकित शाक्य, जगतपाल, नवीन कुमार शाक्य, साहब सिंह, सत्येंद्र पाल, राघवेंद्र सिंह यादव, विवेक कुमार, कमलेश पाल, यादव सिंह शाक्य, प्रेम सिंह यादव, विमल सिंह चौहान, अजय पाल सिंह, अंशुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में अंशिका प्रथम, नेहा रही द्वितीय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद विकास खण्ड शमशाबाद में स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की स्वच्छता को प्राथमिक के आधार पर विद्यालय विद्या का मंदिर है।

जिसमें व्यक्तिगण स्वच्छता, पोषक की स्वच्छता, घर की स्वच्छता, गांव-गली आदि की स्वच्छता होना आवश्यक है। डस्टविन का प्रयोग, गीला कचरा, सूखा कचरा, प्लास्टिक के अवशेष का कचरा आदि के नीला, हरा, पीला रंग के डस्टविन का प्रयोग करने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा 7 की अंशिका कुमारी प्रथम,



छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक राजकुमार

कक्षा 8 की नेहा द्वितीय, कक्षा 7 की प्रेमलता तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरुस्कार में प्राची, सोनल, काजल, अजीत कुमार, लोकेश, सत्यम, मयंक, मुस्कान, आशिकी, शिवानी, शालिनी, निर्मला, आंशी आदि रही, सभी को पुरुस्कृत किया गया। निर्णायक मण्डल में स्वीप कोआर्डिनेटर स्काउट मास्टर राजकुमार, आशीष कुमार, रिचा, निनित कुमार रहे। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस मौके पर हरीश कुमार, अभिषेक कुमार, अतुल कुमार, ग्राम प्रधान पति प्रमोद गंगवार मौजूद रहे। धन्यवाद प्रधानाध्यापक राजकुमार ने ज्ञापित किया।

# वॉक रेस में लवी राठौर ने गोल्ड मेडल जीतकर जनपद का नाम किया रोशन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वाराणसी में चल रही 68वीं प्रदेश एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जनपद की सीनियर बालिका वर्ग में लवी राठौर ने 3 किलोमीटर वॉक रेस में गोल्ड मेडल जीतकर जनपद का राम नाम रोशन किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने लवी को बधाई दी। छात्रा लवी ने बताया कि मेरा सपना है कि देश के लिए खेल कर ओलंपिक में गोल्ड मेडल लाऊं, साथ ही लवी अपने माता-पिता के साथ अपनी खेल शिक्षका आरती यादव को सफलता का श्रेय दिया। लवी राठौर महायसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा है। विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत तथा व्यायाम शिक्षकअतुल दास,




शिक्षिका के साथ खिलाड़ी छात्रा लवी राठौर

देवेंद्र कुमार, केशव गंगवार, प्रवेश शाक्य, सत्येंद्र सिंह, रजनीश शिवा, सुब्रत शाक्य, सुनील कुमार पाल, रितु मिश्रा, अर्जुन प्रताप सिंह, अनुराग पटेल, राहुल यादव, शुभम मौर्य, राकेश कुमार, प्रसूभ कुमार गुप्ता, अभिषेक अवस्थी, अनिकेत कुमार, इनजाज अहमद सिद्दीकी, देवनारायण सिंह, मनीष यादव, नेहा भारद्वाज, कुलदीप सिंह, देवेश यादव, प्रदीप सिंह, योगेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह ने आदि ने गोल्ड मेडल जीतने पर लवी राठौर को बधाई दी है।

# चमार रेजीमेंट बहाल करने की मांग, संघर्ष समिति का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भोलेपुर स्थति एक गेस्ट हाउस में चमार रेजीमेंट संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सागर ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर चमार रेजीमेंट संघर्ष समिति का गठन किया गया है। पूर्व सूबेदार राकेश कुमार सागर को समिति का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया।

पूर्व प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय संगठन रामचंद्र को समिति का सरंक्षक नियुक्त किया। रंजीत सिंह को राष्ट्रीय महासचिव, दिलीप पासवान को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। सभी जिलों में संगठन को तैयार कर चमार रेजीमेंट बहाली हेतु धरना प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान आदि प्रदेशों में अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। जिला व



वार्ता में मौजूद राकेश सागर व अन्य

विधानसभा स्तर पर संगठन तैयार किया जा रहा है। रंजीत सिंह ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध में बहादुरी का परचम लहराने वाली चमार रेजीमेंट का 1943 में मेरठ छावनी में गठन किया गया था। गठन के बाद ही उसे जापानी सेना जो वर्मा रंगून होते हुए नागालैंड, कोहिमा तक पहुंच गई थी। अंग्रेज़ी हकूमत ने उस समय की दुनियां की सबसे ताकतवर जापानी सेना को नागालैंड कोहिमा से बाहर खदेड़ने हेतु चमार रेजीमेंट भेजा था। चमार रेजीमेंट ने बहादुरी का परचम लहराते हुए 3270 जापानी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर जापानी सेना को कोहिमा नागालैंड से बाहर खदेड़ते हुए उसे रंगून और वर्मा से भी बाहर खदेड़ दिया था। इस युद्ध में चमार रेजीमेंट के 327 सैनिक शहीद हुए थे, जिनके नाम कोहिमा में बनाए गए युद्ध स्मारक पर अंकित हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की तरह चमार रेजीमेंट के सभी बहादुर सैनिक लड़े और देश को आजादी दिलाने/अंग्रेजों को देश से बाहर खदेड़ने में अहम भूमिका निभाई थी, अंगेजी हुकूमत ने चमार रेजीमेंट को भंग कर दिया था, लेकिन अभी तक चमार रेजीमेंट का दर्जा नहीं दिया गया। रामचंद्र ने कहा कि इस तरह की बहादुरी और देशभक्ति का बेजोड़ प्रदर्शन करने वाली चमार रेजीमेंट को आजादी के बाद भारतीय सेना सहित आज तक की सभी भारत सरकारों ने बहादुर एवं देशभक्त चमार रेजीमेंट को बहाल नहीं किया है।

## बच्ची को बंदरों ने काटकर किया घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव रामनगर रायपुर निवासी दीपाली उम्र 4 वर्षीय पुत्री रजनेश कुमार घर के आँगन में खेल रही थी, तभी अचानक बन्दरों ने उस पर हमला कर दिया। माँ के शोर मचाने पर लोगों ने डन्डों और पत्थरों से बन्दरों को भगाया। बन्दरों ने दीपाली के पैर पर काट लिया जिससे बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ उपचार जारी है। क्षेत्र मे बढ़ते बन्दरों के हमलों से लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि आए दिन बन्दर लोगों और विशेष कर बच्चों व महिलाओं पर हमला बोल रहे है। शोर सुनने के बाद किसी तरह उन्होंने वहाँ पहुंचकर बच्ची को छुड़ा लिया, लेकिन यदि शीघ्र ही इन्हें यहाँ से हटाया नहीं जाता है तो कोई अनहोनी घटना भी हो सकती है।

# संगठन सर्वोपरि है, महिलाओं की बढ़ाई जायेगी भागीदारी: सुमन चतुर्वेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर संगठन पर्व अभियान के अंतर्गत बूथ कमेटियों के गठन के लिए जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रदेश नेतृत्व द्वारा संगठन चुनाव संपन्न करने के लिए जिला स्तर पर महिला आयोग की पूर्व सदस्य वी सिरसागंज की पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष सुमन चतुर्वेदी को जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

जिन्होंने कार्यशाला में भाग लेकर पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा दो चरणों में संगठन पर्व अभियान के कार्यक्रम संपन्न हुए हैं। प्रथम चरण में प्राथमिक सदस्यता अभियान एवं द्वितीय चरण में सक्रिय सदस्यता अभियान को संपूर्ण किया



बैठक को सम्बोधित करती चुनाव अधिकारी सुमन चतुर्वेदी

गया है। तीसरे चरण में बूथ कमेटियों के चुनाव को संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने बताया जो भी कार्यकर्ता जिसने 50 सदस्य नहीं बनाए हैं वह 15 नवंबर तक 50 सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्यता का फॉर्म अपने-अपने मंडल से प्राप्त करके संगठन को जमा कर दें, ताकि उनके सदस्यता फार्म का सत्यापन करके उनको सक्रिय सदस्य बनाने का कार्य पूर्ण किया जा सके। 15 नवंबर तक सभी मंडलों में सक्रिय सदस्य बनने का कार्य होगा। 15 नवंबर के बाद कोई भी कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य नहीं बन सकेगा। 20 नवंबर से 25 नवंबर तक सभी मंडलों में चुनाव संपन्न होंगे। एक अध्यक्ष सहित 11 सदस्यों वाली कमेटी बनेगी, जिसमें तीन महिला कार्यकर्ता का समायोजन किया जाएगा, साथ ही साथ पन्ना प्रमुख भी तय होंगे। जिला चुनाव अधिकारी सुमन चतुर्वेदी ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय ब्रह्म दत्त द्विवेदी का जिक्र करते हुए भावुक हुई। उन्होंने बताया पूर्व मंत्री स्वर्गीय ब्रह्म दत्त द्विवेदी एवं पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं को संगठन में कार्य करने का अवसर दिया। मुझे भी पूर्व मंत्री द्वारा सिरसागंज की नगर पालिका अध्यक्ष की टिकट देने का कार्य किया था। 1995 में मुझे नगर पालिका अध्यक्ष बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कार्यकर्ता के लिए संगठन सर्वोपरि है। भाजपा द्वारा संगठन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए महिला कार्यकर्ता को संगठन में उचित स्थान दिए जाएंगे जल्द से जल्द कमेटियों का गठन किया जाए।

जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया फिरोजाबाद की पूर्व जिलाध्यक्ष व महिला आयोग की पूर्व सदस्य सुमन चतुर्वेदी को जिला चुनाव अधिकारी एवं जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना व जिला उपाध्यक्ष जय गंगवार को सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि जनपद में सक्रिय सदस्यता फॉर्म के सत्यापन के उपरांत 800 से ऊपर सक्रिय कार्यकर्ताओं की सूची जारी की गई है। जिनको सक्रिय सदस्य बनाया गया है, यह सूची पार्टी मुख्यालय पर चस्पा कर दी गई है। संचालन डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, डॉ0 भूदेव सिंह राजपूत, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, बीके गंगवार, बबीता पाठक, सुनील रावत, फतेहचंद वर्मा, कृष्ण मुरारी राजपूत, ऋषि पाल सिसोदिया, अतुल दीक्षित, जिला मंत्री गुरुवचन आजाद, अभिषेक बाथम, मनोज गंगवार, रामवीर सिंह चौहान, अमरदीप दीक्षित, रश्मि दुबे, चेतन तिवारी, विकास पांडे, राम लखन राजपूत, सर्वेश कुशवाहा, गोपाल राठौर आदि मौजूद रहे।

# पांचाल घाट पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू रक्षा मंच ने किया गोपाष्टमी पर गौमाता का पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को दुर्वासा ऋषि आश्रम पांचाल घाट पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के संरक्षक ईश्वर दास ब्रह्मचारी महाराज के नेतृत्व में गोपाष्टमी पर्व पर गौ पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। आयोजक विपिन अवस्थी ने गोपाष्टमी पर पूजन किया।

ब्रह्मचारी महाराज ने कहा कि गौ माता की सेवा ही सच्ची सेवा है। गायों की स्थिति बहुत खराब है। गौशालाओं में भी वह मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जो वास्तविक तौर पर मिलनी चाहिए। इस पृथ्वी पर सात स्तंभ है, जिनमें से एक गाय माता मुख्य स्तंभ मानी जाती है, गौ सेवा करने वाला व्यक्ति कभी भी परेशान नहीं मिलेगा। साथ ही गौपालन हेतु सभी को प्रेरित किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य विवेकानंद, आलोक भारती, आरबी सिंह, देवेश नारायण अवस्थी, अभिषेक मिश्रा, श्रद्धा दुबे, रेखा सिंह, यशोदा सिंह, स्नेहलता अग्निहोत्री, वंदना पाल, जतिन



गौ पूजन करते ब्रह्मचारी व आचार्य विवेकानंद

नारायण अवस्थी, सत्यम मिश्रा, श्यामप्रताप सिंह, सुमन राजपूत आदि मौजूद रहे।

# माता-पिता की सेवा करने से व्यक्ति कभी दुखी नहीं रहता: अरिमर्दन शास्त्री

**▸ रामचरितमानस को संसार का सबसे पवित्र ग्रंथ: प्रीती रामायणी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के डीपीबीपी कॉलेज में चल रहे 21 वें मानस सम्मेलन में श्रीराम विवाह की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए।

चौथे दिन मानस भूषण अरिमर्दन शास्त्री ने मानस के कई रोचक प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि सनातन धर्म प्रभु राम को तो मानता है उनकी पूजा करते हैं, लेकिन उनकी मानते नहीं है, उनके आदर्शों पर नहीं चलते, माता-पिता की सेवा करने पर व्यक्ति कभी दुखी नहीं रह सकता। मानस की एक एक चौपाई मानव कल्याण के



कथा श्रवण करवाती प्रीती रामायणी

लिए किसी मंत्र से कम नहीं है। अगर इंसान मानस के आदर्श को आत्मसात कर ले तो उसका कल्याण निश्चित है। राजकुमारी मानस माधुरी ने कहा कि मानस का नित्य पूजन करने से सभी कामनाएं पूर्ण होती हैं। सनातन धर्मियों को मानस का पाठ प्रतिदिन श्रद्धा पूर्वक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया चाहे छूट जाए, परंतु प्रभु का नाम नहीं छूटना चाहिए।

प्रीति रामायणी ने श्रीराम कथा की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि सत्य और धर्म का मार्ग कठिन होता है। साधना शर्मा रामायणी ने रामचरितमानस को संसार का सबसे पवित्र ग्रंथ बताते हुए कहां है कि मानस भक्ति श्रद्धा त्याग प्रेम की शिक्षा देती है। उपदेश देना बहुत आसान, परंतु उपदेशों पर चलना उतना ही कठिन होता है। उन्होंने कहा कि सीता जैसी पत्नी सभी को चाहिए पर राम बनना कोई नहीं चाहता। आचार्य सर्वेश कुमार शुक्ला रामायणी ने प्रभु राम के आदर्श पर चलने का आवाह्न करते हुए कहा कि भगवान श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन चरित्र प्रेरणादायक है।

आचार्य अरविंद कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए भगवान का जन्म होता है। आदित्य कुमार त्रिपाठी ने भी श्री राम कथा की अमृत वर्षा करते हुए कई प्रेरणादायक प्रसंग पर चर्चा की। संचालन संत कवि बृजकिशोर सिंह किशोर ने किया। संयोजक भारत सिंह, राजेश निराला, डॉ0 विष्णु दत्त शर्मा, शकुंतला कनौजिया, चंदन सिंह, गगन सिंह, मनोज दीक्षित, रविंद्र भदोरिया, मुकेश सिंह, राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार मण्डल के संजीव मिश्रा बने प्रांतीय उपाध्यक्ष

**▸ सदानंद शुक्ला को मिली जिलाध्यक्ष की कमान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने नगर के व्यापारी सदानंद शुक्ला को जिलाध्यक्ष बनाया है। साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी को प्रदेश कमेटी में उपाध्यक्ष मनोनित किया है।

व्यापार मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष रहे अरुण प्रकाश तिवारी ददुआ के निधन के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष का पद रिक्त था। संजीव मिश्रा बॉबी की ताजपोशी होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाया है। उनके उपाध्यक्ष बनने पर सभी व्यापारियों में खुशी की लहर है और



संजीव मिश्रा बॉबी व सदानंद शुक्ला

संजीव मिश्रा को बधाई दी। सभी को मुकुंद मिश्रा ने कानपुर बुलाया और वहां पर मंत्रणा के बाद जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला को मनोनित किया। जिलाध्यक्ष को लेकर पिछले काफी दिनों से विवाद चल रहा था। संजीव मिश्रा बॉबी द्वारा अपनी कमेटी में बनाये गये। जिला संयुक्त मंत्री प्रमोद गुप्ता प्रमुख रुप से जिलाध्यक्षी के दावेदार थे। उनके क्रियाकलापों के चलते संजीव मिश्रा बॉबी ने व्यापार मण्डल से पदमुक्त करते हुए उनकी छुट्टी कर दी और प्रदेश नेतृत्व से शिकायत की।

इसके बाद प्रमोद गुप्ता अपनी दावेदारी को लेकर बात कहते रहे। सदानंद शुक्ला के जिलाध्यक्ष बनने के बाद विवाद पर विराम लगा। अनिल उर्फ लालू कनौजिया व राजू गौतम को जिला कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। सभी ने प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। सदानंद शुक्ला व्यापार मण्डल से बहुत पहले से जुड़े है और उनकी विभिन्न कार्यक्रमों में अहम भूमिका रही। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर सोनी शुक्ला, राजू गुप्ता, विद्यानंद आर्य, मुकेश गुप्ता ने उन्हें बधाई दी।



## बालिकाओं का जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 20 नवम्बर से 22 नवम्बर तक क्षेत्रीय कार्यालय एकलव्य स्पोर्ट्र्स स्टेडियम आगरा में आयोजित होगी। जिला स्तरीय ट्रायल्स स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में जिला क्रीड़ाधिकारी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कबड्डी एसोसिएशन के जिला सचिव कुलदीप यादव ने समस्त निर्णायकों के साथ जिला स्तरीय चयनित खिलाड़ियों को प्रदेश स्तरीय महिला कबड्डी के लिए सूची तैयार की। जिसमें शिखा, सेजल, प्रिया, चित्रा, काजल, मुस्कान, सुमित्रा, सारिका यादव का चयन हुआ। टीम मैनेजर शिवानी की देखरेख में आठों खिलाड़ी कबड्डी प्रतियोगिता में मण्डल स्तर चयन के लिए 10 नवम्बर को कानपुर में प्रतिभाग करेंगे।

# लोक संस्कृति में लोक जीवन की व्यापकता झलकती है: आलोक शुक्ला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

संस्कृति विभाग द्वारा महाकुंभ पूर्व आयोजन के अंतर्गत प्रान्तीय कला साधक संगम के द्वितीय दिवस में राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय ज्ञान परंपरा में कला एवं संस्कृति का योगदान विषय पर द्वितीय सत्र के साथ संपन्न हुई। मुख्य अतिथि राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व कुलपति प्रो. डॉ. साहित्य कुमार नाहर, विशिष्ट अतिथि बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी तथा अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार वशिष्ठ रहे। डॉ. आलोक बिहारी शुक्ला ने कहा कि लोक संस्कृति में लोक जीवन की व्यापकता झलकती है और




विचार व्यक्त करते असिस्टेंट प्रो. आलोक बिहारी शुक्ला

कला लोक का स्पंदन है। इस तरह के कार्यक्रमों से लोक संस्कृतिक का महत्व बढ़ता है। संचालन डॉ. रजनीश कुमार सिंह रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय चित्रकूट द्वारा किया गया। डॉ. संध्या पाण्डेय ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। अखिलेश पाण्डेय, डॉ. हरिमोहन पुरवार, भूपेंद्र प्रताप सिंह, पद्माकांत शर्मा, प्रभात तुषमुल मिश्रा ने विचार प्रस्तुत किये। डॉ. मिथिलेश तिवारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा से ओतप्रोत लोक कलाओं में जीवन के रंगों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रो. पंडित साहित्य कुमार नाहर ने कहा साधना और संगीत के साथ सभी कलाओं में ज्ञान पिरोया हुआ है जो समाज को गतिमान करता है। अखिलेश पाण्डेय ने शिक्षा को भारतीयता से जोड़े जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

तुषमुल मिश्रा ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आत्मा की पूर्ण रूप से जीवंत करने और दिव्य रूप में अभिव्यक्त करने का मार्ग बताया जो कला और संस्कृति के रूप में प्रकट होता है। विनोद कुमार वशिष्ठ ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कला, संस्कृति ज्ञान और स्त्री को समाज की धुरी बताया।



गौ पूजन करते समिति के लोग

## मां गंगा सेवा समिति ने गौ पूजन कर मनायी गोपाष्टमी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ द्वारा गोपाष्टमी के पर्व पर बरगदीया घाट ठाकुरद्वारा मंदिर के गौशाला में गोपाष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। गायों के हल्दी का तिलक लगाया और फूल माला पहनकर भाव आरती का आयोजन किया गया। गुड और रोटी से भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। गौशाला में सभी ने प्रार्थना की और गौ माता के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। समिति के संयोजक अरविंद वाजपेई ने कार्यक्रम का आयोजन किया। मंदिर के बाबा राकेश मिश्रा ने विधि विधान से पूजा करायी। गोपाष्टमी पर साधु संतों ने पहुंचकर भाग लिया। इस दौरान किशन बाथम, जय ओम, राजेंद्र बाथम, राजीव वर्मा, आशीष मिश्रा, रवि मिश्रा, आलोक चतुर्वेदी, नीतू मिश्रा, हरिओम, श्रीमत कटियार आदि लोग उपस्थित रहे।




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हेमंत सरकार पर जमकर निशान साधते हुए कहा

# झारखंड की भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है

एजेंसी

**हजारीबाग।** केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक अमित शाह ने झारखंड की हेमंत सरकार पर जमकर निशान साधते हुए कहा कि राज्य में जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी की सरकार पूरे देश में सबसे ज्यादा भ्रष्ट सरकार है। कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ पकड़ा गया। उसको गिनने के लिए 27



**आलमगीर के घर से 30 करोड़ पकड़ा गया सीएम कुछ नहीं करते**

मशीनें लाई गई। सारी मशीनें थक गई। आलमगीर आलम के घर से 30 करोड़ पकड़ा गया लेकिन मुख्यमंत्री कुछ नहीं करते। कांग्रेस पार्टी कुछ नहीं करती। इसलिए इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

शाह ने शनिवार को हजारीबाग के अमृत नगर के स्कूल मैदान में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप प्रसाद के पक्ष में विजय संकल्प को संबोधित करते हुए कहा कि आज मैं पूछने आया हूं ये पैसा किसका है। ये पैसा झारखंड के युवाओं का है। आप भाजपा की सरकार बना दो तब देखना, जिन्होंने भी भ्रष्टाचार किया है उसको उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा करेगी। भ्रष्टाचार करने वालों की जगह नरेन्द्र मोदी के शासन में जेल के पीछे है। जिन्होंने गरीब का पैसा अपने घर में डाला है। जिन्होंने युवाओं का पैसा अपने घर में डाला है। शाह ने कहा कि ये कांग्रेस पार्टी ओबीसी विरोधी पार्टी है। जब जब शासन में आया पिछड़ा वर्ग का विरोध करने का काम किया और पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय करने का काम किया।

काका साहेब कालेलकर कमीशन 1950 में बना और 1950 में बनने के बाद इसकी रिपोर्ट गायब हो गई। मंडल कमीशन भी पिछड़ों को आरक्षण देने के लिए बना। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने मंडल कमीशन का विरोध किया। केंद्रीय संस्थानों में ओबीसी को पिछड़ा वर्ग 27 प्रतिशत आरक्षण देने में उन्होंने सालों लगा दिए। वर्ष 2014 में आपने नरेन्द्र मोदी सरकार बनाई। मोदी ने केंद्र की सभी परीक्षाओंमें, और सभी नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। भाजपा की मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग बनाया। आयोग को संवैधानिक दर्जा देने काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया।

**संविधान में धर्म के नाम पर आरक्षण का स्थान नहीं**

शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण और संविधान की बात करती है लेकिन हमारे संविधान में कहीं भी धर्म के नाम पर आरक्षण का स्थान नहीं है। कोई भी धर्म विशेष को कभी आरक्षण नहीं दे सकते। कांग्रेस पार्टी को अभी महाराष्ट्र में कोई उलेमाहों के समूह ने उनको एक ज्ञापन दिया कि 10 प्रतिशत आरक्षण मुस्लमानों को दिया जायेगा। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम इसमें आपकी मदद करेंगे। मैं पूछने आया हूं कि मुस्लमानों को 10 प्रतिशत आरक्षण मिलता है तो कम किसका होगा। ये कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग, दलित, आदिवासी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को देना चाहती है। मैं राहुल गांधी को चेताना चाहता हूं कि आपके मन जो भी षडयंत्र हो, जब तक भाजपा है देश में अल्पसंख्यक को आरक्षण नहीं मिलेगा। पिछड़ा वर्ग, दलित और आदिवासी को आरक्षण बाबा साहेब अंबेडकर ने दिया है। हम इसका अपमान नहीं होने देंगे। शाह ने कहा कि कांग्रेस, झामुमो, राजद की सरकार वोट बैंक के लिए सीमापार से घुसपैठ करवा रही है, जिससे यहां के युवाओं की नौकरी खतरे में है। भाजपा की सरकार बनने के बाद सरहद पार से परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के समर्थन के कारण हो रही घुसपैठ से आदिवासी की डेमोग्राफी बदल रही है। घुसपैठिये यहां की युवतियों से शादी कर रहे हैं और उनकी भूमि हड़प रहे हैं। उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।

# अभिजात वर्ग को राष्ट्रवाद की भावना से प्रेरित होना चाहिए : जगदीप धनखड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शोध और नवाचार को विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए शनिवार को कहा कि भारत सबसे पुराना, सबसे बड़ा तथा सक्रिय लोकतंत्र है, इसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र भी बनना चाहिए।

श्री धनखड़ ने यहां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, शोध और नवाचार के क्षेत्र की ऊंचाई वैश्विक समुदाय के लिए हमारी क्षमता को परिभाषित करेगी। यह हमारी सॉफ्ट डिप्लोमेसी÷ को नयी धार देगी। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से नवाचार और अनुसंधान के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया और कॉर्पोरेट संस्थाओं से पर्याप्त योगदान के माध्यम से इस मिशन का



समर्थन करने का आह्वान किया। उन्होंने देकर कहा, ÷व्यापार, उद्योग, व्यवसाय और वाणिज्य के संघों को वित्तीय योगदान के माध्यम से अनुसंधान और? नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि विकसित राष्ट्र के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अनुसंधान और नवाचार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा कोई वाणिज्य नहीं है। शिक्षा समाज की सेवा है। शिक्षा दायित्व है। सेवा करनी चाहिए। समाज को कुछ देना कर्तव्य है।? समाज को कुछ देने का सबसे अच्छा तरीका शिक्षा में निवेश करना है। उन्होंने कहा, शिक्षा में निवेश मानव संसाधन में निवेश है, वर्तमान में निवेश है, हमारे भविष्य में निवेश है। शिक्षा के माध्यम से ही हम हजारों सदियों के अपने गौरवशाली अतीत को जान पाते हैं। श्री धनखड़ ने कहा,÷ हमारे अभिजात वर्ग के लिए अभिजात वर्ग बनने का समय आ गया है। मैं उनसे अपील करता हूँ - एक योग्य अभिजात वर्ग बनने के लिए आपको राष्ट्रवाद के जोश से प्रेरित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत, सबसे पुराना, सबसे बड़ा और क्रियाशील लोकतंत्र है, जिसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र भी होना चाहिए। एक शक्तिशाली भारत वैश्विक सद्भाव, शांति और खुशी का आश्वासन होगा। उप राष्ट्रपति ने राष्ट्रवाद के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह से अडिग प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

# जान जेलेजनी के प्रशिक्षण समूह में शामिल होंगे नीरज चोपड़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चेक एथलेटिक्स महासंघ (सीएएस) ने शुक्रवार को कहा कि भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा इस सर्दी में ट्रिपल ओलंपिक चैंपियन जान ज़ेलेज़नी के नेतृत्व में एक प्रशिक्षण समूह में शामिल होंगे।

सीएएस ने कहा कि 2021 में टोक्यो में 26 वर्षीय ओलंपिक चैंपियन और इस साल पेरिस के रजत पदक विजेता चोपड़ा ने कई हफ्ते पहले चेक लीजेंड ज़ेलेज़नी से उन्हें कोचिंग देने के लिए कहा था। सीएएस वेबसाइट पर ज़ेलेज़नी ने कहा, ÷इससे मुझे खुशी हुई क्योंकि मैंने कई साल पहले ही उनके करियर की शुरुआत में उन्हें एक महान प्रतिभा के रूप में देखा था। 58 वर्षीय ज़ेलेज़नी, जिन्होंने 1992 में बार्सिलोना में ओलंपिक स्वर्ण,



1996 में अटलांटा और 2000 में सिडनी तथा 1988 में सियोल में रजत पदक जीता था, ने कहा कि वे अगले दो वर्षों तक ही समूह का नेतृत्व करेंगे।

उन्होंने कहा, मैं चोपड़ा के साथ सहयोग शुरू कर रहा हूँ। हम एक-दूसरे को दूर से ही जान रहे हैं, हम दक्षिण अफ्रीका में पारंपरिक शीतकालीन शिविर में ही व्यक्तिगत रूप से शुरुआत करेंगे। हालांकि चोपड़ा के आने से टोक्यो रजत पदक विजेता चेक गणराज्य के जैकब वडलेज खुश नहीं हैं। सीएएस ने कहा कि उन्होंने लगभग 14 वर्षों के बाद समूह छोड़ने का फैसला किया है।

# महाविकास आघाड़ी का मतलब वोट के लिए झूठ : स्मृति

एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने शनिवार को मुंबई में कहा कि महाविकास आघाड़ी का मतलब ही वोट के लिए, सत्ता मिलने पर लूट है। स्मृति ईरानी ने कहा कि इन लोगों का लक्ष्य देश और जनता का बटवारा है। जबकि भाजपा नीत एनडीए गठबंधन विकास के लिए काम कर रहा है। स्मृति ईरानी ने महाराष्ट्र के विकास के लिए एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों को जीताने की अपील की।

स्मृति ईरानी मुंबई में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई साल में केंद्र में मोदी सरकार और राज्य में महागठबंधन सरकार के कारण महाराष्ट्र विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचा है। भारतीय जनता पार्टी का लक्ष्य समाज के सभी वर्गों का विकास और महिलाओं का सम्मान है। उसी के अनुरूप विकास कार्य तेजी से चल रहे



हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान दूसरे राज्यों से कांग्रेस नेता महाराष्ट्र में झूठ फैलाने आए हैं। कर्नाटक में दिवालियापन की मौजूदा स्थिति को देखते हुए यह साबित हो गया है कि चुनाव के दौरान कांग्रेस द्वारा किए गए झूठे वादों से राज्य का खजाना डूब गया है। राज्य के खजाने से लगभग दस हजार करोड़ की धनराशि अपने राजनीतिक फायदे के लिए अन्यत्र भेज दी गई है। राजस्थान में जनता को लुभाने के लिए कांग्रेस ने बेरोजगारों को भत्ता देने का ऐलान किया था, लेकिन वहां बेरोजगारों को न तो रोजगार मिला और न ही भत्ता। इसलिए पिछले विधानसभा चुनाव में युवाओं का जोश और जनता का गुस्सा देखने को मिला और भाजपा को दोबारा जनता की सेवा करने का मौका। हरियाणा चुनाव में वहां की जनता ने अच्छा जवाब दिया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के लिए प्रचार करने आए लोगों ने हिमाचल की जनता से बिजली बिल कम करने का वादा किया था। वास्तविकता में, बिल वहाँ बढ़ गए हैं। उन्होंने हर महिला को 1500 रुपये प्रति माह देने का भी वादा किया था, लेकिन असल में उन्होंने 96 फीसदी महिलाओं को इससे वंचित रखा। स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी सरकार ने सभी के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं और समावेशी एवं व्यापक विकास के लिए ईमानदार प्रयास किये हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता उन विरोधियों को उनकी जगह दिखाएंगे जो जातियों को बांटते हैं और जिनकी नीति सिर्फ वोट चाहने की है, विकास की नहीं।

**भाजपा ने ही पिछड़ों का आरक्षण घटाया : कल्पना सोरेन**

**हजारीबाग।** बड़कागांव में कांग्रेस की प्रत्याशी अम्बा प्रसाद के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा में शनिवार को गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर निशाना साधा। कल्पना सोरेन ने कहा कुछ दिन पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां आए थे। बुलडोजर पर सवार होकर वो क्या बताना चाहते हैं। क्या यह बताना चाह रहे थे कि बड़कागांव के स्थानीय लोगों के घरों पर बुलडोजर चलेगा। नहीं योगी जी यह यूपी नहीं झारखंड है, यहां बुलडोजर नहीं, यहां महागठबंधन की विकास की गाड़ी चलेगी। बड़े-बड़े नेता यहां आते हैं लेकिन वे बुनियादी जरूरतों की बात नहीं करते हैं, करते हैं तो सिर्फ़ आपसी मतभेद की बातें। कल्पना ने भाजपा के जरिये पिछड़ों का आरक्षण कम करने को लेकर कहा कि जब झारखंड राज्य बना उस समय भाजपा के ही लोगों ने पिछड़ों के आरक्षण को 27 प्रतिशत से घटाकर कर 14 प्रतिशत कर दिया। जब हमने विधानसभा से पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के बिल को पारित कराया तो इनको बोलने की हिम्मत नहीं थी। ये लोग सिर्फ़ पार्टी की बात करते हैं, जनमानस की नहीं।

## खबरें एक नजर में

**27 हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का निर्णय असंवैधानिक**

**मीरजापुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित पत्रक जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदेश भर में 27 हजार परिषदीय स्कूलों को बंद करने के निर्णय का विरोध जताया। जिलाध्यक्ष प्रो. बी सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, दलित, पिछड़ा, सामान्य वर्ग के बच्चों से शिक्षा का अधिकार भी छीन लेना चाहती है। प्रदेश भर में 27 हजार प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने का निर्णय सरकार के नियत और नीति को दर्शाता है। पार्टी सरकार की निर्णय के खिलाफ लगातार आंदोलन करेगी। काशी प्रांत के प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी भदोही सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा जैसी बुनियादी विषय पर भी पूंजीपतियों के इशारे पर सरकारी विद्यालयों को बंद कर शिक्षा के निजीकरण पर उतारू है। पार्टी मुद्दे को लेकर सड़क से संसद तक आंदोलन करेगी। पत्रक देने वालों में सुरेश सिंह, दिलीप सिंह गहरवार, सत्यम त्रिपाठी, सीमा खान, रविंद्र श्रीवास्तव व रमेश गुप्ता ने विचार व्यक्त किया। मोहन कुमार केसरी, संतोष सोनी, मनीष सिंह, सायला परवीन व पद्मिनी गुप्ता आदि रहे।

**ईडी ने ठग किरण पटेल के खिलाफ दर्ज की शिकायत**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत एक विशेष अदालत में गुजरात के कथित ठग किरण पटेल के खिलाफ अभियोजन शिकायत दर्ज की है। न्यायालय ने पीसी का संज्ञान लेते हुए पेश होने का नोटिस जारी किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जारी एक बयान में कहा कि ईडी ने पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 28 अक?टूबर, 2024 को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), श्रीनगर के समक्ष किरण पटेल पुत्र जगदीश भाई पटेल निवासी अहमदाबाद, गुजरात के खिलाफ अभियोजन शिकायत (पीसी) दायर की है। एजेंसी के मुताबिक अदालत ने अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आरोपित को 27 नवंबर को पेश होने का नोटिस जारी किया है। उल?लेखनीय है कि पिछले साल 29 अगस्त को एक स्थानीय अदालत ने अहमदाबाद निवासी किरण पटेल को जमानत दी थी, जिन्हें मार्च में प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में कथित तौर पर शीर्ष अधिकारी के रूप में पेश होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

**रायगढ़ जिले में निजी बस-ट्रक की भीषण टक्कर में, 18 यात्री घायल**

**मुंबई।** रायगढ़ जिले में स्थित खोपोली में मुंबई-पुणे हाइवे पर शनिवार को एक निजी बस और ट्रक की टक्कर में 18 यात्री घायल हो गए। इनमें से 8 यात्रियों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सभी घायलों का कामोठे के एमजीएम अस्पताल में इलाज जारी है। मामले की गहन छानबीन खोपोली पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार मुंबई-पुणे हाइवे पर खोपोली में बोरघाट के पास एक ट्रक खड़ा था। इसी दौरान बालूमामा कंपनी की निजी बस के चालक का अचानक नियंत्रण बिगड़ गया और चालक ने पहले से खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। निजी बस में कुल 38 यात्री सवार थे। इनमें से 18 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। इनमें से 8 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल यात्रियों में मनीषा भोसले, सुनीता तराल, बालाजी सूर्यवंशी, संकेत घरे, अभिजीत डिंडे, सरिता शिंदे, संदीप मोगे और सोनाक्षी कांबले शामिल हैं। इन सभी का इलाज जारी है।

**सीओपी -29 के लिए डॉ. चिन्मय पंड्या नामित**

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी- सीओपी 29) में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति और अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रतिनिधि डॉ. चिन्मय पंड्या को नामित किया गया है। यह सम्मेलन 11 और 12 नवंबर को अज़रबैजान की राजधानी बाकू में आयोजित होगा। इसमें जलवायु परिवर्तन से संबंधित विशेषज्ञ, कार्यकर्ता, उद्योग और सरकार प्रतिनिधि तथा अन्य संबद्ध पक्ष हिस्सा लेंगे। देव संस्कृति विश्वविद्यालय ने शनिवार को यहां बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में उत्तराखंड स्थित हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति और अखिल विश्व गायत्री परिवार के डा पंड्या प्रतिनिधि के तौर पर नामित किए गए हैं। इस सम्मेलन में पार्टियों के सम्मेलन (सीओपी 29) का 29वां सत्र, क्योटो प्रोटोकॉल के पार्टियों की बैठक (सीएमपी 19) के रूप में कार्य करने वाली सीओपी की19वीं बैठक और पेरिस समझौते के पक्षों की बैठक (सीएमए 6) के रूप में कार्य करने वाली सीओपी की छठी बैठक शामिल होगी। यह अन्य मामलों के अलावा पारदर्शी ढांचे और वित्त पर नए सामूहिक लक्ष्य को पूरा करने के पर भी चर्चा करेगी। वैज्ञानिक और तकनीकी सलाह के लिए सहायक निकाय (एसबीएसटीए 61) और कार्यान्वयन के लिए सहायक निकाय (एसबीआई 61) के 61वें सत्र आयोजित होंगे।

**क्वेटा रेलवे स्टेशन विस्फोट में मृतकों की संख्या हुई 24**

**क्वेटा।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए आत्मघाती विस्फोट में मृतकों की संख्या 24 तक पहुंच गयी है और अन्य 46 घायल हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकवादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह घटना बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में एक बालिका विद्यालय और अस्पताल के पास हुए बम विस्फोट के एक सप्ताह बाद हुई है जिसमें पांच बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में विशेष रूप से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों में पिछले साल आतंकवाद से संबंधित घटनाओं में तेज वृद्धि देखी गई है। क्वेटा प्रभाग के आयुक्त हमजा शफकत ने मरने वालों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि यह घटना एक आत्मघाती विस्फोट है। उन्होंने कहा कि प्रशासन रेल सेवाओं को रद्द करने के लिए रेलवे अधिकारियों को पत्र लिख रहा है।

# पहले टी-20 मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 61 रन से दी शिकस्त

एजेंसी

**डरबन।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले चार मैचों के टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में आज भारत ने जीत दर्ज की है। डरबन में खेले गए मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 61 रन से मात दी है। मैच के हीरो संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 47 गेंदों में शतक जड़ा।

भारत की ओर से मिले 203 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान एडन मारक्रम सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद ट्रीस्टन स्टब्स ने 11 रन, रयान रिकल्टन ने 21 रन, हेनरिक क्लासेन ने 25 रन, डेविड मिलर ने 18 रन और आखिर में मार्को यानसेन ने 12 रन बनाए। मेहमान टीम 17.5 ओवर में 141 रन पर ही सिमट गई। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई को तीन-तीन सफलता मिली। जबकि आवेश खान ने दो और



अर्शदीप सिंह ने एक विकेट चटकाए। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम इंडिया के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने शानदार शतक लगाया। सैमसन ने 50 गेंदों में सात चौकों और दस छक्कों की मदद से 107 रन की पारी खेली। इसके अलावा, तिलक वर्मा ने 33 रन और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 21 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोट्जे ने सबसे अधिक तीन विकेट चटकाए। जबकि मार्को यानसन, केशव महाराज, पैट्रीक क्रूगर और एनकबायोम्जी पीटर को एक-एक सफलता मिली।

# जैव विविधता के संरक्षण का मंच बनेगा महाकुंभ

**कुम्भ की आस्था, प्रकृति संरक्षण व जलवायु परिवर्तन की थीम पर होगा मंथन**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** भारतीय संस्कृति में धर्म और प्रकृति के बीच पूरकता का सम्बंध है। प्राकृतिक उपादानों को धार्मिक प्रतीकों के साथ जोड़कर प्रकृति संरक्षण का जो संकल्प हमारी धार्मिक परम्पराओं और विश्वास में निहित है, उसे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार और समृद्ध कर रही है। सरकार की इस सोच को धरातल में उतारने के लिए महाकुम्भ में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

भारतीय संस्कृति की पहचान प्रकृति संरक्षण की संस्कृति के रूप में भी की जाती है। इस संस्कृति में पेड़-पौधों, नदी-पर्वत, ग्रह-नक्षत्र, अग्नि-वायु सहित प्रकृति के विभिन्न रूपों को धार्मिक प्रतीकों और मानवीय रिश्तों से जोड़कर प्रकृति के संतुलन का जो



संदेश छिपा है, उसमें पवित्र नदियों के किनारे महाकुम्भ जैसे विशाल धार्मिक समागम भी शामिल हैं। इसी संदेश को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार महाकुम्भ में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन कर रही है। प्रभागीय वनाधिकारी प्रयागराज अरविंद कुमार बताते हैं कि प्रयागराज महाकुम्भ में 1-2 फरवरी को बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाना है। इसका प्रस्ताव शासन के पास भेजा जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति युवाओं में जागरूकता पैदा करना है। महाकुम्भ में इसका आयोजन सुनिश्चित किया गया है। वैसे प्रयागराज पक्षियों की प्रजाति को देखते हुए एक समृद्ध जनपद कहा जाता है। जहां विभिन्न पक्षियों की 90 प्रजातियां मौजूद हैं। जिले के कई वेटलैंड इसके लिए आश्रय प्रदान करते हैं। इस बार के बर्ड फेस्टिवल की थीम 'कुम्भ की आस्था, प्रकृति संरक्षण और जलवायु' रखी गई है। डीएफओ प्रयागराज के मुताबिक इस दो दिवसीय कॉन्क्लेव में बर्ड फेस्टिवल के साथ तय की गई थीम पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विषय विशेषज्ञों के साथ परिचर्चा का आयोजन भी किया जायेगा।

**इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा**

इसके अलावा इसके आयोजन से प्रकृति आधारित इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन में उत्तर प्रदेश के जैव विविधता से भरपूर वन्यजीव रिजर्व और अभयारण्यों की जानकारी साझा होगी। वन विभाग यूपी पर्यटन के साथ मिलकर राज्य के जंगल, ऐतिहासिक स्थल और प्राकृतिक सुंदरता के समृद्ध भंडार में खूबसूरत सर्किट बनाने की कार्य योजना में भी मदद मिलेगी।

# हॉकी इंडिया लीग को पुनर्जीवित करने का वर्ष विशेष

एजेंसी

**मस्कट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शुक्रवार को मस्कट, ओमान में एक शानदार समारोह में भारतीय हॉकी प्रशंसकों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन्हें क्रमशः एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड और एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड जीतने के लिए वोट दिया।

दोनों ने कहा कि 2024 एक विशेष वर्ष है क्योंकि हॉकी इंडिया लीग को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जो उनका मानना है कि 2028 एलए ओलंपिक में पदक का रंग बदलने के उनके प्रयास में सही दिशा है। हरमनप्रीत सिंह ने कहा, मुझे सच में लगता है कि यह भारतीय हॉकी के लिए आने वाली कई अच्छी चीजों की शुरुआत है। हम सभी हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत का इंतजार कर रहे थे और मेरा मानना है कि हमारे ओलंपिक प्रदर्शन ने पेरिस में इस बड़ी जीत के बाद कई हितधारकों की दिलचस्पी दिखाने के साथ पहल को आगे बढ़ाया। हम एफआईच स्टार





अवार्ड्स में हमारा समर्थन करने और हॉकी इंडिया लीग को पुनर्जीवित करने के उनके प्रयासों के लिए हॉकी इंडिया के आभारी हैं।

आधुनिक हॉकी में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकर माने जाने वाले हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक खेलों में अपनी टीम के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां उन्होंने टीम को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाया था, जिससे देश ने 52 वर्षों में पहली बार लगातार दो ओलंपिक पदक जीते थे। उन्होंने ओलंपिक खेलों में 10 गोल किए। उन्होंने कहा, ओलंपिक पदक और उसके बाद घर पर जश्न मनाने के साथ यह वास्तव में एक यादगार वर्ष रहा है। मैं अपनी पत्नी और बेटी के सामने यह पुरस्कार पाकर बहुत खुश हूं, जो एफआईएच स्टार अवार्ड्स में समारोह में शामिल होने के लिए मस्कट आई थीं। यह उन कट्टर भारतीय हॉकी प्रशंसकों के समर्थन के बिना संभव नहीं हो सकता था, जिन्होंने मैदान पर हमारे सबसे अच्छे और बुरे दिनों में हमारा साथ दिया है। हरमनप्रीत ने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में दो मौकों पर एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। उन्हें कुल 63.84 प्रतिशत वोट मिले, जिसमें प्रशंसकों से 13.57 प्रतिशत, मीडिया से 15 प्रतिशत, विशेषज्ञ पैनल से 40 प्रतिशत और राष्ट्रीय संघ से 15.27 प्रतिशत वोट शामिल थे। यह नीदरलैंड के जूप डी मोल को मिले 16.10 प्रतिशत से कहीं ज़्यादा था। इस बीच, पेरिस ओलंपिक खेलों में अपने संन्यास की घोषणा करने वाले पीआर श्रीजेश ने 2024-25 में एफआईएच गोलकीपर ऑफ द ईयर अवार्ड जीता, जिससे यह उनकी हैट्रिक बन गई। पेरिस में जीता गया ऐतिहासिक कांस्य पदक उनके साथियों द्वारा विधिवत उन्हें समर्पित किया गया।

उन्होंने इससे पहले 2020-21 और 2021-22 में यह पुरस्कार जीता था। श्रीजेश ने उच्चतम स्तर पर हॉकी को अलविदा कहा, एक अविश्वसनीय ओलंपिक अभियान को एक साथ रखा, जिसमें ग्रेट ब्रिटेन पर भारत की क्वार्टर फाइनल जीत में एक विशाल प्रदर्शन शामिल था, जहां उन्होंने अधिकांश मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेला था। श्रीजेश को प्रिमरिन ब्लाक के मुकाबले कुल 62.22 प्रतिशत वोट मिले, उन्होंने कहा, यह मेरे लिए एक सपने जैसा साल रहा है। मैं ओलंपिक के बाद प्राप्त प्रशंसाओं से बेहतर विदाई उपहार नहीं मांग सकता था और यह सबसे विशेष पुरस्कारों में से एक है, क्योंकि इसे विभिन्न शैलियों से वोट के आधार पर प्रदान किया गया है।

**क्वेटा रेलवे स्टेशन पर बम धमाका, 16 की मौत**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह जोरदार बम धमाके में 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और रेस्क्यू टीम घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया है। हादसे की जांच की जा रही है। डॉन न्यूज के अनुसार, विस्फोट के समय एक ट्रेन प्लेटफॉर्म से पेशावर के लिए प्रस्थान करने के लिए तैयार थी। रिपोर्ट में क्वेटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहम्मद बलूच के हवाले से बताया गया है कि धमाके में 16 लोगों की मौत हुई है और 30 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने कहा कि शुरुआती तौर पर यह घटना आत्मघाती बम धमाके की लगती है लेकिन निश्चित तौर पर अभी कुछ कहना जल्दीबाजी होगी। पूरे मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है। धमाके के समय स्टेशन पर यात्रियों की काफी भीड़ थी। जाफर एक्सप्रेस स्टेशन से जिस समय रवाना हो रही थी।

# रेलवे ने लाखों शिकायतों का किया समाधान

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने 2 अक्टूबर 2024 को शुरू की गई एक महीने की पहल, विशेष अभियान 4.0 को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। हाल ही में संपन्न हुए इस अभियान को स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा देने, संगठनात्मक दक्षता में सुधार करने और भारतीय रेलवे में कर्मचारियों व जनता को उद्देश्यपूर्ण तरीके से जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया था। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नेतृत्व में और रेलवे बोर्ड के सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय निगरानी में चलाए गए इस अभियान में सभी स्तरों पर रेलवे कर्मचारियों की व्यापक भागीदारी रही, जिससे यह एक शानदार सफलता बन गई।

भारतीय रेलवे में कुल 56,168 स्वच्छता अभियान चलाए गए, जिनमें कार्यस्थल की स्वच्छता और रेलवे स्टेशनों की सफाई पर ध्यान केंद्रित किया गया। स्क्रैप निपटान पर विशेष जोर दिया गया, जिससे 12.15 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई और 452.40 करोड़ रुपये का राजस्व



अर्जित हुआ। इस अभियान से विभिन्न विभागों में लंबित मामलों के समाधान में उल्लेखनीय प्रगति हुई। सांसदों के 1065 संदर्भों का पूर्णतः समाधान किया गया। राज्य सरकार के 138 संदर्भों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया। पीएमओ के 69 संदर्भों में से 65 का निपटारा किया गया। 139 संसदीय आश्वासनों में से 55 पूरे किए गए। 2.5 लाख लोक शिकायतों का समाधान किया गया। 1427 लोक शिकायत अपीलों का समाधान किया गया।

उपयुक्त अभिलेखन और छंटाई के लिए 1.6 लाख से अधिक फाइलों की समीक्षा की गई, जिसके परिणामस्वरूप अभिलेख प्रबंधन को सुव्यवस्थित करने के लिए 89,000 से अधिक पुरानी फाइलों को हटाया गया। नई दिल्ली, जयपुर, चेन्नई, नागपुर, कोटा, जोधपुर, लखनऊ, पुणे, भोपाल, कोलकाता सहित अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर विशेष रेल चौपालों का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने, जन सहभागिता में सुधार लाने, शिकायतों का समाधान करने और पर्यावरणीय स्थिरता प्रयासों के तहत एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक में कमी को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

इस अभियान को सोशल मीडिया पर 3713 ट्वीट और अनेक बार रीपोस्ट के साथ महत्वपूर्ण समर्थन मिला, जिससे स्वच्छता आंदोलन में व्यापक जनरुचि और भागीदारी देखने को मिली। विशेष अभियान 4.0 ने न केवल स्वच्छता और दक्षता में उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं, बल्कि भारतीय रेलवे में कार्यस्थल संस्कृति को नया रूप देने में भी मदद की है। स्वच्छता को एक नियमित आदत के रूप में संस्थागत बनाकर, रेल मंत्रालय ने स्वच्छ और संगठित कामकाजी माहौल के महत्व पर जोर दिया है तथा संदर्भों के शीघ्र निपटान व स्वच्छता को एक नियमित आदत बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।